41वाँ 41st

राष्ट्रीय फ़िल्म National

समारोह Film Festival

1994

संपादन
जेयम
(सुमेघा अग्रवाल तथा
के. गोपालाकृष्णन)

Editor
JAYEM
(Sumegha Aggarwal and
K. Gopalakrishnan)

हिन्दी आलेख
सुरेंद्र लाल मल्होत्रा

Hindi Text
S.L. MALHOTRA

समन्वय
अजीत गुप्ता

Co-ordination
AJIT GUPTA

उत्पादन
जी.पी. धुसिया
मनोज रंजन
ए.के. सिन्हा

Production
G.P. DHUSIA
(Manoj Ranjan
A.K. Sinha)

फ़िल्म समारोह निदेशालय के लिए विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आकल्पित और प्रकाशित।
मुद्रक: वीरेन्द्र प्रिंटर्स, करोल बाग, नई दिल्ली 110008

Designed and produced by the Directorate of Advertising & Visual Publicity, Ministry of Information & Broadcasting, Government of India, for the Directorate of Film Festivals, Printed at Veerendra Printers, Karol Bagh, New Delhi 110005

विषय सूची

CONTENTS

	Page No.	
निर्णायक मण्डल	7	THE JURIES
कथाचित्र पुरस्कार	11	AWARDS FOR FEATURE FILMS
सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार	12	Best Feature Film
निर्देशक के प्रथम सर्वोत्तम कथाचित्र के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार	14	Indira Gandhi Award for Best First Film of a Director
लोकप्रिय एवम् मनोरंजन प्रदान करने वाले सर्वोत्तम कथाचित्र का पुरस्कार	18	Best Popular Film Providing Wholesome Entertainment
राष्ट्रीय एकता पर सर्वोत्तम कथाचित्र का नर्गिस दत्त पुरस्कार	22	Nargis Dutt Award for Best Feature Film on National Integration
परिवार कल्याण पर सर्वोत्तम फ़िल्म	24	Best Film on Family Welfare
अन्य सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फ़िल्म	26	Best Film on Other Social Issues
पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण पर सर्वोत्तम फ़िल्म	28	Best Film on Environment/Conservation/Preservation
सर्वोत्तम बाल फ़िल्म	30	Best Children's Film
सर्वोत्तम निर्देशक	32	Best Director
सर्वोत्तम अभिनेता	34	Best Actor
सर्वोत्तम अभिनेत्री	36	Best Actress
सर्वोत्तम सह-अभिनेता	38	Best Supporting Actor
सर्वोत्तम सह-अभिनेत्री	40	Best Supporting Actress
सर्वोत्तम बाल-कलाकार	42	Best Child Artiste
सर्वोत्तम पार्श्व गायक	44	Best Male Playback Singer
सर्वोत्तम पार्श्व गायिका	46	Best Female Playback Singer
सर्वोत्तम छायांकन	48	Best Cinematography
सर्वोत्तम पटकथा	50	Best Screenplay
सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन	52	Best Audiography
सर्वोत्तम संपादन	54	Best Editing
सर्वोत्तम कला निर्देशन	56	Best Art Direction
सर्वोत्तम वेश-भूषा डिज़ाइनर	58	Best Costume Designer
सर्वोत्तम संगीत निर्देशन	60	Best Music Direction
सर्वोत्तम गीत	62	Best Lyrics
सर्वोत्तम निर्णायक मण्डल पुरस्कार	64	Special Jury Award
सर्वोत्तम विशेष प्रभाव पुरस्कार	66	Best Special Effects Creator
सर्वोत्तम नृत्य संयोजन	68	Best Choreography

सर्वोत्तम असमिया कथाचित्र	70	Best Feature Film in Assamese
सर्वोत्तम बंगला कथाचित्र	72	Best Feature Film in Bengali
सर्वोत्तम गुजराती कथाचित्र	74	Best Feature Film in Gujarati
सर्वोत्तम हिंदी कथाचित्र	76	Best Feature Film in Hindi
सर्वोत्तम कन्नड़ कथाचित्र	78	Best Feature Film in Kannada
सर्वोत्तम मलयालम कथाचित्र	80	Best Feature Film in Malayalam
सर्वोत्तम मणिपुरी कथाचित्र	84	Best Feature Film in Manipuri
सर्वोत्तम मराठी कथाचित्र	86	Best Feature Film in Marathi
सर्वोत्तम उड़िया कथाचित्र	88	Best Feature Film in Oriya
सर्वोत्तम पंजाबी कथाचित्र	90	Best Feature Film in Panjabi
सर्वोत्तम तमिल कथाचित्र	92	Best Feature Film in Tamil
सर्वोत्तम तेलुगु कथाचित्र	94	Best Feature Film in Telugu
सर्वोत्तम उर्दू कथाचित्र	96	Best Feature Film in Urdu
सर्वोत्तम कोडवा कथाचित्र	98	Best Feature Film in Kodava
सर्वोत्तम तुलु कथाचित्र	100	Best Feature Film in Tulu
विशेष उल्लेख	102	**Special Mention**
गैर कथाचित्र पुरस्कार	105	**AWARDS FOR NON-FEATURE FILMS**
सर्वोत्तम गैर कथाचित्र पुरस्कार	106	Best Non-Feature Film
निर्देशक का सर्वोत्तम प्रथम गैर कथाचित्र	108	Best First Non-Feature Film of a Director
सर्वोत्तम मानव शास्त्रीय, मानव जातीय फ़िल्म	110	Best Anthropological/ Etnnographic Film
सर्वोत्तम जीवनी फ़िल्म	112	Best Biographical Film
सर्वोत्तम कला/सांस्कृतिक फ़िल्म	114	Best Arts/ Cultural Film
सर्वोत्तम पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण फ़िल्म	116	Best Environmental/Conservation/Preservation Film
सर्वोत्तम प्रोत्साहन देने वाली फ़िल्म	118	Best Promotional Film
सर्वोत्तम कृषि फ़िल्म	120	Best Agricultural Film
समाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फ़िल्म	122	Best Film on Social Issues
सर्वोत्तम शैक्षिक/प्रेरक/शिक्षाप्रद फ़िल्म	124	Best Educational/Motivational/Instructional Film
सर्वोत्तम गवेषण/साहसी फ़िल्म	126	Best Exploration/Adventure Film
सर्वोत्तम खोजी फिल्म	128	Best Investigative Film
सर्वोत्तम एनिमेशन फ़िल्म	130	Best Animation Film
विशेष निर्णायक मण्डल पुरस्कार	132	Special Jury Award
सर्वोत्तम लघु कल्पित फ़िल्म	134	Best Short Fiction Film
सर्वोत्तम परिवार नियोजन फ़िल्म	136	Best Film on Family Welfare

सर्वोत्तम छायांकन	138	Best Cinematography
सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन	140	Best Audiography
सर्वोत्तम सम्पादक	142	Best Editor
सर्वोत्तम संगीत निर्देशक	144	Best Music Director
पुरस्कार जो नहीं दिए गए	146	Awards Not Given
सिनेमा-लेखन पुरस्कार	147	**AWARDS FOR WRITING ON CINEMA**
सर्वोत्तम सिनेमा पुस्तक (1993)	148	Best Book on Cinema (1993)
सर्वोत्तम फ़िल्म समीक्षक (1993)	150	Best Film Critic (1993)
कथासार : कथाचित्र	153	**SYNOPSES: FEATURE FILM**
अबर्तन	154	Abartan
आकाश दूतु	156	Akasha Dhootu
अंतरीन	158	Antareen
अरण्य रोदन	160	Aranya Rodana
बंगार पाटलर	161	Bangar Patlar
चराचर	163	Charachar
चिन्नरी मुथा	165	Chinnari Mutha
डर	167	Darr
देवरा काडु	169	Devara Kadu
हम हैं राही प्यार के	171	Hum Hain Rahi Pyar Ke
इन्द्रधनुराछाई	173	Indiradhanura Chhai
जननी	175	Janani
कचहरी	177	Kachehari
लपन्डाव	179	Lapandav
लावण्य प्रीति	181	Lavanya Preeti
महानदी	183	Mahanadhi
मंदरा पू	185	Mandhara Phu
मणिचित्राताड़	187	Manichitrathazhu
मानवीनी भवाई	189	Manvini Bhavai
मातृदेवोभव:	190	Mathrudevo Bhava
मिस्टर पेल्लम	192	Mr. Pellam

मुहाफ़िज	194	Muhafiz
नारायम्	196	Narayam
पतंग	198	Patang
पोंदन माड़ा	200	Ponthan Mada
संबल वांगमा	201	Sambal Wangma
सरदार	203	Sardar
सर	205	Sir
सोप्पनम्	207	Soopnam
शून्य थेके शुरू	209	Sunya Theke Suru
तिरूडा-तिरूडा	211	Thiruda Thiruda
उत्तरण	213	Uttoran
विधेयन	215	Vidheyan
वो छोकरी	217	Woh Chhokri

कथासार : गैर-कथाचित्र	219	**SYOPSES : NON-FEATURE FILMS**
एड्स	221	AIDS
अनुकंपन	222	Anukampan
बाजार सीताराम	223	Bazar Sitaram
बेनेफिट फार हूम एट हूज कास्ट?	224	Benefit For Whom At Whose Cost?
बिल्डिंग फ्राम बिलो	225	Building From Below
चेतक	226	Chetak
कलर्स आफ एब्सेंस	227	Colours of Absence
डेथ आफ ए प्रोडिगल सन	228	Death of A Prodigal Son
लद्दाख : लाइफ अलांग द इण्डस	229	Ladhakh : Life Along the Indus
मैहर राग	230	Maihar Raag
मोक्ष	231	Moksha
आर्किड्स आफ मणिपुर	232	Orchids of Manipur
सन्डे	233	Sunday
तावीज़	234	Taveez
द स्पलेंड्योर आफ गढ़वाल एण्ड रूपकुंड	235	The Splendour of Garhwal and Roopkund
द विमेन बिट्रेड	236	The Women Betrayed
टाईमलेस इंडिया	237	Timeless India
ट्रेजडी आफ एन इंडियन फार्मर	238	Tragedy of an Indian Farmer

कथाचित्र निर्णायक मण्डल

JURY FOR FEATURE FILMS

डॉ. टी. सुब्बारामी रेड्डी (अध्यक्ष)
Dr. T. Subbarami Reddy
(Chairman)

श्री गौतम बोरा
Gautam Bora

माधवी चक्रवर्ती
Madhabi Chakraborti

सलिल चौधरी
Salil Chowdhury

प्रो. बिदुभूषण दास
Prof. Bidhubhusan Das

हरिहरन
Hariharan

सीताकांत मिश्र
Sitakant Misra

नचिकेत पटवर्धन
Nachiket Patwardhan

जे.एल. रलहन
J.L. Ralhan

बी. नरसिंह राव
B. Narsing Rao

आर.सी. शक्ति
R.C. Sakthi

वलमपुरी सोमनाथन
Valampuri Somanathan

डा. विजया
Dr. Vijaya

गैर-कथाचित्र निर्णायक मण्डल

JURY FOR NON-FEATURE FILMS

के. बिक्रम सिंह (अध्यक्ष)
K. Bikram Singh
(Chairman)

गुलज़ार
Gulzar

परेश मेहता
Paresh Mehta

के.आर. मोहनन
K.R. Mohanan

तनुश्री शंकर
Tanushree Shankar

सिनेमा लेखन निर्णायक मण्डल

JURY FOR WRITING ON CINEMA

ख़ालिद मोहम्मद (अध्यक्ष)
Khalid Mohamed
(Chairman)

उदय तारा नायर
Udaya Tara Nayar

उमा वासुदेव
Uma Vasudev

कथाचित्र पुरस्कार

Awards for Feature Films

सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार

चराचर (बंगला)

निर्माता : **मैसर्ज गोप मूवीज़ प्रा. लि.** को स्वर्ण कमल तथा 50,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **बुद्धदेब दासगुप्ता** को स्वर्ण कमल तथा 25,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कथाचित्र का 1993 का पुरस्कार बंगला फ़िल्म **चराचर** को मुक्ति प्राप्त करने के लिए शाश्वत् मानवीय इच्छाओं और मनुष्य के प्रकृति से अलगाव के कवितामय तथा गीतिमय प्रस्तुतीकरण करने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM

CHARACHAR (Bengali)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 50,000 to the producer: **M/S GOPE MOVIES PVT. LTD.**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 25,000 to the Director: **BUDDHADEB DASGUPTA**

Citation

The Award for the Best Feature Film of 1993 is given to the Bengali film **CHARACHAR** for its poetic and typical presentation of the eternal human longing for liberation and man's alienation from Nature.

बुद्धदेब दास गुप्ता : 1944 में जन्मे बुद्धदेब दास गुप्ता ने अर्थशास्त्र को अपनी मुख्य विधा के रूप में चुना। वे कलकत्ता विश्वविद्यालय में इसी विषय पर लेक्चरर रहे हैं। साथ-साथ वे मध्य पीढ़ी के मुख्य कवि के रूप में भी उभरे। उनकी कविताएं पत्र-पत्रिकाओं, संग्रहों और पुस्तकों के रूप में प्रकाशित हैं। उन्हें भारतीय तथा यूरोपीय भाषाओं में अनूदित किया गया है।

इसके पश्चात बुद्धदेब गुप्ता ने अपने सृजनात्मक कार्य का विस्तार कविता से फिल्मी विधा में किया। अपनी तीन फ़िल्मों-"दुरात्वा","गृहयुद्ध" और "अंधीगली" तक वे विश्व-स्तर पर विख्यात हो गए। उनकी "फेरा", "बाघ बहादुर" और "तहादेर कथा" और "चराचर" से उनमें निर्देशक के ऐसे गुण का पता चलता है जो मनुष्य की अन्तर कमियों की खोज करने में अपने कैमरे का बखूबी इस्तेमाल करते हैं।

BUDDHADEB DASGUPTA: Born in 1944, Buddhadeb Dasgupta took to economics as his main discipline. He had been a lecturer at the Calcutta University on the same subject. Side by side, he emerged as a major Bengali poet of the middle generation. His poems have appeared in magazines, anthologies and in book form. They have been translated into several Indian and European languages.

Then, Buddhadeb Dasgupta extended his creativity in poetry to the celluloid. The triology "Dooratwa," "Grihayudda" and "Andhigali" created a niche for him in the film world. His "Phera", "Bagh Bahadur" and "Thahader Katha" along with "Charachar" have revealed him as a director, who can use the camera to probe the inner recesses of individuals.

निर्देशक के सर्वोत्तम प्रथम कथाचित्र के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार

शून्य थेके शुरु (बंगला)

निर्माता : **एच.दास, एम. मैत्रा और राम. दास** को स्वर्ण कमल तथा 25,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **अशोक विश्वनाथन** को स्वर्ण कमल तथा 25,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

निर्देशक के सर्वोत्तम प्रथम कथाचित्र के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार बंगला फ़िल्म **शून्य थेके शुरु** को तीन दशकों से चले आ रहे हमारे समाज की सामाजिक-राजनैतिक स्थितियों को प्रदर्शित करने वाले संवेदनशील विषय को शानदार ढंग से चित्रित करने के लिए दिया गया है।

INDIRA GANDHI AWARD FOR THE BEST FIRST FILM OF A DIRECTOR

SUNYA THEKE SURU (Bengali)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 25,000 to the Producers: **H. DAS, MADHUMANTI MAITRA and M. DAS**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 25,000 to the Director: **ASHOKE VISWANATHAN**

Citation

The Indira Gandhi Award for the Best First Film of a Director is given to the Bengali film **SUNYA THEKE SURU** for its creative handling of a sensitive subject, exhibiting the socio-political situation of our society, spanning three decades.

अशोक विश्वनाथन : अशोक विश्वनाथन, कालेज लेक्चरर एन. विश्वनाथन के पुत्र हैं, जिन्होंने सत्यजीत राय की "कंचनचंगा" सहित तमिल तथा बंगला फ़िल्मों में अभिनय किया है। सेंट जेवियर कालेज, कलकत्ता के गणित स्नातक, अशोक ने भारतीय फ़िल्म तथा टेलीविजन संस्थान (1985) से फ़िल्म निर्देशन में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है। अगले वर्ष, उन्होंने संस्थान में वीडियो-निर्माण में प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम पूरा किया। तब से, वे कार्यक्रम निर्देशक, पटकथा लेखक और प्रस्तुतकर्ता के रुप में फ़िल्म तथा वीडियो दोनों में ही सक्रिय हैं। "शून्य थेके शुरु" उनका प्रथम कथाचित्र है जिसे कलकत्ता में आयोजित आई. एफ.एफ. आई (1994) में प्रदर्शित किया गया।

विश्वनाथन ने कलकत्ता दूरदर्शन के लिए बंगला में अनेक टेली फ़िल्में बनाईं।

1. रामपद चौधरी उपन्यास पर आधारित "रुप" 2. पिरानडेलो के नाटक पर आधारित "हेनरी टीवी" 3. संजीव चट्टोपाध्याय की लघु कहानियों पर आधारित "अमलामधुर" 4. सत्यजीत राय के पिता सुकुमार राय की कहानियों पर आधारित "पगला दाशु"। उन्होने दूरदर्शन के लिए वृत-चित्र भी बनाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने शिक्षाप्रद माध्यम अनुसंधान केंद्र तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के लिए शिक्षाप्रद फ़िल्मों, केन मेकमुलन पर कई फ़िल्मों, डा. थॉमस मैथसन द्वारा निरुपित शैक्सपियर जॉन वाल्ट्स द्वारा निरुपित, लार्ड बायरन और बैरेट्स आफ विम्पल स्ट्रीट, जी.बी.शाह के नाटक "आर्क्स एण्ड द मैन", ओपन स्काई युनिवर्सिटी के लिए अंग्रेजी में भावुक कविता और सैम्युल बैकट पर फ़िल्मों सहित कुछेक औद्योगिक फ़िल्मों का निर्माण भी किया।

ASHOKE VISWANATHAN: Ashoke Viswanathan is the son of N. Viswanathan, the college lecturer, who has acted in Tamil and Bengali films, including "Kanchanjanga" of Satyajit Ray. A mathematics graduate from St. Xavier's College, Calcutta, Ashoke is a post-graduate in Film Direction from the Film and Television Institute of India (1985). Next year, he completed a certificate course in video production at the Institute. Since then, he has been active with both film and video as a programme director, screenplay-writer and presenter. "Surya Theke Suru" is his first feature film which was screened at the IFFI, Calcutta (1994).

Viswanathan has made a series of telefilms in Bengali for Calcutta Doordarshan:

1. "Roop", based on a Ramapada Chowdhury novel 2. "Henry IV" based on Pirandello's play. 3. "Amlamadhur" based on Sanjib Chattopadhyay's short stories. 4. "Pagla Dashu" based on the stories of Sukumar Ray, father of Satyajit Ray. Has also made Documentaries for Doordarshan.

Besides, he has made educational films for the Educational Media Research Centre and University Grants Commission a series of films on Ken Mcmullen, Shakespeare as explained by Dr. Thomas Matheson, Lord Byron and the Barrets of Wimpole Street, as interpreted by John Walts, G.B. Shaw's play, "Arms and the Man," English Romantic Poetry and Samuel Beckett for the "Open Sky University" as also some industrial films.

मधुमंती मैत्रा : स्नातक तथा मास्टर दोनों ही स्तरों पर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर हैं। वे विश्व भारती, बर्दवान, जादवपुर तथा रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालयों में लेक्चरर रही हैं।

1988 से उन्होंने दूरदर्शन के लिए संगीत और लय पर अनेक कार्यक्रम बनाए हैं। 1975 में बाल कलाकार के रूप में शुरूआत के साथ उच्चकोटि की मुक्त सूचना सृजक बन जाने तक, मधुमंती ने दूरदर्शन के लिए 200 से भी अधिक कार्यक्रमों का संचालन, प्रस्तुतीकरण तथा पटकथा लेखन किया है।

कोमेन्टेटर के रूप में, मधुमंती ने 50 से अधिक विडियो फ़िल्मों के मंच प्रदर्शनों तथा आडियो कैसेटों के लिए अपनी आवाज दी है। वे 1989 से ''स्टेटमैन'' के लिए एक संगीत आलोचक के रूप में नियमित रूप से लिख रही हैं।

MADHUMANTI MAITRA, a post-graduate in English literature with a first class at both the Bachelor's and the Master's levels. She has been a lecturer at Viswa Bharati, Burdwan, Jadavpur and Rabindra Bharati Universities.

Since 1988, she has produced several programmes on music and melody for Doordarshan. Madhumanti has also compered, presented and scripted over 200 programmes for Doordarshan. since 1975, beginning as a child artiste, and going on to become a freelance newscaster with the maximum rating.

As a commentator, Madhumanti has given voice overs for over 50 video films, stage shows and audio cassettes. She has also been regularly writting as a music critic for ''The Statesman'' since 1989.

हिल्लोल दास व्यावसायिक तौर पर दवाईयां, रासायनिक और इंजीनियरी का सामान बनाने वाली तीन कम्पनियों के निदेशक हैं। दस बरसों से कला और संस्कृति से जुड़े हुए हैं। उन्होंने अपर्णा सेन और विक्टर बनर्जी के साथ "अकान्त अपन" और "पापी" जैसी बाक्स आफिस हिट फ़िल्मों का निर्माण किया है।

HILLOL DAS is professionally the Director of three companies manufaturing pharmaceuticals, chemicals and engineering goods. Das is associated with art and culture for long. He entered the film industry as a producer with 35 mm Bengali superhit He has produced box office hits "Akanta Apan" with Aparna Sen and Victor Banerjee and "Paapi". Das has also produced five TV serials for the Calcutta Doordarshan.

मृणाल कांतिदास व्यवसाय से इंजीनियर हैं, परन्तु वे कलकत्ता में कला तथा संस्कृति से जुड़े हुए हैं। वे एक विख्यात सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। निर्माता के रूप में "शून्य थेके शूरू" उनका प्रथम प्रयास है।

MRINAL KANTI DAS is an engineer by profession, but is actually associated with art and culture in Calcutta. He is also a prominent social worker. As a producer he has made his debut with "Sunya Theke Suru".

लोकप्रिय एवम् स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाले सर्वोत्तम कथाचित्र का पुरस्कार

मणिचित्राताड़ (मलयालम) तथा डर (हिन्दी)

निर्माता : **अप्पचन्** को (मणिचित्राताड़ के लिए) तथा **यश चोपड़ा** को (डर के लिए) स्वर्ण कमल तथा 40,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **फ़ाजिल** को (मणिचित्राताड़ के लिए) तथा **यश चोपड़ा** को स्वर्ण कमल 20,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

लोकप्रिय एवम् स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाले सर्वोत्तम कथाचित्र का 1993 का पुरस्कार मलयालम फ़िल्म **मणिचित्राताड़** को रूढ़िवादी समाज में मनोवैज्ञानिक विपथन तथा अन्त में एक आधुनिक दृष्टिकोण अपनाने की एक असाधारण फ़िल्म को प्रदर्शित करने के लिए दिया गया। यही पुरस्कार हिन्दी फ़िल्म डर को भी प्रेम-विषय पर, जो अपने पिछले अनुभवों के साथ जुड़ जाने के कारण एक जटिल विषय बन जाता है, के उत्कृष्ट प्रस्तुतीकरण के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST POPULAR FILM PROVIDING WHOLESOME ENTERTAINMENT

MANICHITRATHAZHU (Malayalam) and DARR (Hindi)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 40,000 to the Producers: **APPACHAN** (for **Manichitrathazhu**) and **YASH CHOPRA** (for **Darr**)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 20,000 to the Directors: **FAZIL** (for **Manichitrathazhu**) and **YASH CHOPRA** (for **Darr**)

Citation

The Award for the Best Popular Film providing Wholesome Entertainment of 1993 is given to the Malayalam film MANICHITRATHAZHU for handling an unusual subject of psychological aberration in a conservative society and the ultimate acceptance of a modern approach and the Hindi film DARR for its convincing presentation of the theme of love, which has been rendered complex by its relationship with past experiences of fear.

अप्पचन् : कुछेक फ़िल्मों के निर्माता के रूप में अप्पचन् एक प्रसिद्ध निर्माता हैं जिन्होंने मलयालम फ़िल्म उद्योग में तहलका मचा दिया है। फ़ाजिल द्वारा 1985 में निर्देशित "पूविणु पुतिया पुन्तेन्नल" उनकी प्रथम फ़िल्म थी। फ़ाजिल ही के द्वारा निर्देशित "मणिवत्तू किले अयिरम् शिवरतिरल" उनकी दूसरी फ़िल्म है जिसमें मम्मूटी और सुहासिनी नायक-नायिका हैं। उसके पश्चात् "रामजीराव स्पीकिंग" आई जो एक विशुद्ध हास्य-व्यंग्य की फ़िल्म थी। 1991 में अप्पचन् ने "एन्ते सूर्या पुतारिक्कु" के निर्माण से अपने आप को सुरक्षित रूप में स्थापित कर लिया।

उनकी "गाड फादर" 1991-92 की रिकार्ड-तोड़ सफल फ़िल्म थी, जिसे मनोरंजन फ़िल्म का केरल राज्य का पुरस्कार मिला।

सिद्दीक लाल द्वारा निर्देशित "वियतनामकालोनी" अत्यधिक सफल फ़िल्म थी। इसके बाद सर्वोत्कृष्ट "मणिचित्रताल" आई।

अन्य फ़िल्म निर्माताओं के विपरित, अप्पचन अपनी फ़िल्मों में विस्तृत ब्यौरा देने के लिए अधिकतम ध्यान देता है।

APPACHAN : Is a noted producer as the Producer of some films which caused a break-through in the Malayalam film industry. Aged 42, he is residing at Calicut with his family. His first film was "Poovinu Puthiya Poonthennal" directed by Fazil (1985). His second was named "Manivathoo Kile Ayiram Sivarathiral" also directed by Fazil starring Mamootty and Suhasini. Then came "Ramjeeram Speaking", a pure comedy. In 1991, Appachan with his own production "Ente Soorya Puthrikku" established himself securely.

"Godfather" was a record breaking hit of 1991-92 winning the Kerala State Government's Award for most popular and entertaining movie.

One more super-hit was "Vietnamcolony" directed by Siddique - Lal. Then came the magnum opus, **Manichitrathazhu.**

Unlike other producers Appachan pays maximum attention to the minute details of his films.

यश चोपड़ा : जालंधर में 1932 में जन्मे यश चोपड़ा पिछले 25 वर्षों से भी अधिक समय से फ़िल्मों का निर्देशन और निर्माण कर रहे हैं, जिनमें से अनेक "जुबली" फ़िल्में हैं।

उनके द्वारा निर्देशित फ़िल्में हैं - "धूल का फूल", "धर्मपुत्र", "वक्त", "इत्तफाक", "आदमी और इंसान", "दीवार" और "परम्परा"।

यश चोपड़ा ने "दाग", "कभी-कभी", "काला-पत्थर", "लम्हे", और "डर" फ़िल्मों का निर्माण और निर्देशन किया है, जिनमें से अधिकांश स्मरणीय है। इन फ़िल्मों में से कुछ के गीत अभी भी गुनगुनाए जाते हैं। उन्होंने "दूसरा आदमी", "नूरी", "सवाल", "नाखुदा", और "आईना", का निर्माण भी किया। उनकी निर्माणाधीन फ़िल्म "ये दिल्लगी" है।

यश चोपड़ा को 1965, 1969, 1973, और 1975 में सर्वोत्तम निर्देशन के पुरस्कार तथा 1989 में फ़िल्म "चांदनी" के लिए लोकप्रिय तथा स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वोत्तम फ़िल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। वे मुख्य व्यापार संगठनों और उदयोगिक-न्यासों से भी सहयोजित हैं।

YASH CHOPRA : Born in 1932 at Jullundhar, Yash Chopra has been directing and producing films for more than a quarter of a century, several of which have been "jubilee" films.

The films he has directed are: "Dhool Ka Phool", "Dharam Putra", "Waqt", "Ittefaq", " Aadmi aur Insaan" "Deewar", "Trishul" and "Parampara"

Yash Chopra has produced and directed "Daag", "Kabhi Kabhi", "Kaala Patthar", "Silsila", "Mashaal" "Faasle", "Chandni" and "Lamhe" and "Darr" several of which have been memorable. Songs from some of them are still being hummed. He has also produced "Doosra Aadmi" "Noorie", "Sawwal", "Nakhuda" and "Aaina". Under production is "Yeh Dillagi".

Yash Chopra is the recepient of the Filmfare Awards for Best Direction in 1965, 1969, 1973 and 1975 and National Award for Best Film providing Popular and Wholesome Entertainment for the film "Chandni" in 1989. He is also associated with the major trade organizations and industry trusts.

फाज़िल : फाज़िल ने 1980 में 30 वर्ष की आयु में ''मंजिल विरिंजा पूकल'' (मलयालम) के निर्माण से फ़िल्म उद्योग में प्रवेश किया, जिसे केरल राज्य का पुरस्कार मिला। 1983 में, ''एन्टे मामट्टिकुट्टी अम्मक्कु'' को सर्वोत्तम फ़िल्म तथा सर्वोत्तम निर्देशक का केरल राज्य का पुरस्कार मिला। इसे भारतीय पेनोरमा के लिए भी चुना गया। 1985 में ''नोकेतादूरतु कन्नुमनत्तु'' को केरल राज्य का पुरस्कार मिला तथा इसे भारतीय पेनोरमा के लिए भी चुना गया। ''पूवे पूचुडा वा'' (तमिल) को 1985 में सर्वोत्तम निर्देशक का फ़िल्म फेयर पुरस्कार मिला। ''एन्नेन्नुम कानेटटन्टे'' को लोकप्रिय अपील तथा सौंदर्यपरक मूल्य की सर्वोत्तम फ़िल्म का केरल राज्य का पुरस्कार मिला। 1990 में ''वर्षम् 16'' (तमिल) को सर्वोत्तम निर्देशक का सिनेमा एक्सप्रेस पुरस्कार मिला और 1993 में ''मणिचित्राताड़'' (मलयालम) को अनेक राज्य पुरस्कार मिल चुके हैं।

FAZIL : Fazil entered the film industry in 1980 at the age of 30 with ''Manjil Virinja Pookal'' (Malayalam) which won a Kerala State Award. In 1983, his ''Ente Mamattikutty Ammakku'' won the Kerala State Awards for Best Film and Best Director. It was also selected for Indian Panorma. ''Nokethadoorathu Kannum Nattu'' (1985) won the Kerala State Award and it was also selected for the Indian Panorama. ''Poove Poochuda Vaa' (Tamil) won the Filmfare award for Best Director in 1985. ''Ennennum Kanettante'' earned the Kerala State Award for Best Picture with Popular Appeal and Aesthetic Value. In 1990, ''Varsham 16'' (Tamil) won the Cinema Express Award the for Best Director. And ''Manichitrathazhu'' (Malayalam) in 1993 has already bagged many State awards.

राष्ट्रीय एकता पर सर्वोत्तम कथाचित्र के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार

सरदार (हिन्दी)

निर्माता : **एच.एम. पटेल** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **केतन मेहता** को रजत कमल तथा 15,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

राष्ट्रीय एकता पर सर्वोत्तम कथाचित्र के लिए 1993 का नरगिस दत पुरस्कार हिन्दी फ़िल्म **सरदार** को राष्ट्रवाद के उद्देश्यों को बताने के लिए अलग-थलग पड़ी सामग्री को संकलित करके और उसे महाकाव्य की शैली में भारतीय राष्ट्रवाद की सुसंगत गाथा में ढ़ाल कर संक्रमण काल में भारतीय इतिहास का परिदृश्य प्रस्तुत करने के लिए दिया गया है।

NARGIS DUTT AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM ON NATIONAL INTEGRATION

SARDAR (Hindi)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Producer: The late H.M. PATEL

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Director: KETAN MEHTA

Citation

The Nargis Dutt Award for the Best Feature Film on National Integration of 1993 is given to the Hindi film SARDAR for presenting a panoramic view of India in a period of transition to reveal the goals of nationalism by the integration of a mass of disparate materials and shaping them into a coherent saga of Indian nationalism in an epic style.

केतन मेहता : सुप्रसिद्ध गुजराती विद्वान चन्द्रकांत मेहता के पुत्र फ़िल्म तथा टेलीविजन संस्थान, पुणे के एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी हैं। वे एस.आई.टी.ई. कार्यक्रम तथा इसरो तथा थियेटर तथा नृत्य कार्यक्रमों से सहयोजित थे। उनकी गुजराती फ़िल्म "भवानी भवाई" को गुजरात सरकार के आठ पुरस्कारों के अलावा दो राष्ट्रीय पुरस्कार तथा यूनेस्को क्लब पुरस्कार मिले। उन्होंने "होली" (हिन्दी) का निर्माण तथा निर्देशन किया। केतन मेहता की "मिर्च मसाला" को भारत तथा विदेश से प्रशंसा मिली तथा पुरस्कार प्राप्त हुए। "हीरो हीरालाल" तथा दूरदर्शन धारावाहिक "मि. योगी" से उन्हें और भी प्रशंसा मिली। गुस्तावे फ्लाऊबर्ट्स की "मैडम बोवरी" से रुपांतरित की गई फ़िल्म "माया मेमसाब" को अत्यधिक सफलता मिली। "सरदार" के अलावा उन्होंने अनेक वृत-चित्र बनाए हैं।

KETAN MEHTA : Son of the well-known Gujarati scholar, Chandrakant Mehta, Ketan is an alumnus of the Film and Television Institute, Pune. He was associated with the SITE programme and ISRO as well as with theatre and dance programmes. His Gujarati film, "Bhavini Bhavai" earned for him two national awards and the UNESCO Club Award, apart from eight awards from the Gujarat Government. He produced and directed "Holi" (Hindi). Ketan Mehta's "Mirch Masala" created a sensation and earned for him acclaim and awards from India and abroad. "Hero Hiralal" and the TV serial, "Mr Yogi" notched further credits for him. "Maya Memsaab" adapted from Gustave Flaubert's "Madame Bovary" has been hailed an all-round success. Apart from "Sardar", he has several documentaries to his credit. He is a film-maker who has set his sights.

एच. एम. पटेल: द फाऊन्डेशन फार फिल्म्स आन इंडिपेन्डेन्स एक ऐसा न्यास है जिसे स्वर्गीय एच. एम. पटेल द्वारा भारत के स्वतंत्रता-संग्राम के विषय पर फ़िल्म निर्माण के लिए संचालित किया गया था। एच. एम. पटेल, सरदार के अत्यधिक विश्वासपात्र थे और उन्होंने उनके साथ विभाजन सचिव, रक्षा सचिव, मंत्रिमंडलीय सचिव तथा विभाजन के बाद दिल्ली में हुए दंगों के दौरान दिल्ली के प्रशासक आदि के अनेक पदों पर कार्य किया है। एच. एम. पटेल 1977 में वित्तमंत्री तथा 1979 में गृहमंत्री के प्रतिष्ठित पदों पर रहे।

H.M. PATEL : The Foundation for Films on India's War of Independence is a trust started by the late H.M. Patel to produce films on the subject of the fight for India's Independence .

H.M. Patel was a close confidante of the Sardar and worked in several capacities with him, as Partition Secretary, Defence Secretary, Cabinet Secretary, and Administrator of Delhi during the postpartition disturbance in Delhi and so on H.M. Patel was to crown his exceptional career as the Finance Minister in 1977 and the Home Minister in 1979.

परिवार कल्याण पर सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार

आकाश दूतु (मलयालम)

निर्माता : **अनुपम सिनेमा** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **सिबी मलायिल** को रजत कमल तथा 15,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

परिवार कल्याण पर सर्वोत्तम कथाचित्र का 1993 का पुरस्कार मलयालम फ़िल्म **आकाश दूतु** को मानव प्रेम और सहानुभूति द्वारा परिवार कल्याण की आवश्यकता के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST FILM ON FAMILY WELFARE

AAKASHA DOOTHU (Malayalam)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Producer: **ANUPAMA CINEMA**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Director: **SIBI MALAYIL**

Citation

The Award for the Best Film on Family Welfare of 1993 is given to the Malayalam film **AAKASHA DOOTHU** for the urgency of family welfare through human love and compassion.

सिबी मलायिल : ''आकाश दूतु'' केरल के 37 वर्षीय निर्देशक, सिबी मलायिल की 21वीं फ़िल्म है। कामर्स स्नातक, सिबी ने अपनी फिल्म ''मुतारम कुन्नु पी.ओ.'' के निर्माण के साथ इस व्यवसाय में प्रवेश किया। उनकी फ़िल्म ''दूरे-दूरे ओरू कोडू कोत्तम'' को 1987 में सामाजिक मुद्दो पर बनी सर्वोत्तम फ़िल्म का पुरस्कार मिला। 1991 की दूसरी सर्वोत्तम फ़िल्म का केरल राज्य का पुरस्कार ''भारतम'' को मिला। इसे ''फ़िल्म फेयर'' पुरस्कार भी मिला। सिबी मलायिल द्वारा निर्देशित ''किरीडम'' को मोहनलाल के लिए राष्ट्रीय विशेष उल्लेख पुरस्कार मिला। ''आकाश दूतु'' से सिबी केरल के बाहर के दर्शकों में और भी अधिक प्रसिद्ध हो गए हैं।

SIBY MALAYIL: ''Aakash Doothu'' is the 21st film of Siby Malayil, the 37year-old director from Kerala. A graduate in commerce, Sibi entered the profession with his film ''Muttaram Kummu P.O.'' His film ''Doore Doore Oru Koodu Kottam'' won the award for the best film on social issues in 1987. A Kerala state award for the second best film in 1991 went to his ''Bharatam''. It also bagged the Filmfare Award. ''Kireedom'' directed by Sibi Malayil won for Mohanlal the Special Mention National Award. With ''Aakkasha Doothu'' Sibi has become more popular with audiences beyond Kerala.

सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार

जननी (बंगला) तथा नारायम् (मलयालम)

निर्माता : **सनत दासगुप्ता** को (**जननी** के लिए) तथा **राजू पिलाकट** को (**नारायम्** के लिए) रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **सनत दासगुप्ता** को (**जननी** के लिए) तथा **शशि शंकर** को (**नारायम्** के लिए) रजत कमल तथा 15,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

मद्यनिषेध, महिलाओं, बाल कल्याण, दहेज विरोध नशीले पदार्थों, विकलांग-कल्याण आदि जैसे सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फ़िल्म का 1993 का पुरस्कार बंगला फ़िल्म **जननी** को देश के कुछेक भागों में प्रचलित जादू-टोना जैसी दकियानूसी प्रथा के उत्कृष्ट चित्रण के लिए दिया गया है। यही पुरस्कार मलयालम फ़िल्म **नारायम्** को भी सामुदायिक सद्भावना को महसूस करने की दमित संभावनाओं का सजीव चित्रण करने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST FILM ON OTHER SOCIAL ISSUES

JANANI (Bengali) and NARAYAM (Malayalam)

Rajat Kamal and cash prize of Rs. 30,000 to the Producers: **SANAT DASGUPTA** (for **JANANI**) and **RAJU PILAKAT** (for **NARAYAM**)

Rajat Kamal and a cash price of Rs 15,000 to the Directors: **SANAT DAS GUPTA** (for **JANANI**) and **SASI SHANKAR** (for **NARAYAN**)

Citation

The Award for the Best Film on other Social issues such as Prohibition, Women and Child Welfare, Anti-Dowry, Drug Abuse, Welfare of the Handicapped etc. of 1993 is given to the Bengali film **JANANI** for its delicate portrayal of an obscurantist practice like witchcraft, prevalent in certain parts of the country and to the Malayalam film **NARAYAM** for its subdued depiction of the possibilities of realising communal harmony.

सनत दासगुप्ता : मध्य भारत में रीवा में जन्म हुआ और औपचारिक शिक्षा रीवा तथा कलकत्ता में हुई। 1970 के शुरु में फ़िल्म-निर्माण में रूचि विकसित हुई। वे गौतम घोष की "हंगरी आटम" के सह निर्देशक तथा सह निर्माता थे।

भारतीय गलास तथा सेरामिक उद्योग पर सनत दास गुप्ता की "डुओ" को 1989 में 36 वें राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह में सर्वोत्तम औद्योगिक फ़िल्म का पुरस्कार मिला। सुप्रसिद्ध बंगला कवि, जबीननदं दास के जीवन और कविता पर आधारित उनकी अगली मुख्य फ़िल्म "कवित्तर अनन्त जतरापते" 1992 में बेंगलूर में आयोजित भारतीय पेनोरमा में चुनी गई। इसे 1992 में सर्वोत्तम जीवनी फ़िल्म का एक ओर रजत कमल पुरस्कार मिला। बंगाल फ़िल्म पत्रकार संघ ने इसे 1991-92 का सर्वोत्तम वृत्त-चित्र माना है।

"जननी" महाश्वेता देवी द्वारा लिखित प्रसिद्ध लघु कहानी पर आधारित है और इस का निर्माण राष्ट्रीय फ़िल्म विकास संघ से प्राप्त वित्तीय सहायता द्वारा किया गया है। दासगुप्ता के प्रथम कथाचित्र को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। सनत दास गुप्ता ने निर्यात संवर्धन से चोरी-विरोधी अभियान तथा भ्रष्टाचार विरोध से बचत-प्रेरणा तक के विभिन्न प्रकार के वृत्त चित्रों का निर्माण किया है। उन्होंने दूरदर्शन धारावाहिक "बंगला गाल्पो बिचित्रा" का भी निर्देशन किया है।

SANAT DASGUPTA : Born at Rewa in Central India and had formal education at Rewa and in Calcutta. Developed interest in film-making in the early 1970's He was Associate Director and Co-producer of "Hungry Autumn" of Goutam Ghose.

Sanat Dasgupta's "Duo" on Indian glass and creamic industries, won the Rajat Kamal as the Best Industrial Film in the 36th NFFI (1989). His next major film "Kabittar Ananta Jatrapathe" a documentary film on life and poetry of the famous Bengali poet, Jibanananda Das was selected for Indian Panorama at Bangalore (1992). It earned for him yet another Rajat Kamal as the Best Biographical Film 1992. The Bengal Film Journalists' Association deemed it to be the Best Documentary Film for 1991-92.

"Janani" is based on a famous short story by Mahashweta Devi and it was produced with financial assistance from National Film Development Corporation. Dasgupta's debut feature film has bagged the National Award. Sanat Dasgupta has made a variety of documentary films ranging for export promotion to anti-pilferage campaign and from exposing corruption to promotion of glass. He has also directed the tele-serial, "Bangla Galpo Bichitra."

पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण पर सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार

देवरा काडु (कन्नड़)

निर्माता : **पट्टाभी रामा रेड्डी प्रॉडक्शन्स** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **टी.पी. रामा रेड्डी** को रजत कमल तथा 15,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण कथाचित्र का 1993 का पुरस्कार कन्नड़ फिल्म **देवरा काडु** को गाँव वापिस लौटने तथा पौराणिक कथाओं और दंत कथाओं के काल्पनिक उपयोग से प्रकृति के संरक्षण जैसे दो विषयों को प्रस्तुत करने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST FILM ON ENVIRONMENT/CONSERVATION/ PRESERVATION

DEVARA KADU (Kannada)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Producer: **PATTABHI RAMA REDDY PRODUCTIONS**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Director: **T.P. RAMA REDDY**

Citation

The Award for the Best Film on Environment/Conservation/Preservation of 1993 is given to the Kannada film **DEVARA KADU** for presenting the two themes of "Back to the Village" and "Preservation of Nature" by an imaginative use of myths and legends.

टी.पी. रामारेड्डी : "पट्टाभी रामारेड्डी शांतिनिकेतन" के ऐसे विद्यार्थियों में से एक हैं जिन्होंने वहां उस समय अध्ययन किया था जब गुरुदेव टैगोर जीवित थे। उनसे प्रेरणा पाकर उन्होंने तेलुगु में कविता लिखनी शरू की। हाल ही में एक प्रसिद्ध तेलुगु कवि के रूप में उन्हें सम्मानित करने के लिए एक बधाई- समारोह का आयोजन किया गया। रामारेड्डी ने कोलम्बिया विश्वविद्यालय, यू. एस. ए में भी अध्ययन किया और आधुनिक-कला संग्रहालय, यू.एस.ए से फ़िल्म - पाठ्यक्रम पूरा किया। उनकी प्रथम फ़िल्म "संस्कार" यू. एस. अनन्तमूर्ति के उपन्यास पर आधारित है जिसे 1970 में राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक और लोकार्नो में रजत तेंदुआ मिला। "देवरा-काडु" पर्यावरण तथा वन संरक्षण पर उनका चल चित्रीय योगदान है।

T.P. RAMA REDDY : Pattabhi Rama Reddy is one of the very few students of Shantiniketan alive who had studied when Rabindernath Tagore was the Guru there. Inspired by him, he took to writing poetry in Telugu. It was very recently that a felicitation function was held at Hyderabad in his honour as a noted Telugu poet. Rama Reddy had also studied at Columbia University, USA, and went through the film course at the Museum of Modern Art in New York. His debut film, "Samskara" based on a novel of U.R. Ananthamurthy, won the President's Gold Medal in 1970 and the Bronze Leopard at Locarno. "Devara Kadu" is his cinematic contribution for Environment Protection and Forest Preservation Campaigns.

सर्वोत्तम बाल कथाचित्र पुरस्कार

लावण्य प्रीति (उड़िया)

निर्माता : **राष्ट्रीय बाल एवं युवा चलचित्र केन्द्र** को स्वर्ण कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **ए.के. बीर** को स्वर्ण कमल तथा 15,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम बाल कथाचित्र का 1993 का पुरस्कार उड़िया फ़िल्म **लावण्य प्रीति** को मनगढ़न्त बातों और प्रभावशाली दृश्यों द्वारा बचपन से किशोरावस्था तक पहुंचने की प्रक्रिया के उत्कृष्ट तथा मार्मिक प्रदर्शन के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST CHILDREN'S FILM

LAVANYA PREETI (Oriya)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 30,000 to the Producer: **NATIONAL CENTRE OF FILMS FOR CHILDREN & YOUNG PEOPLE**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Director: **A.K. BIR**

Citation

The Award for the Best Children's Film of 1993 is given to the Oriya film **LAVANYA PREETI** for its subtle and delicate exposition of the growing-up process from childhood to adolescence through the use of myths and striking visuals.

ए.के.बीर : स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के पश्चात् बीर ने 1966 में फ़िल्म तथा टेलीविजन संस्थान, पुणे में प्रवेश ले लिया। अनेक विज्ञापन तथा कथाचित्रों में काम किया तथा अनेक पुरस्कार प्राप्त किए। उन्हें कथाचित्रों के लिए तीन बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिले। सामाजिक सेवा फ़िल्मों का निर्माण तथा निर्देशन किया जिनके लिए उन्हें दो अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिले।

''आदि मीमांसा'' उनका प्रथम कथाचित्र था जिसका उन्होंने निर्माण तथा निर्देशन किया था। फ़िल्म को राष्ट्रीय एकीकरण पर बनी सर्वोत्तम फ़िल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। फ़िल्म को टोक्यो (1992) में चुना गया और दर्शाया गया।

''लावण्य प्रीति'' उनका दूसरा कथाचित्र है। फ़िल्म को सर्वोत्तम फ़िल्म का अन्तर्राष्ट्रीय निर्णायक मण्डल समीक्षक पुरस्कार तथा उदयपुर में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय बाल फ़िल्म समारोह में सर्वोत्तम बाल कलाकार पुरस्कार मिला। फ़िल्म को बर्लिन (1994) में चुना गया और दिखाया गया। फ़िल्म को ओसाका में आयोजित टेलीविजन समारोह में एशिया की सर्वोत्तम फ़िल्म का पुरस्कार मिला।

A.K. BIR : After graduation Bir joined FTII pune in 1966. Received Diploma in Cinematography in 1969. Thrice he has received National Awards for feature films. Produced and directed some social service films for which he received two International Awards.

''Adi Mimansa'' was the first feature film which he produced and directed. The film received the National Award for the Best Film on National Integration. The film was selected and screened at Tokyo (1992).

''Lavanya Preeti'' is his second feature film. The film received the International Jury's Critics Award for the Best Film and the Best Child Actor Award at the International Children's Film Festival, Udaipur. The film was selected and screened at Berlin (1994). The film received the Best Asian Film Award at the TV Festival, Osaka.

सर्वोत्तम निर्देशन पुरस्कार

टी.वी. चन्द्रन

निर्देशन : **टी.वी. चन्द्रन** को स्वर्ण कमल तथा 50,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम निर्देशन का 1993 का पुरस्कार **टी.वी. चन्द्रन** को मलयालम फ़िल्म **पोंदन माड़ा** में मनुष्य के तमाम अनुभवों को फ़िल्म रूपी कविता में शानदार ढंग से प्रस्तुत करने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST DIRECTOR

T.V. CHANDRAN

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 50,000 to the Director: **T.V. CHANDRAN**

Citation

The Award for the Best Director of 1993 is given to **T.V. CHANDRAN** for the Malayalam film **PONTHAN MADA** for a masterly rendering of a whole range of human experience into celluloid poetry.

टी.वी.चन्द्रन : चन्द्रन, जिन्हें ''पोंदन माड़ा'' में अपने निर्देशन के लिए अत्यधिक प्रशंसा मिली है और 1993 के लिए सर्वोतम निर्देशक घोषित किया गया हे, तेल्लिचरी, केरल के हैं। उन्होंने ''कषयनकुट्टी'', हेमाविन कतालारगल'', और ''अलिसिन्टे अन्वेषणम्'' का निर्देशन किया था। ''अलिसिन्टे अन्वेषणम्'' को 1990 में कलकत्ता में आयोजित भारतीय पेनोरमा में प्रदर्शित किया गया और उसी वर्ष में लोकार्नो समारोह में यह एकमात्र भारतीय प्रविष्टि थी। वे स्वत: प्रशिक्षित निर्देशक हैं, जिन्होंने अपना व्यवसाय ढूंढ लिया है।

T.V. CHANDRAN : Chandran, who has been hailed for his direction of ''Ponthan Mada'' and declared the Best Director of 1993, hails from Tellicherry, Kerala. He has directed ''Krishanan Kutty'', ''Hemavin Kathalargal'' and ''Alicinte Anweshnam'', which was shown at the Indian Panorama, 1990 at Calcutta and was the sole Indian entry at the Locarno Festival the same year. He is a self-taught director, who has found his metier.

सर्वोत्तम अभिनेता पुरस्कार

मम्मूटी

अभिनेता : **मम्मूटी** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम अभिनेता का 1993 का पुरस्कार **मम्मूटी** को मलयालम फ़िल्म **पोंदन माड़ा** में एक बाहरी व्यक्ति के रूप में उनके भावुक चित्रण तथा फ़िल्म **विधेयन** में अस्तित्वात्मक स्तर पर शक्ति और डर के संबंध को दर्शाने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST ACTOR

MAMMOOTTY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Actor: **MAMMOOTTY**

Citation

The Award for the Best Actor of 1993 is given to **MAMMOOTTY** for his sensitive portrayal in the Malayalam film **PONTHAN MADA** of the role of an outsider and in **VIDHEYAN** for the depiction of the relationship of power and terror at an existential level.

मम्मूटी : 7 नवम्बर 1951 को जन्मे, मम्मूटी ने अपनी युवावस्था से ही अपनी नाटकीय प्रतिभा को प्रदर्शित किया। जब वे सातवीं कक्षा में ही पढ़ते थे, उन्होंने नाटकों में अभिनय करना शुरू कर दिया था। कालेज में पढ़ते हुए, उन्हें "सर्वोत्तम अभिनेता" का प्रथम पुरस्कार मिला। उन्होंने पहली बार "देवलोकम्" में अभिनय किया था। परन्तु यह फ़िल्म अभी तक प्रदर्शित नहीं हुई। इसलिए वे "विलक्कनुन्दु स्वप्नागल" में पहली बार पर्दे पर दिखाई दिए। वे विधि-स्नातक भी हैं। मम्मूटी को "सर्वोत्तम अभिनेता" के राज्य सरकार पुरस्कार सहित अनेक पुरस्कार मिले। वे अखिल भारतीय ख्याति के नाट्य-कलाकार हैं।

MAMMOOTTY : Born on November 7, 1951, Mammootty exhibited his histrionic talents right from young age. He took to acting in plays when he was studying in the seventh standard. While studying in college, he got the first prize for "Best Actor". The first film he acted was "Devalokam". But, this picture was never released at all.

Therefore, the film "Vilakkanundu Swapanagal" was his debut appearance on the screen. He is also a law graduate.

Mammootty is the winner of many awards, including state awards for the "Best Actor". He is a thespian of all India repute.

सर्वोत्तम अभिनेत्री पुरस्कार

शोभना

अभिनेत्री : **शोभना** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम अभिनेत्री का 1993 का पुरस्कार **शोभना** को मलयालम फ़िल्म **मणिचित्राताड़** में मनुष्य की विभिन्न प्रकार की भावनाओं के पेचीदा सूक्ष्मभेद बताने की उनकी असाधारण क्षमता के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST ACTRESS

SHOBHANA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Actress: SHOBHANA

Citation

The Award for the Best Actress of 1993 is given to SHOBHANA in the Malayalam film MANICHITRATHAZHU for her unusual capacity to reveal complex nuances of a variety of human emotions.

शोभना : ललिता, पद्मिनी, रागिनी जैसी शास्त्रीय नर्तकियों के परिवार में जन्मी शोभना (चन्द्रकुमार) ने भरत नाट्यम नर्तकी के रूप में अपना व्यावसायिक जीवन अपने गुरू चित्रा विश्वेश्वरन् के मार्ग दर्शन में शुरू किया। शोभना को अपना औपचारिक "अरंगत्रम्" मद्रास की प्रसिद्ध संगीत अकादमी से मिला।

15 वर्ष की आयु में उन्हें क्वीन्स, न्यूयॉर्क में गणेश मंदिर के राजागोपुरम् के लिए फंड इकट्ठा करने हेतु न्यूयॉर्क में आमंत्रित किया गया। तब से उन्होंने अन्य अमरीकी नगरों तथा यू.ए.ई, कुवैत, सिंगापुर और मलेशिया में नृत्य किया है।

शोभना ने चार दक्षिण भारतीय भाषाओं (मलयालम, तमिल, तेलुगु ओर कन्नड़) में बनी लगभग 150 फ़िल्मों में अभिनय किया है और अनेक पुरस्कार प्राप्त किए हैं। तमिल में के.भाग्यराज की "एतु नम्मा अल्लु" तथा मणिरत्नम् की "तालापती" उनकी प्रसिद्ध फ़िल्में हैं। मलयालम में, उनकी अधिकांश फ़िल्में सुपर हिट हुई हैं, उनमें से कुछ के नाम हैं "अप्रैल 18", "यात्रा" और "कन्नमरायतु"। "विक्रम" "अस्त्रम्", "अभिनन्दन" और "अल्लुडु गारा" जैसी तेलुगु फ़िल्मों से उन्हें बहुत प्रशंसा मिली।

SHOBANA : Born into a family of the classical dancers, Lalitha, Padmini, Ragini (The Travancore Sisters), Shobana (Chandra Kumar) started her career as a Bharata Natyam dancer under the guidance of her guru, Chitra Visveswaran. Shobana had her formal "arangetram" at the famous Music Academy of Madras.

At fifteen years, Shobana was invited to dance in New York to raise funds for the Rajagopuram of the Ganesha Temple at the Queens in New York. Since them she has danced in other American cities and in the UAE, Kuwait, Singapore and Malaysia.

Shobana has acted in about 150 films in the four South Indian languages (Malayalam, Tamil, Telugu and Kannada) and has earned several awards. In Tamil, her famous films were "Ethu Namma Allu" of K Bhaghyaraj and "Thalapathi" of Mani Ratnam. In Malayalam, most of her films were super hits. To mention a few "April 18", "Yatra" and "Kanamarayathu". Telugu films like "Vikram" "Astram", "Abinandana" and "Alludu Gara" have won her laurels.

सर्वोत्तम सह अभिनेता पुरस्कार

परेश रावल

सह अभिनेता : **परेश रावल** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम अभिनेता का 1993 का पुरस्कार **परेश रावल** को हिन्दी फ़िल्म **सर** और **वो छोकरी** में बाहरी और आन्तरिक स्तरों पर मनुष्य की परस्पर विरोधी भावनाओं द्वारा उनके उत्कृष्ट निष्पादन के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST SUPPORTING ACTOR

PARESH RAWAL

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Best Supporting Actor: **PARESH RAWAL**

Citation

The Award for the Best Supporting Actor of 1993 is given to **PARESH RAWAL** for his performance in the Hindi films **SIR** and **WOH CHHOKRI** to reveal contradictory human emotions at the outer and inner levels.

परेश रावल : परेश रावल ने ''अर्जुन'', ''नाम'', ''डकैत'', ''मिर्च मसाला'', ''मणि'' (तेलुगु), ''शनक शमक'' (तेलुगु) फ़िल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने गुजराती फ़िल्मों में भी काम किया है।

आई पी टी ए तथा आई एण्ड टी द्वारा आयोजित अन्तर-कालेज पुरस्कार प्राप्त किया. उन्हें ''सर'' में सर्वोत्तम खलनायक के लिए ''फ़िल्म फेयर'' 1994 का पुरस्कार मिला।

PARESH RAWEL : Has acted in "Arjun", "Naam", "Dacait", "Mirch Masala", "Mani" (Telugu), "Shanak Shamak" (Telugu) Worked in Gujarati films.

Intercollegiate award for theatre organised by IPTA & INT. "Filmfare" 1994 Award for Best Villain won for role in "Sir".

सर्वोत्तम सह अभिनेत्री पुरस्कार

नीना गुप्ता

सह अभिनेत्री : **नीना गुप्ता** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम सह अभिनेत्री का 1993 का पुरस्कार **नीना गुप्ता** को हिन्दी फ़िल्म **वो छोकरी** में प्रेम, घृणा तथा उत्सुकता के कई नमूने पेश करते हुए एक प्रिय माँ और विश्वासघात से ग्रस्त पत्नी के वास्तविक चित्रण के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST SUPPORTING ACTRESS

NEENA GUPTA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000 to the Best Supporting Actress: **NEENA GUPTA**

Citation

The Award for the Best Supporting Actress of 1993 is given to **NEENA GUPTA** in the Hindi film **WOH CHHOKRI** for a realistic portrayal of a loving mother and a betrayed wife, revealing shades of love, hate and anxiety.

नीना गुप्ता : नीना गुप्ता फ़िल्म प्रेमियों और टी.वी. दर्शकों में एक जिन्दादिल नाट्य कलाकार, मंच संचालक, एकांतप्रिय, निर्माता और निर्देशक के रूप में बहुत प्रसिद्ध हैं। वे वास्तविक रूप में एक लेखिका है।

उन्होंने आधारशिला, मंडी, उत्सव, साथ-साथ, सुषमा, त्रिकाल, अंगार, यलगार, बलवान, तथा सूरज का सातवां घोड़ा जैसी फ़िल्मों में अभिनय किया, जिनका निर्देशन बड़ी-बड़ी हस्तियों ने किया था। इन फ़िल्मों से उनमें नाट्य कलाकार की प्रतिभा का पता चलता है जो उन्हें दिल्ली के राष्ट्रीय ड्रामा विद्यालय से विरासत में मिली थी, जहाँ से उन्होंने स्नातक की डिग्री प्राप्त की थी। उन्होंने गाँधी, डिसीवर्स और जयपुर जन्कशन जैसी अंग्रेजी फ़िल्मों में भी उत्साहपूर्व अभिनय किया है।

परन्तु दूरदर्शन धारावाहिकों ने उन्हें जन-समूह में अत्यधिक प्रसिद्ध बना दिया। खानदान, यात्रा, कबीर, बुनियाद, मृणाल सेन की कहानियां, सत्यजीत रे प्रेजेन्ट्स, दाने अनार के, अन्वेषण और दिल्लगी कुछेक धारावाहिक हैं जिनमें उन्होंने अभिनय किया।

परन्तु बहुत से लोग शायद यह नहीं जानते कि वे संस्कृत में एम.फिल हैं, उनके अपने शब्दों में वे 5'.4'' लम्बी हैं और उनका वजन 55 किलोग्राम है। इससे भी अधिक वे एक फ़िल्म निर्माता हैं और अन्य धारावाहिक निर्माता/निर्देशकों के बराबर की एक निर्माता/निर्देशक हैं, जिन्हें उनके कार्य के लिए याद किया जाता है।

The Award for the Best Book on Cinema of 1993 is given to **NAALO NENU** by **BHANUMATI RAMAKRISHNA**. Her riveting autobiography provides an insight into the working of the Telugu film industry, while tracing her fascinating life and career. Written with candour and in an imensely fluent style, the book underscores the independent spirit of a woman in an excessively male-dominated system of the show business. The lively and self-analytical work is a rare phenomenon in a field, where artistes seem to be unnecessarily hesitant to author their life-stories.

डॉ. भानुमति रामाकृष्णा : सुप्रसिद्ध नाट्य निर्देशिका, संगीत निर्देशिका, गायिका और लेखिका का जन्म 7 सितम्बर, 1925 को ओंगोले, आंन्ध्र प्रदेश में हुआ था। उन्हें संगीत अपने माता-पिता से विरासत में मिला। उसे अपने पिता, बोम्माराजू वेंकट सुब्बैया से संगीत तथा अभिनय कला में उच्च प्रशिक्षण मिला। तेलुगु फ़िल्मों के अग्रणी निर्माता- निर्देशक सी. पुल्लैया उसे उस समय तेलुगु पर्दे पर ले आए जब वह केवल 13 वर्ष की थी। श्री चमरिया द्वारा निर्मित दहेज-विरोधी फ़िल्म ''वरविरयम्'' उनकी प्रथम फ़िल्म थी। तब से उन्होंने लगभग सभी दक्षिण भारतीय भाषाओं और हिन्दी की भी 100 से भी अधिक फ़िल्मों में काम किया है।

डा. भानुमति समस्त विश्व में संभवत: एकमात्र ऐसी महिला हैं जो एक स्टूडियो की मालिक, निर्माता निर्देशिका, लेखिका, संगीत निर्देशिका और फ़िल्मों की महान गायिका हैं। उनका विवाह 1943 में फ़िल्म निर्माता, निर्देशक तथा संपादक पी.एस. रामाकृष्णा राव से हुआ।

उन्होंने 1953 में ''चांदी रानी'' की पटकथा स्वयं लिखी और उनका निर्देशन किया तथा तमिल तेलुगु और हिन्दी में बनी इस फ़िल्म में उन्होंने दोहरी भूमिका निभाई। उनका प्रथम कथाचित्र जेमनी का ''निशान'' था।

जब 1956 में आन्ध्र प्रदेश राज्य बना तो डा. भानुमति पहली महिला थी जिन्हें राज्य स्तर का सम्मान प्राप्त हुआ। ''अन्नाई (तमिल)'', ''अन्तसतुलु (तेलुगु)'' और ''पलान्ती युद्धम् (तेलुगु) में अभिनय के लिए उन्हें सर्वोत्तम अभिनेत्री के राष्ट्रीय पुरस्कार मिले। ''रंगून

शेष पृष्ठ 152 पर

DR BHANUMATHI RAMA-KRISHNA the illustrious thespian/ directress, music director, singer and writer was born in Ongole Andhra Pradesh on September 7, 1925. Inheriting music from her parents, she received sound training in music and histrionics from her father Bommaraju Venkatasubbiah. Producer-Director C. Pulliah a pioneer of Telugu films introduced her to the Telugu screen when she was just thirteen in age. Her first picture was ''Varavirayam'' an anti-dowry flm produced by Mr. Chamaria. Since then she has worked in over 100 pictures in almost all the languages of South India and also in Hindi.

Dr. Bhanumathi is possibly the only lady in the whole world who is a studio owner, producer, director, writer, music director and also a great singer for films. She was married to P.S. Ramakrishna Rao, a film producer, director and editor in 1943.

In ''Chandi Rani'' written and directed by herself she acted a dual role in Tamil, Telugu and Hindi versions in 1953. Her first Hindi picture was Gemini's ''Nishan''.

Dr. Bhanumathi was the first lady receipient of State Honours in 1956, when Andhra Pradesh State was formed. She received the National Awards as Best Actress for her acting in ''Annai'' (Tamil), ''Anthastulu'' (Telugu) and ''Palanti Yuddham'' (Telugu). Dr. Annadurai of Tamil Nadu

Continued on page 152

सर्वोत्तम फ़िल्म समीक्षक पुरस्कार

प्रीतिमान सरकार

समीक्षक: **प्रीतिमान सरकार** को स्वर्ण कमल तथा 15,000 रुपए का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम फ़िल्म समीक्षक का 1993 का पुरस्कार **प्रीतिमान सरकार** को दिया गया है। उनके लेख गंभीर फ़िल्म समीक्षा के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। विद्वतापूर्ण और फ़िल्मों की सूक्ष्म बारीकियों के प्रति संवेदनशील इन लेखों में उन्होंने फ़िल्म समुदाय के अपने वर्षों के अनुभव का निचोड़ सोत्साह प्रस्तुत किया है। निर्णायक मण्डल, कला के रूप में सिनेमा के बारे में पूरी जानकारी देने तथा उसके प्रति उनके प्यार से बहुत प्रभावित हुआ है।

AWARD FOR THE BEST FILM CRITIC 1993

PRITIMAN SARKAR

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 15,000 to the Critic: **PRITIMAN SARKAR**

Citation

The Award for the Best Film Critic of 1993 is given to PRITIMAN SARKAR. His articles are a fine example of serious film criticism. Scholarly and sensitive to minute details of films, he has distilled years of his experience as a film society enthusiast into his writing. The Jury was impressed by his insights and his love for cinema as an art form.

प्रीतिमान सरकार : जनवरी, 1940 में जन्मे प्रीतिमान सरकार ने प्रेसीडेंसी कालेज, कलकत्ता से भौतिकी का अध्ययन किया और वर्ष 1964 में आई. ए. एस. (उड़ीसा संवर्ग) में प्रवेश करने से पूर्व उन्होंने उसी कालेज में भौतिकी का अध्यापन कार्य किया।

उड़ीसा सरकार में अनेक पदों पर कार्य करने के अलावा वे लगभग 15 वर्ष की अवधि के लिए तीन बार प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में भारत सरकार में कार्यरत रहे। आजकल वे भुवनेश्वर में उड़ीसा सरकार में कार्यरत हैं।

20 वीं शताब्दी के सातवें दशक के शुरू में वे कलकत्ता फ़िल्म सोसायटी के सक्रिय सदस्य थे। बाद में राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी, मसूरी की फ़िल्म सोसायटी के सचिव (1964-65) बने। उन्होंने एक पत्रिका का प्रकाशन किया जिसमें केवल आई. ए. एस. परिवीक्षाधीन अधिकारियों के लेख शामिल हैं। आठवें दशक के शुरू में वे भारतीय फ़िल्म सोसायटी महासंघ (एफ. एफ. एस. आई.) दिल्ली के कोषाध्यक्ष रहे। सरकार ने इफसोन (भारतीय फ़िल्म सोसाइटी समाचार) भारतीय फ़िल्म सोसायिटी महासंघ, दिल्ली की पत्रिका प्रकाशित करना शुरू कर दिया। वे "भारतीय फ़िल्म कल्चर", "द रेडिकल हुमेनिस्ट", "डीप फोकस" तथा "स्पेशल इफेक्ट" के लिए फ़िल्म के विभिन्न पहलुओं पर भी लिखते रहे हैं। सरकार ने भारतीय टाकीज़ के 50 वर्ष मनाने के विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया है।

PRITIMAN SARKAR: Born in January 1940 Pritiman Sarkar studied Physics at Presidency College, Calcutta and then taught Physics at the same College before joining the IAS in 1964 (Orissa Cadre).

Apart from holding various assisgnments in Government of Orissa, he has worked in Government of India in Delhi on deputation thrice for a total period of about 15 years. Presently he is working at Bhubaneswar, with the Orissa Government.

An active member of Calcutta Film Society in the early sixties, he later became Secretary of the Film Society of the National Academy of Administration, Mussoorie (1964-65). Brought out a journal devoted exclusively to the articles written by IAS Probutioners. In the early seventies, he was the Treasurer of the Federation of Film Societies of India (FFSI) Delhi. Sarkar started bringing out IFSON (Indian Film Society News), the journal of FFSI, Delhi, He has also been writing on various aspects of film for "Indian Film Culture", "The Radical Humanist" and "Deep Focus" and "Special Effects." Sarkar organised a special programme to celebrate 50 years of Indian Talkies.

पृष्ठ 149 का शेषांश

राधा'' में उनके अभिनय के लिए तमिल नाडु के डा. अन्ना दुरै ने उन्हें ''नाडिप्पुक्कु इलक्कणम्'' की उपाधि से सम्मानित किया। उन्हें अन्य सम्मान भी मिले।

के.एन.टी. शास्त्री सिनेमा ग्रुप आफ पब्लिकेशन्स का संचालन करते हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य सिनेमा पर ''**उच्च स्तरीय साहित्य**'' प्रकाशित करना है।

सिनेमा ग्रुप ने अरुद्रा वी.ए.के. रंगाराव, जी श्री हरि जैसे प्रसिद्ध व्यक्तियों और अन्य लोगों द्वारा लिखे गए लेखों का संक्षिप्त संग्रह प्रकाशित किया है जिसमें वर्ष 1986 में हैदराबाद में आयोजित फ़िल्म समारोह के समय के तेलुगु सिनेमा का विस्तृत विवरण मिलता है।

शास्त्री एक सुप्रसिद्ध पत्रकार, स्तम्भ लेखक और लेखक हैं। उन्हें 1989 में सर्वोत्तम फ़िल्म समीक्षक का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।

Continued from page 149

[DR. BHANUMATHY RAMAKRISHNA] honoured her with a title ''Nadippukku Ilakkanam'' for her performance in ''Rangoon Radha''. In 1966, she was conferred the Padmashri by the Government of India. She has won other honours also.

K.N.T. SASTRY is managing Cinema Group of Publications, with the avowed objective of bringing out ''classy'' literature on Cinema.

The Cinema Group brought out a compendium of articles written by eminent people like Arudra, V.A.K. Ranga Rao, G. Srihari and others giving details of the Telugu Cinema at the time of the 1986 Film Festival held at Hyderabad.

Sastry himself is a well-known journalist, columnist, and writer. He received the National Award as the best film critic in 1989.

कथासार कथाचित्र	Synopses: Feature Films

अबर्तन

असमिया/रंगीन/105 मिनट

निर्माता/निर्देशक/पटकथा लेखक: डा. भूबेन्द्र नाथ सइकिया। **मुख्य अभिनेता:** तपन दास। **मुख्य अभिनेत्री:** मृदुला बरूआ। **सह अभिनेता:** जयंत दास। **सह अभिनेत्री:** जूरी सरीना। **कैमरा-मैन:** कमल नायक। **ध्वनि आलेखक:** दुर्गा मित्रा/हिरेन्द्र प्रसाद भट्टाचार्य। **संपादक:** निकुंज भट्टाचार्य। **कला निर्देशक:** नुरूद्दीन अहमद **संगीत निर्देशक:** नारायण बरूआ/देवेश्वर सरीना। **नृत्य संयोजक:** हेमा कलीबा।

जयन्ती ने, जब वह अपने गांव के स्कूल में ही पढ़ती थी, नृत्य करना, ड्रामे में भाग लेना और कविता पाठ करना प्रारम्भ कर दिया था। जब उसने सारे राज्य में फैल गए राजनैतिक आन्दोलन में भाग ले लिया तो नगर में उसकी कालेज की पढ़ाई बीच में ही खत्म हो गई। सर्वप्रथम वह स्वैच्छिक कार्यकर्ता के रुप में लोगों से चंदा इकट्ठा किया करती थी। जब उसे बड़े नेताओं को चंदा देना पड़ा तो वह भी एक छोटी नेता बन गई।

धीरे-धीरे उसका जीवन दागदार हो गया। यहां तक कि, जब वह अपने गांव और अपने परिवार में लौटती थी, तो उसका कोई स्वागत नहीं करता था और उसे एक भ्रष्ट महिला समझा जाता था।

जयन्ती को अपनी जन्मजात प्रतिभा का सहारा लेना पड़ा। उसने एक ''मोबाइल थियेटर'' में काम करना शुरु कर दिया और स्वयं को थियेटर की एक अच्छी अभिनेत्री और प्रतिष्ठित तथा आकर्षक व्यक्तित्व के रुप में स्थापित किया।

जिस थियेटर कम्पनी में जयंती काम करती थी उस में 'निहार' 'नायक'' था। वह विवाहित था और उसकी एक पुत्री भी थी। परन्तु उसने कहा कि उसने जयंती के लिए ही थियेटर में काम करना स्वीकार किया है। जयंती ने जीवन को हमेशा उसी प्रकार स्वीकार किया था जिस प्रकार वह चल रहा है। उसने स्वयं पर नियंत्रण रखने की कोशिश नहीं की और निहार और उसके आगे बढ़ने की क्रियाओं के सामने उसने चुपचाप समर्पण कर दिया।

परन्तु अब तक जयंती के परिवार के सदस्य पूरी तरह उसकी आजीविका पर निर्भर करने लगे थे, इसलिए उन्होंने खुशी से उसके इस संबंध को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने अपना भविष्य और अपना आरामदायक जीवन बिताने की बात को ध्यान में रखते हुए उसका शोषण किया।

थियेटर कम्पनी के मालिक, जिनका भाग्य जयंती के आकर्षण और उसके निष्पादन पर निर्भर था, उसे कानूनी तौर पर केवल उनकी कम्पनी में ही रहने के लिए बाध्य करते थे।

जयंती परिमल नाम के एक इंजीनियर के संपर्क में आई, जिसने अभी तक अनुशासनहीन जीवन बिताया था। दोनों ने एक दूसरे में कुछ न कुछ असाधारण पाया। उनकी मित्रता ने अपने जीवन को नए सिरे से देखने के लिए उनके लिए रास्ते खोल दिए। एक दिन, परिमल ने महसूस किया कि वह थका हारा और अकेला है, इसलिए शायद वह जयंती ही है जिसे वह अपना जीवन साथी बनाकर अपने मन की शांति प्राप्त कर सकता है। उसने जयंती को विवाह-प्रस्ताव रखा, जो एकदम हैरान रह जाती है। उसने अपने आप को चारों ओर से पूरी तरह घिरा हुआ पाया।

जयंती की स्वतंत्रता का संघर्ष निहार के विरुद्ध शुरु हो जाता है, उसके पश्चात् यह संघर्ष ड्रामा कम्पनी तथा अंत में उसके परिवार के विरुद्ध होता है। बेहतर और उज्ज्वल जीवन देखने की उसकी इच्छा आखिर रंग लाई। जयंती ने परिमल के साथ बसर करने के लिए जीवन की नई शुरुआत की।

ABARTAN

Assamese/Colour/105 min
Producer/Director/Screenplay: Dr. Bhabendra Nath Saikia. **Leading Actor:** Tapan Das.. **Leading Actress:** Mridula Barua. **Supporting Actor:** Jayanta Das. **Supporting Actress:** Juri Sarina. **Cameraman:** Kamal Nayak. **Audiographer:** Durga Mitra/Hirendra Prasad Bhattacharya. **Editor:** Nikunja Bhattacharya. **Art Director:** Nuruddin Ahmed. **Music Director:** Narayan Barua/Deveswar Sarina. **Choreographer:** Hema Kaliba

Jayanti used to dance, act in drama and recite poems, while she was in school at her village. Her collegiate life, in the city, came to an end, when she joined a political movement, which engulfed the whole state. First, she used to collect donations from the people as a volunteer. Then she became a small leader when she had to give donations to the big leaders. Gradually, her life became stained. So much so, when she had to return to her home, for the whole village and her family, she was an unwelcome and a disgraced person.

Jayanti had to fall back upon her inherent talent. She joined a "mobile theatre" company and established herself as a good actress and a celebrated and glamorous personality of the theatre.

Nihar was the "hero" of the theatre company, for which Jayanti worked. He was already married and had a daughter. But he said that it was for Jayanti only that he had decided to work in the theatre. Jayanti had always been accepting life as came by to her. She did not try to control herself and submitted meekly to Nihar and his advances.

The proprietors of the theatre company, whose fortunes were dependent on Jayanti's glamour and performance, bind her legally to stay with their company only.

Then Jayanti came across Parimal, an engineer, who had spent an indisciplined life. Each discovered something extraordinary in the other. Their friendship opened new doors for them to look into their own lives afresh. One day, Parimal felt that he was tired and lonely and it was in Jayanti he could probably find his partner for life and peace of mind as well. He proposed to Jayanti, who at first was bewildered. She found herself closely fenced on all sides.

The struggle for Jayanti's freedom starts against Nihar, then the drama company and finally her family. An urge for seeing the better and brighter side of life ultimately triumphs. It helps Jayanti to start once again a new journey, with Parimal by her side.

आकाश दूतु

मलयालम/रंगीन/135 मिनट
निर्माता: अनुपमा सिनेमा। **निर्देशक:** सिबी मलायिल। **पटकथा लेखक:** डेनिस जोसेफ। **मुख्य अभिनेता:** माधवी। **बाल कलाकार:** सीना एन्थनी। **कैमरामैन:** आन्दकुट्टन। **संपादक:** भूमिनाथन। **कला निर्देशक:** कृष्ण नकुट्टी। **संगीत निर्देशक:** औस अप्पचन **गीतकार:** ओ. एम. टी. कुरूप। **पार्श्व गायिका:** चित्रा।

फ़िल्म की कहानी ईसाई पृष्ठभूमि की है जिसे पहाड़ी के साथ बसे एक गाँव में दर्शाया गया है, जहाँ एक सुखी परिवार रहता है। परिवार में एन्नी उसका पति जॉनी तथा उनके चार बच्चे हैं। उनकी बेटी मीनू सबसे बड़ी है, उसके बाद जुडवाँ बच्चे टोनी और रोनी हैं तथा एक बेबी है। रोनी अपंग है, परन्तु उसे परिवार के सभी सदस्य बहुत प्यार करते हैं।

एन्नी तथा जॉनी दोनों ही अनाथ थे। एक हितैषी और उनका भला चाहने वाले पादरी द्वारा वे शादी के बंधन में बंध जाते हैं। चूंकि वह शिक्षणालय का रेक्टर है, वह उन्हें नौकरी दे देता है। एन्नी वायलिन की शिक्षका है और उनका घर सुख-शांति का स्थान है। परन्तु एक छोटी सी कमी रह जाती है। जॉनी को शराब पीने की लत है यद्यपि परिवार के सभी लोग उसे प्यार करते है।

एक दिन जुड़वां भाईयों में एक की दुर्घटना हो जाती है। खून की जरूरत पड़ती है तो उस समय एन्नी की खून की जाँच करते समय डाक्टर को पता चलता है कि उसे लुकेनिया की बीमारी है। वह हिम्मत वाली महिला है और मृत्यु का उसे डर नहीं है। परन्तु वह अपने परिवार के बारे में चिन्तत है। जॉनी को भी काफी धक्का लगता है और वह यह शपथ लेता है कि वह भविष्य में कभी शराब नहीं पिएगा और वह अपनी शपथ कभी नहीं तोड़ता।

जब वह अंतिम क्षणों पर चल रही होती है तो जॉनी एक लड़ाई-झगड़े में अचानक मारा जाता है। एन्नी को गहरा आघात लगता है। बिना अपने किसी घर के और बिना किसी बचत के वह अपने बच्चों के लिए बेचैन रहने लगती है। पुन: पुजारी की सहायता से वह अपंग रोनी को छोड़कर, बाकी सभी के लिए पोषक माता-पिता ढूंढने में सफल होती है।

जिस घर में कभी ध्वनि, संगीत और हंसी के फौहारे छूटते थे अब उसमें अचानक केवल एन्नी और रोनी के रह जाने से वातावरण एकान्त और शांत हो जाता है।

क्रिसमस की पूर्व संध्या पर वह अपने बच्चों का बेचैनी से इंतजार करती है, जिन्हें उसने आंमत्रित किया था। वह उनसे पुन: मिलने के ख्याल में डूबी होती है जब उसे अचानक झटका लगता है और वह देखती है कि उसे तेज ब्लीडिंग हो रही है। वह उसी रात मर जाती है।

उसे दफनाने के बाद टोनी के पोषक माता-पिता रोनी को भी अपने साथ ले जाते हैं।

AAKASA DOOTHU

Malayalam/Colour/135 min.
Producer: Anupma Cinema. Director: Sibi Malayil. Screenplay: Dennis Joseph Leading Actor: Murali. Leading Actress: Madhavi. Child Artist: Seena Antony. Cameraman: Anandakuttan. Editor: Bhoominathan Art Director: Krishnankutty Music Director: Ousappachan. Lyricist: O.M.T Kurup. Female Playback Singer: Chithra.

The story with a Christian background is set in a village by the hillside where lives a happy family. It consists of Annie, her husband, Johny and their four children. The wisest is their daughter Meenu, then the twins, Tony and Rony a baby. Rony though handicapped is much loved by the family.

Both Annie and Johny had been orphans. They were joined in marriage by a benign priest, who is their well-wisher Rector of a seminary, he provides jobs. Annie is a violin teacher and Johny is a driver at an estate. Both of them are God-fearing and their house is a very happy place. But there is one little flaw. Johny has a weakness for liquor, though he is a very loving family man.

One day one of the twins has an accident. Blood is needed, and it is when examining Annie's blood for the purpose that the doctor realises she has luekemia. She is a woman of courage and death does not scare her. But she is worried about her family. Johny is shattered and he takes an oath that he will never touch liquor again, which he never breaks.

But she comes to a dead-end, when quite suddenly Johny gets accidentally killed in a fight. Annie is at a loss. With not even a house to call their own or savings to fall back, she starts worrying for her children. With the help of the priest, again, she is able to find foster-parents for them except Rony because he is handicapped.

The house that once bustled with sound and music and laughter suddenly becomes lonely and silent with just Annie and Rony.

On Christmas eve, she eagerly awaits her children whom she had invited. She jerks out of an vision of reunion only to find herself bleeding severely. She dies that night.

After the funeral, Tony's foster parents take Rony also with them.

अंतरीन

बंगला/रंगीन/ 91 एम.एम.
निर्माता: राष्ट्रीय फ़िल्म विकास निगम। **निर्देशक:** मृणाल सेन। **कहानी :** सदात हसन मांटो। **पटकथा :** शशि आनन्द। **मुख्य कलाकार :** अंजन दत्त । **अभिनेत्री :** डिम्पल कपाड़िया। **छायाकार/संगीत :** शशि आनंद। **संगीत आलेखक :** सुदीसा बोस, अनूप मुखोपाध्याय। **संपादक :** म्रिनमॉय चक्रवर्ती । **कला निर्देशक:** गौतम बोस।

''. . . . फिर एक दिन रात ही नीरवता में मैंने किसी की दम घोटने वाली और हृदय-विदारक सिसकियां सुनीं, जैसे कि कोई शय्या के नीचे या फर्श पर हो। एक दयनीय चीखती हुई आवाज आई और मुझसे अनुनय-विनय करने लगी।''ओ, मुझे बचा लो! इन तीव्र भ्रममोह के दरवाजों, मौत की भांति नींद तथा बेकार सपनों को तोड़ डालो, मुझे अपने घोड़े की काठी पर अपने साथ बैठा लो, मुझे अपने दिल से लगा लो और पहाड़ों, जंगलों तथा नदी को पार करते हुए मुझे अपने ऊपर के धूप वाले कमरों की गरम दीप्ति में ले जाओ। मुझे बचा लो।'' (रवीन्द्र नाथ टैगोर के ''हंगरी स्टोन'' से उद्धृत)

अपनी ही इच्छा से एकान्त में रहने वाला व्यक्ति वीरान पड़े हुए और जीर्ण-शीर्ण हो रहे मेंशन के अंदर आता है। शांति और रहस्य के वातावरण में वह व्यक्ति किसी चीज़ की खोज में विस्मयकारी वीथियों की भूलभुलैया में एक कमरे से दूसरे कमरे में भटकता है। वह मर कर भी किसी का सामना करना चाहता है।

एक रात को फोन की घंटी बजती है। व्यक्ति उसे उठाता है। टेलीफोन करने वाला तुरंत फोन का चोगा रख देता है। केवल डायल टोन रह जाती है। फोन के दूसरी ओर एक महिला है, जो एक ऊंची इमारत के बहुत बड़े अपार्टमेंट में रहती है । वह बिल्कुल अकेली है और परिस्थितियों के वश में है।

इस महिला को आधी रात के समय फोन करना अच्छा लगता है और पुरुष भी उसे रूखा जवाब नहीं देता। पुरुष यह नहीं जानता कि वह कौन है। महिला भी उसके बारे में कुछ नहीं जानना चाहती।

दिन बीतते जाते हैं और उनकी बातें बढ़ती जाती हैं। धीरे-धीरे अनिवार्य रूप में एक असंदिग्ध खेल शुरू होता है। क्या यह खेल और तीव्र हो जाता है? अव्यवस्थित रूप में बढ़ते हुए महानगर में एक अपरिभाष्य दूरी बनाए रखते हुए, पुरुष और महिला अपनी एक निराली दुनिया बनाते हैं। ऐसी दुनिया जो संवेदनशीलता से परिपूर्ण है।

एक विनाशकारी मध्य रात को बनाई गई यह दुनिया अचानक टूट जाती है। परन्तु जीवन चलता रहता है। और इसमें क्षोभ रह जाता है और इसमें दर्द जाता है।

ANTAREEN

Bengali/Colour/91 min.
Produer : National Film Development Corporation. **Director :** Mrinal Sen. **Story :** Sadat Hasan Manto. **Screenplay:** Shashi Anand. **Leading Actor :** Arun Dutt. **Leadinig Actress:** Dimple Kapadia. **Cinematographer :**

Shashi Anand. Audiographer: Sudipta Bose, Anup Mukhopadhyay. Editor : Mrinmoy Chakraborty. Art Director: Gautam Bose.

"... That day again at dead of night I heard the stifled heart - breaking sobs of someone, as if below the bed, below the floor. A voice piteously cried and implored me: "Oh, rescue me! Break through these doors of hard illusion, death like slumber and fruitless dreams, place me by your side on the saddle, press me to your heart, and, riding through hills and woods and across the river, take me to the warm radiance of your sunny rooms above. Rescue me!" (From "Hungry Stones" by Rabindranath Tagore.)

A recluse by his own choice, the man walks into a crumbling mansion, all deserted. In silence and mystery, the man wanders from room to room among the bewildering maze of alleys in pursuit of something, some one he is dying to confront.

One night the phone rings. The man picks it up. The caller immediately hangs up. What remains is the dialtone. One the other side of the phone is a women, one living in a fairly large apartment of a high-rise building. She is dreadfully lonely and captive of circumstances.

The women loves calling in the middle of the nights and the man does not sound unfriendly. The man does not know who she is. The women does not care to know about him either.

Days roll and talks mutiply. A queer game to start with, slowly but inevitably. Does it grow intense? Keeping themselves at an undefinable distance in sprawling metropolitan city, the man and the woman build a weird world, a world replete with sensuality.

In the middle of a fateful night, the world thus built suddenly collapses. But life goes on. And there is passion in it, there is pain in it..

अरण्य रोदन

उड़िया/रंगीन/37 मिनट

निर्माता: प्रसन प्रुस्ति: **निर्देशक/पटकथा लेखक:** बिप्लब रे चौधरी। **मुख्य अभिनेता:** लालतेन्दु रथ। **मुख्य अभिनेत्री:** प्रियवंदा रे। **सह अभिनेता:** राम चरण दास। **बाल कलाकार:** रामदास मुरोनु। **कैमरामैन:**राजू मिश्रा। **ध्वनि आलेखक:** नागेन्द्रनाथ बारिद/संजय पाठक। **संपादक:** बिप्लब रे चौधरी। **कला निर्देशक:** रंजन परिदा **संगीत निर्देशक:** शान्तनु महापात्र। **गीतकार:** लक्ष्मण मरांडी **पार्श्वगायिका:** सरोजिनी हेमब्रुम।

उड़ीसा के दूरदराज के एक जनजातीय गांव में एक स्थानीय एम एल ए और उसके अनुचरों द्वारा एक महिला का बलात्कार किया जाता है और उसकी मृत्यु हो जाती है। बलात्कार की शिकार महिला का पति एम. एल. ए. की हत्या कर देता है और उसे जेल हो जाता है। दबा दिए गए जुर्म के पीछे की सच्चाई जानने की कोशिश में कल्याणी नाम के पत्रकार उस गांव में जाती है। वह अपने संपादक को सच्चाई की रिपोर्ट भेजती है, जो राजनैतिक परिणामों को मद्देनज़र रखते हुए किसी ठोस सबूत के बिना इसे प्रकाशित करने के लिए मना कर देता है। पत्रकार पुन: गांव आती है। वह बलात्कार की शिकार महिला के 10 वर्षीय इकलौते बेटे का भार संभाल लेती है।

स्थानीय महाजन और उसके अनुचर इस क्षेत्र में एक और निर्मम जुर्म करते हैं, जब जनजातीय ग्रामीणों द्वारा बेकार पड़ी खाली जमीन पर खून-पसीना एक करके उगाई गई फसल को वे अवैध रूप में काट लेते हैं। इस बार बड़े पैमाने पर हत्याएं की जाती हैं और कई जन-जातीय महिलाओं का सामूहिक बलात्कार किया जाता है और उन्हे प्रायश्चित करने के लिए निर्धारित धार्मिक-कृत्य करना होता है। कल्याणी इस मामले की रिपोर्ट अपने संपादक को भेजती है, परन्तु उसे पुन: तोड़-मरोड़ कर यह कहकर प्रस्तुत किया जाता है कि यह जुर्म आतंकवादियों ने किया है। पत्रकार को दूसरी बार भी निराश होन पड़ता है।

कल्याणी का अपना वैवाहिक जीवन भी काफी समय से डोलायमान है। अब उसे न्यायालय का निर्णय प्राप्त होता हैं जिसमें उसके पति द्वारा कुछ समय पहले तलाक के आवेदन-पत्र पर उसे तलाक मिल जाता है। गरीब लावारिस जनजातीय बच्चा अब भी एक मां की आस कर रहा होता है। पत्रकार और हैताश जनजातीय लोगों के लिए बस अरण्य रोदन ही रह जाता है।

ARANYA RODANA

Oriya/Colour/37 min.

Producer: Prasan Prusti. **Director/ Screenplay:** Biplab Ray Chaudhuri. **Leading Actor:** Lalatendu Rath. **Leading Actress:** Priyambaba Ray. **Supporting Actor:** Rai Charan Das. **Child Artist:** Ramdas Muronu. **Cameraman:** Raju Mishra. **Audiographers:** Nagendra Nath Barid/ Sanjoy Pathak. **Editor:** Biplap Ray Chaudhuri. **Art Director:** Ranjan Parida. **Music Director:** Shantanu Mohapatra. **Lyricist:** Laxman Marandi. **Female Playback Singer:** Sarojini Hembrun.

A woman in an interior tribal village in Orissa is raped to death by the local MLA and his henchmen. The husband of the raped victim murders the MLA and is jailed. In a bid to uncover the truth behind the hushed down crime, Kalyani, a journalist, visits the village. She reports the truth to her Editor, who, afraid of political implications, refuses to publish the same without concrete proof. The journalist visits the village again. She takes charge of the only child of the rape victim.

The local mahajan and his henchmen commit yet another ghastly crime in the area, while harvesting illegally the crops, raised so painstakingly by the tribal villagers on fallow lands. This time, it is mass killing and gang-raping of several tribal women. These women are banished from the village as per the tribal system and they undergo the prescribed penance rituals. Kalyani reports the matter to her Editor, but the same is drastically distorted again, attributing the crime to terrorists .

Kalyani's own married life had been on the rocks for a long time and now she receives the court judgement granting her husband the divorce sought by him sometime earlier. The poor orphaned tribal child is still looking for a mother. For the journalist and the suffering tribals, it all remains Aranya Rodana, a cry in the wilderness.

बंगार पाटलर

तुलु/रंगीन/155 मिनट

निर्माता/निर्देशक/पटकथा लेखक: डा. रिचर्ड केस्टलीनो **मुख्य अभिनेता:** वामन राज। **मुख्य अभिनेत्री:** सुधा रानी। **सह अभिनेता:** रामदास देवडिगा/रमन्ना राय। **सह अभिनेत्री:** पदमा। **कैमरामैन:** सुन्दरनाथ सुवर्णा। **ध्वनि आलेखक:** मेनन **संपादक:** श्री निवास बाबू। **कला निर्देशक:** तम्मा लक्ष्मण। **वेशभूषा** डिजाइनर: डेनियल हेन्रिच। **संगीत निर्देशक:** "राघव" **गीतकार:** बी. रामा किर्डियन **पार्श्व गायक:** मनु/नरसिम्हा नायक। **पार्श्व गायिका:** मंजुला गुरूराज, छाया, नयना/**नृत्य संयोजक:** सतीश कमला।

पटेल और उसकी पत्नी गांव में एक हितैषी दम्पत्ति हैं। उनके दो बेटे हैं-- एक मेंगलूर में डाक्टर है जिसका नाम रामू है तथा दूसरा श्यामू, यू.एस.ए में एक कर्मचारी है।

स्कूल मास्टर सिक्वेरा, स्कूल मास्टर के रूप में अपनी नियुक्ति पर उस गांव के कल्याण के प्रति समर्पित है। उसका पटेल के साथ अच्छा मेल-जोल है।

एक पिछड़े समुदाय का चोमा और एक विधुर, पटेल की एस्टेट में नौकर है और उसके तीन बच्चे हैं--कार्गी-एक अविवाहित बेटी, नक्यूरा, जो मेंगलूर में रामू के आश्रय में विधि का छात्र है और लिंगप्पा, जो कि एक छात्र है।

एक अवैध शराब-व्यापार में लगे हुए नागप्पा की पुलिस इंस्पेक्टर रामकृष्ण द्वारा छानबीन की जाती है। नागप्पा जो कि स्थानीय एम.एल.ए के प्रभाव से जेल से बाहर आता है, रामकृष्ण का इस्तीफा प्राप्त करने का षड़यंत्र रचता है।

भूमि सुधार अधिनियम के अनुसार, ग्रामीणवासी उस भूमि को प्राप्त करने के लिए सरकार को घोषणापत्र दे रहे हैं जिस पर वे जोताई कर रहे हैं। पिछड़ी जाति का शेशा भी अपना घोषणा-पत्र देता है जिससे उसके नियोक्ता नागप्पा को फर्क पड़ता है और इस प्रक्रिया में उनका झगड़ा हो जाता है। शेशा इस घटना के बारे में पटेल को बताता है जो कि उससे सहमत होता है और उसका समर्थन करता है। क्रुद्ध होकर नागप्पा एक विख्यात व्यक्ति अंगारा को अपने घर से निकाल देता है परन्तु पटेल उसे आश्रय देता है।

युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पटेल चुनाव से अपना नामांकन वापिस ले लेता है। पटेल, बाबू नाम के लावारिस को भी आवास प्रदान करता है और बाबू को कार्गी से प्यार हो जाता है जो पटेल के एस्टेट में एक अन्य कर्मचारी है। पटेल इस अन्तर-जाति विवाह को कराने का यत्न करता है।

गांव में आने पर चोमा के बेटे नक्यूरा को नागप्पा द्वारा लुभाया जाता है जो कि उसे पटेल के खिलाफ़ काम करने के लिए उत्तेजित करता है।

नागप्पा की दौलत की शक्ति के बावजूद भी पटेल का उम्मीदवार चुनाव जीत जाता है और नागप्पा अवैध शराब निर्माण में लग जाता है। एक झगड़े में, वह एक लॉरी दुर्घटना के जरिए पुलिस कर्मियों को मरवा देता है। नया सबइन्सपेक्टर विश्वनाथ भी उसके कार्यकलापों को नियंत्रित करने में असफल रहता है।

एक दिन, जब कार्गी घर में अकेली होती है तो उसके अकेलेपन का फायदा उठाकर नागप्पा कार्गी का बलात्कार करने की कोशिश कर ही रहा होता है कि उसका भाई नक्यूरा घर वापिस आ जाता है और उसे बचा लेता है। नागप्पा धमकी देता है कि वह कार्गी को बदनाम करेगा और वह गांव में उसे वेश्या करार देता

है और नक्यूरा कुछ नहीं कर सकता।

अगले दिन चोमा का मृत शरीर उस कुएं से मिलता है जिसमें वह नागन्ना की घटिया बात सुन के डूब मरा था। नक्यूरा, पटेल से माफी मांगता है। नक्यूरा, नागन्ना को सबक सिखाना चाहता है। नागन्ना, नक्यूरा की हत्या करना चाहता है और रात को गांव में आग लगा देता है। गरीब लोगों की सम्पत्ति नष्ट हो जाती है। बापू भी इस आग में दूसरे लोगों को बचाते हुए जलकर मर जाता है।

स्कूल मास्टर के नेतृत्व में नागन्ना के व्यापारिक स्थान को नष्ट कर दिया जाता है और नागन्ना, पटेल के सामने आत्मसमर्पण कर देता है। नागन्ना के पैशाचिक कृत्य द्वारा सारा गांव राख के ढेर में बदल जाता है परन्तु पटेल भविष्य में गांववासियों की समृद्धि और कल्याण के लिए प्रार्थना करता है।

BANGAR PATLER

Tulu/Colour/155 min.

Producer/Director/Screenplay: Dr Richard Castelino. **Leading Actor**: Vaman Raj. **Leading Actress**: Sudha Rani. **Supporting Actor**: Ramdas Devadiga/Ramanna Rai. **Supporting Actress**: Padma. **Cameraman**: Sundernath Suvarna. **Audiographer**: Menon. **Editor**: R. Srinivas Babu. **Art Director**: Thamma Laxman. **Costume Designer**: Deniael Henrich. **Music Director**: "Ragdev". **Lyricist**: B. Rama Kirdian. **Male Playback Singers**: Manu/Narashimha Nayak **Female Playback Singers**: Manjula Gururaj, Chaya, Nayana **Choreographer**: Satish Kamala.

Patel and his wife are a benevolent couple in a village. They have two sons, one a Doctor by profession at Mangalore by name Ramu and the other, Shyamu, an employee in USA.

Sikvera the school-master dedicates himself to the welfare of that village, on his appointment as a school teacher. He has a good rapport with Patel.

Choma hailing from a backward community and a widower is employed in Patel's estate and he has three children, Kargi, a young unmarried daughter, Nakyura, studying law at Mangalore under Ramu's shelter and Lingappa, a student.

Naganna, who is engaged in illicit liquor business, is raided by a Police Inspector, Ramakrishna. Naganna after coming out from the jail with the influence of the local MLA plots the resignation of Ramakrishna.

In line with the Land Reforms Act, villagers are submitting declarations to the Government for owning the lands they were cultivating. Sesha, a backward community person also submits his declaration which affects his employer, Naganna, and in the process they have a brawl. Sesha relates to Patel the incident, who upholds his stand and supports him. Enraged Naganna vacates Angara, a well-known person from his house but Patel provides shelter to him.

Patel withdraws his nomination from the election contest to encourage the younger generation. Patel also provides accomodation to an orphan, Babu, and Babu falls in love with Kargi, who is also an employee in Patel's estate. Patel takes measures to arrange this inter-caste marriage.

Choma's son Nakyura on visiting the village is enticed by Naganna and makes him work against Patel.

Inspite of Naganna's money power Patel's candidate wins the election and Naganna indulges in illicit liquor manufacturing and in a scuffle he kills policemen in a staged lorry accident. One day, when Kargi in alone at home, taking advantage of her loneliness Naganna tries to rape Kargi; her brother Nakyura returns home and saves her. Naganna threatens that he would defame Kargi and brand her as a prostitute in the village and Nakyura becomes helpless.

Next morning Choma's dead body is found in a well in which he drowned after hearing of the intended wicked act of Naganna. Nakyura begs the pardon of Patel. Nakyura decides to teach a lesson to Naganna. Naganna tries to kill Nakyura and sets fire to the village in the night. The poor people loose their property. Kargi gets burnt. Babu also dies in the engulfing fire, while rescuing the innocent victims.

Naganna's business place is destroyed under the leadership of the school master and Naganna surrenders to Patel. The entire village is turned to ashes by the devilish act of Naganna, but Patel prays all the same for the prosperity and welfare of the villagers in the future.

चराचर

बंगला/रंगीन/86 मिनट
निर्माता : गोप मूवीज़ प्रा.लि.। **निर्देशक/पटकथा :** बुद्धदेव दासगुप्ता। **मुख्य अभिनेता :** रजत कपूर। **मुख्य अभिनेत्री :** लाबोनी सरकार। **सह अभिनेता :** साधु मेहर। **सह अभिनेत्री :** इन्द्राणी हलदर। **कैमरामैन :** सौमेन्दु राय। **ध्वनि आलेखक :** ज्योति चटर्जी, अनूप मुकर्जी। **संपादक :** उज्जल नंदी। **कला निर्देशक :** मित्रा। **संगीत निर्देशक :** विश्वदेव गुप्ता।

कई पीढ़ियों तक, लखिन्दर के परिवार के लोग दूसरे देशों से आने वाले पक्षियों को पकड़ कर और उन्हें बेचकर अपना जीवन-यापन करते थे। फिर भी, इस कार्य की प्रक्रिया के दौरान लखिन्दर को पक्षियों से प्रेम होने लगता है। वह सोचता है कि वे दूसरे ध्रुवों से आए हुए पर्यटक हैं।

चार वर्ष पूर्व, लखिन्दर ने अपने तीन वर्षीय बेटे नेताई को एक मरा हुआ पक्षी पकड़े हुए देखा था। जब उससे पूछा गया तो नेताई ने बताया कि वह उसे दफनाने जा रहा है ताकि वह खिलखिलाते पक्षियों की तरह वृक्ष के रूप में पैदा हो सके। उसके अगले ही दिन, नेताई भी मर जाता है। उसके पिता उसकी बात को सोचकर हैरान थे कि वह क्या बनेगा?

अपने पुत्र की मृत्यु, के पश्चात्, लखिन्दर पक्षियों से इतना प्रभावित होता है कि अब सदियों से चले आ रहे व्यापार में उसे कोई दिलचस्पी नहीं रह जाती। वह अपनी पत्नी सारी के नटबर के साथ विकसित हो रहे निकट संबंधों में भी कोई हस्तक्षेप

नहीं करता जो पकड़े हुए पक्षियों को इकट्ठा करता है और उन्हें शाश्मल नाम के बिचौलिए को बेच देता है। लखिन्दर का वरिष्ठ सहयोगी भूषण उसे सचेत करने का प्रयत्न करता है। परन्तु लखिन्दर उस की ओर ध्यान नहीं देता। वह पकड़े हुए पक्षियों में से आधिकांश को छोड़ देता है और शाश्मल के लिए कुछ ही पक्षी रख देता है। सारी अपने पति को चाहती है परन्तु पक्षियों के प्रति उसका अजीब आकर्षण उसे अपनी पत्नी से दूर कर देता है। सारी उससे दूर हो जाती है।

अन्त में जब लखिन्दर को यह लगता है कि कहीं वह उससे हमेशा के लिए वंचित न हो जाए, तो वह और पैसा कमाने के लिए कलकत्ता के एक पक्षियों के व्यापारी को सीधे ही पक्षी बेचने का दु:खद निर्णय लेता है। कलकत्ता में, उसे उस समय अपने जीवन का गहरा सदमा पहुंचता है, जब व्यापारी के घर में पक्षी पूजा के धार्मिक कृत्य के बाद दोपहर के भोजन में उन्हें उन्हीं पक्षियों का पका हुआ मीट परोसा जाता है जिन्हें वह अपने गांव से लाया था। लखिन्दर अब इस व्यक्ति के पास पक्षी लाकर बेचना बंद कर देता है। वह खाली जेब घर लौटता है। उसकी संवेदनशक्ति इतनी बिगड़ जाती है कि वह पूरी तरह सनकी हो जाता है, वह पक्षी पकड़ता है और बाद में उन्हें छोड़ देता है।

सारी के नटबर के साथ भाग जाने की खबर भूषण की बेटी गौरी, लखिन्दर को देती है। वह लखिन्दर के नम्र स्वभाव के लिए उसकी प्रशंसा करती है और सारी को खो देने का उसका दुख देखकर उसके प्रति अपना प्यार व्यक्त करती है। लखिन्दर उस के प्यार के प्रति कोई प्रतिक्रिया नहीं करता। भूषण उसे इस स्थिति से उबारने के लिए लखिन्दर को उकसाता है कि वह सारी को वापिस ले आए। नटबर के साथ उसकी मोटर साईकिल पर जाते हुए उसका लखिन्दर के साथ सामना हो जाता है। अचानक भावावेश में आकर वह सारी को उतरने का आदेश देता है और घर वापिस आने के लिए कहता है। वह अपने प्रतिद्वन्दी का गला लगभग दबा देता है, सारी अपने प्रेमी के जीवन की प्रार्थना करती है और वह लखिन्दर के साथ जाने के लिए राज़ी हो जाती है। कुछ कदम चलने के बाद सारी उससे पूछती है कि वह उसे क्यों चाहता है। लखिन्दर के पास इस

का कोई उत्तर नहीं होता, इसलिए वह उसे नटबर के पास वापिस जाने के लिए कहता है, जो कि उसकी प्रतीक्षा कर रहा होता है।

लखिन्दर अपनी खाली पड़ी झोपड़ी में वापिस लौट जाता है। उस रात, उसके कमरे में पक्षी ही पक्षी आते हैं, जो अपने पंखों से उसे अपना अंतिम आश्रय देते है।

CHARACHAR

Bengali/Colour/86 min
Producer : Gope Movies Pvt. Ltd.. **Director/Screenplay** : Buddhadeb Das Gupta. **Actor** : Rajat Kapoor. **Actress** : Laboni Sarkar. **Supporting Actor** : Sadhu Meher. **Supporting Actress** : Indrani Halder. **Cameraman** : Soumendu Roy. **Audiographer** : Jyoti Chatterjee, Anup Mukherjee. **Editor** : Ujjal Nundy. **Art Director** : Shatadal Mitra. **Music Director** : Biswadeb Das Gupta.

For generations, the men in Lakhinder's family had caught and sold migratory birds for a living. In the course of this work, however, Lakhinder comes to love the birds. He imagines that they are "Visitors from other Planets."

Four years earlier, Lakhinder had seen his three year old son, Netai, carrying a dead bird in his hands. When questioned, Netai replied that he was going to bury it so that it could grow into a tree full of blossoming birds. The very next day, he himself died. What did he become, his father wondered.

After the death of his son, Lakhinder, becomes so obsessed by birds that he no longer enjoys his ancestral trade. He does not even interfere the too-close relationship which his wife, Sari, was developing with Natabar, who collects the catch and sells them to a local middleman, Shasmal. Bhushan, Lakhinder's elderly colleague, tries to alert him, but Lakhinder's mind is elsewhere. He sets free most of the birds that he catches and keeps only a few for Shasmal. Sari is fond of her husband, but his strange attraction to birds alienates him from her. Sari drifts away from him.

When Lakhinder finally realises that he might lose her forever, he takes the painful decision to earn more money by selling birds directly to a Calcutta-based bird-dealer. In Calcutta, he gets the shock of his life when at lunch after the rituals of bird-workship at the trader's house, they are served the cooked meat of the very birds he had brought from his village. Lakhinder cannot bring himself to sell birds to this man any more. He returns home with empty pockets and a sensibility so shaken that he becomes completely obsessed and catches birds only to release them later.

The news that Sari has left him for Natabar is brought to Lakhinder by Bhushan's daughter, Gouri. She adores Lakhinder for his gentle nature and, seeing his grief over the loss of Sari, expresses her love for him. Lakhinder does not reciprocate.

Bhushan, in an effort to make him snap out of it, provokes Lakhinder to try to get Sari to return. Lakhinder encounters her travelling on a motorcycle with Natabar. In a sudden fit of rage, he orders Sari to get down and come home with him. He almost throttles his rival and, begging for her lover's life, Sari agrees to go with Lakhinder. After taking only a few steps, Sari asks him why he wants her. Lakhinder has no answer, and tells her to go back to Natabar, who is waiting for her.

Lakhinder returns to his empty hut. That night, birds and birds and birds fly into the room, giving him the final shelter of their wings.

चिन्नरी मुथा

कन्नड़/ रंगीन / 90 मिनट

निर्माता : नंदकुमार, सरोजा, नागिनी नागभरणा। **निर्देशक :** टी. एस. नागभरणा, सी. अस्वथ। **कहानी- संवाद-गीत:** डा. एच.एस. वेंकटेश मूर्ति। **छायांकन:** बी सी गौरीशंकर। **संगीत निर्देशक :** सी. अस्वथ। **संपादक:** सुरेश उर्स। **कला निर्देशक:** शशिधर अडपा, अप्पया। **वेशभूषा डिज़ाइनर:** नागिनी नागभरणा। **कलाकार :** विजय राघवेन्द्र, दत्तात्रेय, शांतम्मा, कृष्णे गोवदा, अविनाश, श्रीधर, सुधा रानी, शिवम्, सुंदरराज, नागिनी नागभरणा, बेबी स्मिता।

प्रत्येक बच्चा प्रच्छन्न प्रतिभा से भरपूर होता है। उचित समय पर तैयार करने, उचित प्रयोजन के लिए काम में लगाने और उचित मार्ग में चलाने से यह संभव है कि बच्चे के भीतर की ''शक्ति'' को जागृत करके उसे उत्कृष्टता की ऊचांइयों तक पहुँचा जा सके। उद्देश्य स्पष्ट होना चाहिए और मार्ग साफ होना चाहिए। यही बात चिन्नरी मुथा में दिखाने की कोशिश की गई है।

मुथा एक संवेदनशील युवक है। वह समाज के निम्न स्तर से सबंधित है। वह अपनी दादी के साथ रहता है जो जलाने की लकड़ियाँ बेचकर बड़ी मुश्किल से अपनी थोड़ी-सी कमाई में गुजारा करती है।

जीवन में तेज भागना मुथा का अभिन्न अंग था। लेकिन न ही वह और न ही उसके इर्द-गिर्द के लोग उसकी इस सहज प्रतिभा से अवगत थे। दादी के मरने के पश्चात् प्रसन्नचित मुथा अकेला हो गया। गाँव के मुखिया के घर में बंधुआ मजदूर बन गया। वह न केवल दादी के प्यार और देखभाल से बल्कि बाहर जाकर अपने मित्रों के साथ खेलने की स्वतंत्रता से भी वंचित हो गया। वह गाँव के मुखिया के पशुओं को जंगल में चराने के लिए ले जाने के लिए उसे तैयार कर लेता है। अब वह जंगल में अपने मित्रों से मिल जाता है। उसकी खुशी की सीमा नहीं रहती।

एक दिन जब वे खेल रहे थे, एक गाय भटक जाती है। इसके परिणामों से डरकर, वह गाँव से भागकर एक बड़े शहर में आ जाता है। यहाँ उसे हरेक चीज अजीब लगती है। वह वहाँ एक ऐसे युवा लड़कों के दल में फँस जाता है जो ''दादा'' की स्नेहपूर्ण देखभाल और योग्य मार्गदर्शन में जूते चुराने का काम अपनी जीविका कमाने के लिए करते हैं। वह अकेला बूढ़ा आदमी है जो अपनी खुशी इन युवा बच्चों के साथ रहने में पाता है।

एक दिन, जब स्टेडियम से चुराए हुए जूते लेकर मुथा भाग रहा होता है, दौड़ने का प्रशिक्षण दे रहे पेशेवर प्रशिक्षक सावंत द्वारा पीछा करके पकड़ लिया जाता है। मुथा को चोर समझने के स्थान पर सावंत उसमें महान् धावक के गुण देखता है। वह खुशी से पागल हो जाता है। अंत में, उसे एक ऐसा आश्रित मिल जाता है जिसकी वह लगातार खोज कर रहा था। सावंत, मुथा को अपनी देखरेख में ले लेता है और उसके दौड़ में भाग लेने के लिए प्रशिक्षित करना प्रारम्भ करता है। धीरे-धीरे और नियमित अभ्यास से मुथा एक सफल धावक बन जाता है और कठोर प्रशिक्षण और अध्यवसाय से राज्य-स्तर की प्रतियोगिता में 'स्वर्णपदक' जीत

लेता है। वह दादा के उन सभी बच्चों को भी सावंत के कैंप में लाना चाहता है ताकि वे भी उस प्रयोजन मूलक जीवन का अनुभव प्राप्त कर सकें जिसका अनुभव उसने किया है। वह दादा को इसके लिए राज़ी करता है और सावंत भी दादा को कायल करता है। बच्चे, मुथा के साथ आ जाते हैं। सावंत उन सभी को प्रशिक्षित करके रिले-दौड़ के लिए एक अच्छी टीम तैयार करता है। टीम अखिल भारतीय प्रतियोगिता में रिले-दौड़ में जीतती है।

इस फ़िल्म में गीत 8-12 आयु वर्ग के बच्चों द्वारा गाए गए हैं।

CHINNARI MUTHA

Kannada/Colour/90 min
Producers: Nanda Kumar/Saroja Nagini Nagabharana. **Director:** T.S. Nagabharana. **Screnplay:** T.S. Nagabharana, C. Aswath. **Story-Dialogue-Lyric:** Dr. H.S. Venkatesha Murthy **Cinematography** : B.C. Gowrishankar. **Music Director:** C. Aswath. **Editor:** Suresh Urs. **Art Directors:** Shashidhar Adapa, Appaia. **Costume Designers:** Nagini Nag Bharana **Cast:** Vijaya Raghavendra, Dattatreya, Shantamma, Krishnegowda, Avinash, Sreedhar Sudharani, Shivaram, Sunder Raj, Nagini NagBharana, Baby Smitha

Every child is full of potential talents. Tapped at the right time, harnessed for the right purpose and monitored in the proper path, it is possible to awaken the "achiever" inside the child, leading to great heights of excellence. In this process, just love and care not enough. The objective should be clear and the path must be cleared. This is what the film "Chinaari Mutha" tries to project.

Mutha is a vibrant young boy. He belongs to the lower strata of society. He lives with his grandmother, who is barely able to manage with small earnings by selling firewood.

Running fast was an integral part of Mutha. But neither he nor the people around him were aware of this innate talent.

The playful Mutha becomes a lonely soul after the grandmother dies and becomes a bonded labourer in the house of village-head. He is not only missing the love and care of grandmother, but also the freedom to go out and play with his friends. He manages to coax the village-head into permitting him to take the cattle to forest for grazing. Now he is back with his friends in the forest. His joy knows no bounds.

One day, while they were playing, one of the cows goes astray. Frightened of consequences, he runs away from the village and ultimately finds himself in a big city. Everything is a strange experience for him here. He gets into a group of young boys engaged in shoe-lifting as a livelihood under the loving care and able guidance of "Daada". He is a lonely old man, who finds his own happiness in the company of these young lads. One day, when Mutha is running away with stolen shoes from a stadium, he is chased and caught by Saavant, a professional coach training athletes in running. Instead of a thief,

Saavant sees the potential of a great runner in Mutha. Saavant takes Mutha under his care and starts training him for running race. Slowly and steadily, Mutha comes up as an acknowledged runner and with hard training and perseverence, goes on to win the Gold Medal in the state-level competition. He wants to bring all those Daada's boys also into Saavant's camp, so that they can also experience the thrill of a purposeful life as he has experienced. He persuades Daada and Saavant also convinces Daada. The boys join Mutha. Saavant trains them all and creates a fine team for the relay races. The team wins the relay race in an all-India competition.

The songs in this film are sung by children in the age group of 8-12 years.

डर

हिंदी /रंगीन /18 मिनट

निर्माता, निर्देशक : यश चोपड़ा। **पटकथा :** हनी ईरानी। **मुख्य अभिनेता:** सन्नी दिओल, शारुख खान। **मुख्य अभिनेत्री :** जूही चावला। **सह अभिनेता :** अनुपम खेर। **सह अभिनेत्री:** तनवी आज़मी। **कैमरामैन :** मनमोहन सिंह। **ध्वनि आलेखक :** अनुज माथुर। **संपादक :** केशव नायडु। **कला निर्देशक :** सुधेन्दु राय। **वेशभूषा डिज़ाइनर:** गौरी खान, नीता लुल्ला। **संगीत निर्देशक :** शिवकुमार शर्मा, हरि प्रसाद चौरसिया। **गीतकार :** आनंद बख्शी। **पार्श्व गायक :** हरिहरण, सुरेश भौंसले, उदित नारायण झा, विनोद राठौड़, अभिजीत। **पार्श्व गायिका :** लता मंगेशकर, पामेला चोपड़ा, कविता कृष्णामूर्ति, अल्का याग्निक। **नृत्य संयोजक :** सरोज खान, बी.एच. तरुणकुमार ।

डर यश चोपड़ा द्वारा बनाई गई सौंदर्यानुभूति विषयक फ़िल्मों की श्रृखंला में एक और फ़िल्म है।

डर, हर प्यार करने वाले के दिल में होता है। यह डर कि आपके प्यार को दूसरी ओर से प्यार नहीं मिलेगा, यह डर कि कहीं आप उसे खो न दें जिसे आप प्यार करते हैं, यह डर कि कहीं तुम्हारी प्रियतमा का दिल न बदल जाए। संक्षेप में, प्रत्येक प्रेम-कहानी में डर एक खलनायक के समान है। परन्तु डर में, डर अन्ततः इच्छा, सनक तथा बलिदान की व्याख्या है।

इस फ़िल्म का मुख्य पात्र है सुनील, जो एक बहादुर और ईमानदार युवक है जो कि जलसेना की सर्वोतोकृष्ट मेरीन कोमांडो फोर्स का एक अधिकारी है और दूसरा मुख्य पात्र राहुल है, जो कि मानसिक तौर पर विकृत युवक है। इन दोनों के बीच किरण है जो सुनील तथा राहुल के बीच झगड़े का कारण बनती है। सुनील, किरण को प्यार करता है जो बदले में उसे भी प्यार करती है और वे दोनों बड़ों के आशीर्वाद से शादी करना चाहते हैं।

सरस्वती की अस्पताल में मृत्यु हो जाती है। लड़का भवानी खो जाता है। जब कृष्णा वापिस आता है तो उसे पता चलता है कि उसका परिवार नहीं है। किस्मत से अचानक वह अपने बेटे को एक सर्कस में काम करते हुए और वहां रहते हुए ढूंढ लेता है। उसे यह सूचना भी मिलती है कि उसकी बेटी कलकत्ता में ''सोनागाची'' ''वेश्यालय'' में है। कृष्णा अपनी बेटी को वेश्यालय के अन्य लोगों के साथ रहते हुए ढूंढ लेता है। कृष्णा की परिस्थिति को पहचानते हुए, अधेड़ उम्र की वेश्याबाई गंगा कावेरी को वेश्यालय से ले जाने के लिए 5,000/- रू. की मांग करती है।

वेंकाचलम और धनुष की हत्या के लिए कृष्णा

को एक बार फिर जेल हो जाती है। कछ वर्षों के बाद , कृष्णा अपनी पत्नी यमुना और बच्चों के साथ कावेरी नदी के तट के पास बस जाता है। कृष्णा का जीवन, नदी की तरह, एक पूरे चक्र के समान है जो समुद्र में जा कर गिरती है और फिर वर्षा के रूप में आती है और पुन: नदी बन जाती है।

MAHANADHI

Tamil/Colour/165 min.
Producer: S.A. Rajkannu. **Director:** Santhana Bharathi. **Screenplay/ Leading/Actor:** Kamal Hassan. **Leading Actress:** Suganya. **Supporting Actor:** Poornam Viswanathan. **Child Artiste:** Baby Shobana. **Cameraman:** M.S. Prabhu. **Editor:** N.P. Satish. **Art Director:** Jaya Kumar. **Music Director:** Illayaraaja. **Lyricist:** Valee. **Female Playback Singer:** Shobana. **Choreographer:** Raghuram.

Krishnaswamy, a widower with two children, Kaveri and Bharani, is the proprietor of a betel-nut factory in Tanjore, Tamil Nadu.The only elder person in the family is his mother-in-law, Saraswathi Ammal. Seeing some NRIs, who had returned home, Krishnaswami aspires for abundant prosperity.

A Malayali con-man, Dhanushkodi, lures Krishna (as he is better known) to set up a chit fund in Madras. Krishna invests all his personal fortune into Dhanush's pompous chit fund, which is inaugurated by a big business magnate Venkatachalam. Krishna and his family settle down in a bungalow in a lonely suburb. Meanwhile the mother-in-law advertises in the newspaper for a bride for her widowed son-in-law. Krishna slowly smells trouble in Dhanush's fiscal dealings. Dhanush disappears with the loot by virtue of a power of attorney given in a weak and drunken moment by Krishna, who is physically beaten up by an angry mob of clients. Krishna goes to jail under IPC 420. He befriends an old Brahmin, Panjapakesan in jail. His daughter Yamuna is one of the many who had responded to the advertisement. A nurse, she becomes part of the family at home. Krishna falls for her. Meanwhile Krishna gets embroiled in a brawl with one of the prisoners turned warden. Krishna's remission is cut by the authorities and his prison sentence is extended.

Saraswathi falls critically ill and the little girl Kaveri, now 13, in her ignorance, goes to Dhanush for help. Dhanush who is good in "supplying" girls to rich men, takes Kaveri to Venkatachalam, who has a fetish for young girls.

Saraswathi dies in the hospital. The boy Bharani gets lost. When Krishna comes out, he realises he has no family. By strange luck, he finds his son working and living with a street circus. He also gets information that his daughter is in Calcutta in a place called "Sonagaachi" the "land of the prostitutes."

Krishna finds his dauther there among the brothel inmates. Realizing Krishna's plight, the prostititues led by a middle-aged prostitute, Ganga, pool in Rs. 5,000 for the relase of Kaveri from the brothel.

Krishna goes to jail once again for the murder of Venkatachalam and Dhanush. Years later, the aged Krishna with Yamuna and his children settle down by the banks of River Kaveri. Krishna's life has come a full circle, like the river which goes to the sea and then comes back as rain to become the river again.

मंदरा पू

कोडवा/रंगीन/120 मिनट
निर्माता: बी.एन. रवि शंकर। **निर्देशक/ पटकथा** : एस.आर. राजन। **मुख्य अभिनेता:** जियोफ्री चेनगप्पा। **मुख्य अभिनेत्री:** श्याला। **सह अभिनेता:** बी.एन. रवि शंकर। **बाल कलाकार:** अंजीली। **बाल कलाकार** : मास्टर राकेश, मास्टर रवि। **छायाकार** : के. मलिक। **ध्वनि आलेखक** : अलाग सेन। **संपादक:** सुरेश उर्स। **वेशभूषाकार:** मूर्ति। **संगीत निर्देशक:** साधु। **गीतकार:** जियोफ्री चेनगप्प। **पार्श्व गायक** : विष्णु। **पार्श्व गायिका:** छाया।

देवय्या कुर्ग की एक कॉफी-एस्टेट का मालिक है। उसका विवाह लक्ष्मी से हुआ और वे दोनों सुखी हैं। रवि और राजा उनके दो बेटे हैं। रवि अध्ययनशील और अच्छा है परन्तु राजा कभी नहीं पढ़ता और बुरी संगत में समय बिताता है। मां को उसके प्रति अगाध प्यार है और वह उसकी पैसे की कभी न खत्म होने वाली मांग को पूरा करके उसका समर्थन करती है।

रवि एम. एस. सी. में प्रथम श्रेणी में पास होता है और बेंगलूर में उसे एक अच्छी नौकरी मिल जाती है जबकि राजा अपनी बुरी आदतों के कारण शराबी और जुआरी बन जाता है। इस बीच देवय्या अपने बड़े बेटे रवि की शादी अपने एक अमीर और इज्जतदार मित्र की बेटी निर्मला से तय कर देता है। रवि एक खूबसूरत अनाथ लड़की लीला से शादी कर लेता है और इसके बारे में अपने मां-बाप को सूचित नहीं करता।

इस बीच लक्ष्मी दिल की मरीज़ हो जाती है। एक दिन नशे में धुत राजा अपने भाई की पत्नी लीला के साथ छेड़खानी करता है। लक्ष्मी को इस घटना से सदमा पहुंचता है और वह गिर जाती है और मर जाती है।

रवि की पत्नी लीला रवि को अपने पिता की जायदाद में से हिस्सा मांगने के लिए उकसाती है। देवय्या जायदाद को अपने बेटों में बांट देता है। रवि अपनी जायदाद बेच देता है और अपनी मां की अंतिम क्रिया में भाग लिए बिना ही बेंगलूर चला जाता है। अपना ऋण चुकाने के लिए राजा भी अपना हिस्सा बेच देता है। हत्या करने के जुर्म में पुलिस राजा को पकड़ लेती है। देवय्या इन घटनाओं से बहुत उदास, लज्जित और दुखी होता है। एक दिन एक मित्र के खेत में काम करते हुए देवय्या को अधरंग मार जाता है और वह मर जाता है।

सात वर्ष बाद, पूरी तरह से बदला हुआ राजा जेल से बाहर आता है और उसे मिलने जाता है। परन्तु अब काफी देर हो चुकी होती है। देवय्या कुछ समय पूर्व मर चुका होता है। तब राजा अपने भाई रवि की तरह शालीन और सम्मानजनक जीवन बिताने की शपथ लेता है।

MANDHARA PHU

Kodava/Colour/120 min.
Producer: B.N. Ravi Kumar. **Director/ Screenplay** : S.R. Rajan. **Leading Actor** : Geoffry Changappa. **Leading Actress** : Shyala Bopaiah. **Supporting Actor**: B.N. Ravi Shankar. **Supporting**

Actress : Anjali. **Child Artist** : Master Rakesh, Master Ravi. **Cameraman** : K. Malik. **Audiographer** : Audiographers. **Editor** : Suresh Urs. **Costume Designer** : Murthy. **Music Director** : Sadhu. **Lyricit** : Geoffry Changappa. **Male Playback Singers**: Vishnu. **Female Playback Singer** : Chaya.

Devaiah is owner of a coffee estate in Coorg. He is happily married to Lakshmi and has two sons, Ravi and Raja. Ravi is very studious and good. But Raja never studies and spends his time in bad compnay. The mother with blind love supports him by attending to his never-ending demands of money.

Ravi secures first class in M. Com. and gets a good job in Bangalore, while Raja with his bad habits, becomes a drunkard and gambler. Davaiah meantime arranges the marriage of Ravi with his rich and respectable friend, Karyappa's daughter Nirmala. But, Ravi marries a beautiful orphan girl, Leela without even informing his perents. They are disappointed.

Meanwhile Lakshmi becomes a heart patient. One day, an intoxicated Raja tries to molest his own brother's wife, Leela. Shocked by the incident Lakshmi collapses and dies.

Ravi's wife Leela instigates Ravi to get his share from his father's property. Devaiah divides the property between his sons. Ravi sells his property and goes to Bangalore, not even waiting to attend his mother's death ceremonies. Raja also sells his share to clear his debts. Raja gets arrested by the police for murder. Devaiah is very sad, embarrassed and hurt by such incidents. One day, while working in a friend's field Devaiah gets a paralytic stroke and dies.

After seven years in jail a metamorphosed Raja comes out of the jail goes to meet his father. But it is too late. Devaiah had died some time before. Then Raja takes the oath of living a decent and respectable life like his brother Ravi.

मणिचित्राताड़

मलयालम/रंगीन/170 मिनट

निर्माता: अप्पचन। **निर्देशक:** फाज़िल **पटकथा लेखक:** मधुमोतम। **मुख्य अभिनेता:** मोहन लाल। **मुख्य अभिनेत्री:** शोभना। **सह-अभिनेता:** सुरेश गोपी। **सह अभिनेत्री:** विनया प्रसाद। **कैमरामैन:** वेणु आनन्द कुट्टन। **ध्वनि आलेखक:** के. डी. शतीसन। **संपादक:** टी. आर. शेखर **कला निर्देशक:** मणि सुचित्रा। **वेशभूषा डिजाइनर:** वेलायुधन, कीड़िल्लम **संगीत निर्देशक:** एम. जी राधाकृष्णन। **गीतकार:** बिचु तिरूमाला। **पार्श्व गायक:** के. जी. येशुदास। **पार्श्व गायिका:** के. एस. चित्रा। **नृत्य संयोजक:** शांति कुमार। **विशेष प्रभाव सृजक:** दाणु कुमार।

नकुलन् एक इंजीनियर हैं जो कलकत्ता में काम करता है। गंगा उसकी पत्नी है जो कि वास्तुकला में प्रशिक्षित है। उनके साथ सरदम्मा रहती है जो किसी समय केरल में एक महल की मालिक थी जो कि अब वीरान और बंद पड़ा है।

नकुलन् को दक्षिण भारत में एक कार्य मिलता है। वह और उसकी पत्नी जाने और अपने पूर्वजों की जायदाद भी देख आने का निर्णय लेते हैं। जब वे वहां पहुंचते हैं तो नकुलन् का चाचा माधवन तम्पी यह कह कर उसे महल में जाने के लिए मना करता है कि महल में भूत रहता है। परन्तु पति-पत्नी केवल "मणम्पिल्ली महल" में ही रहने का निर्णय लेते हैं।

गंगा महल में एक कमरे में ताला पड़ा हुआ देखती है परन्तु उसकी चाबी नहीं होती। उसे यह कमरा खोलने के लिए मना किया जाता है। इस ताला लगे कमरे के बारे में एक कहानी है। एक शताब्दी पूर्व, एक धूर्त व्यक्ति शंकरन् तम्पी इसका "कर्ता" था जो वहीं रहता था। वह तंजौर की एक नर्तकी, नागवल्ली को प्रेम करने लगा और उसे अपनी पत्नी बनाना चाहा। परन्तु उसकी मंगनी रामनाथन के साथ हो चुकी थी और शादी होनी तय थी। दोनों प्रेमी भाग जाना चाहते थे। परन्तु शंकरन् तम्पी नागवल्ली की हत्या कर देता है। उसका भूत शंकरन को सताता है जो अन्ततः आत्महत्या कर लेता है, उनके भूत अब कमरे में बंद हैं।

गंगा कहानी को सुनते हुए ऊहूं-ऊहूं करती है और उसे बंद कमरे के अंदर कीमती पैतृक संपत्ति होने का संदेह होता है। वह चाबी बनवाती है और कमरा खोलती है। कमरे में "कर्ता" और नर्तकी के चित्रों के अलावा नागवल्ली के आभूषण भी मिलते हैं।

इसके बाद सब कुछ गड़बड़ होने लगता है। स्थानीय निवासी परेशान हो जाते हैं। अजीबोगरीब घटनाएं घटती हैं। नकुलन् को यह शक होता है कि यह सब मन्त्र-तन्त्र उसकी चचेरी बहन के कारण हो रहे हैं जोकि मानसिक असंतुलन से पीड़ित है। इसलिए, वह स्वर्ण मैडल प्राप्त एक मनोचिकित्सक डा. सन्नी को महल में बुलाता है।

थोड़ी देर बाद डा. सन्नी अपना ध्यान उसके "मानसिक कंपन" के कारण गंगा पर केंद्रित करता है। वह इस नतीजे पर पहुंचता है कि उसका बचपन नाखुश, अकेलेपन और कुण्ठा में गुज़रा था। कलकत्ता में आकर उसकी स्थिति और भी बिगड़ गई थी। अब मृत नागवल्ली की असाधारण कहानी का पता लगाने से उसे "बिखरा हुआ

व्यक्तित्व'' मिल जाता है। सन्नी इस बात के लिए परेशान है कि वह या तो आत्महत्या कर लेगी- या फिर किसी की हत्या कर देगी।

यहां से फ़िल्म आगे बढ़ती है और अनेक घटनाएं होती हैं।

मनोचिकित्सक उसे ठीक करने के लिए शल्य चिकित्सा करने का सहारा लेता है। शंकरन् तम्पी और नागवल्ली की कहानी रामनाथन के पुन: आने से पूरी होती है जो गंगा को उसके बचपन के सदमे से मुक्त करता है। यह सब देखते ही विश्वास होता है।

MANICHITRATHAZHU

Malayalam/Colour/170 min.
Producer: Appachan. **Director:** Fazil. **Screenplay:** Madhumotten. **Leading Actor:** Mohan Lal. **Leading Actress:** Shobana. **Supporting Actor:** Suresh Gopi. **Supporting Actress:** Vinayaprasad. **Cameraman:** Venu Ananda Kuttan. **Audiographer:** K.D. Satheesan. **Editor:** T.R. Sekhar. **Art Director:** Mani Suchitra. **Costume Designers:** Velayudham, Keezhillam. **Music Director:** M.G. Radhakrishnan. **Lyricist:** Bichu Thirumala. **Male Playback Singer:** K.J. Yesudas. **Female Playback Singer:** K.S. Chitra. **Choreographer:** Shanthi Kumar. **Special Effect Creator:** Danu Kumar.

Nakulan is an engineer working in Calcutta. Ganga is his wife trained in archaeology. With them lives Saradamma, the owner of a one-time palace in Kerala now deserted and locked up.

Nakulan gets an assignment down South. He and his wife decide to go and inspect their ancestral property. When they land there, Nakulan's uncle Madhavan Thampi discourages him saying that the palace is haunted. But the couple decide to stay in the ''Manampilly Palace'' only.

Ganga finds a locked room but no key. She is dissuaded from opening it. There is a story behind the locked doors. A century ago, Shankaran Thampi, a wicked man was the ''Kartha'' living there. He fell in love with Nagavalli, a dancer from Tanjore and decided to have her as his mistress. But she was engaged to be married to Ramanathan. The lovers decide to elope but Shankaran Thampi kills Nagavalli. Her ghost haunts Shankaran, who finally commits suicide. Their ghosts are enticed and locked up in the room.

Ganga pooh-poohs the story and suspects precious heirlooms must be locked up. She gets a key made and opens the room. Portraits of the ''Kartha'' and the dancer are there as also the jewellery of Nagavalli.

From then on things go awry. The local residents are upset. Mysterious things happen. Nakulan suspects that all the hocus pocus is due to his uncle's daughter suffering from psychotic disorder. So he invites to the Palace, Dr. Sunny, a psychiatrist (with a gold medal).

After a while Dr. Sunny shifts his attention to Ganga because of her ''psychic vibrations.'' He discovers she has had an unhappy childhood, loneliness and frustration. Calcutta worsened her case. Now she had acquired the ''split personality'' with an unusual identification with the dead Nagavalli. Sunny is worried that she may attempt suicide—or may even murder.

From then on the film gains tempo as a series of developments take place.

The psychiatrist resorts to an operational strategy to set right the situation. The story of Shankaran Thampi and Nagavalli, complete with Ramanathan is re-enacted to liberate Ganga from her childhood trauma, which is to be seen to be believed. Suspense, mystery and shocks create a cinematic reality all its own.

मानवीनी भवाई

गुजराती/रंगीन/151 मिनट
निर्माता: आशीष त्रिवेदी/उपेन्द्र त्रिवेदी **निर्देशक:** पटकथा लेखक/**मुख्य अभिनेता** उपेन्द्र त्रिवेदी **मुख्य अभिनेत्री:** अनुराधा पटेल /सह अभिनेता: चन्द्रकांत पंड्या। कैमरामैन: चंदु देसाई। ध्वनि आलेखक: सुरेश नायर। **संपादक:** आई. एन. कुनु। कला निर्दशक: कंचन लाल नायक। **वेशभूषा डिजाइनर:** सुंदरलाल नायक। **संगीत निर्देशक:** गौरव व्यास। **नृत्य संयोजक:** चिनु शिकारी।

''मानवीनी भवाई'' पन्नालाल पटेल द्वारा लिखे इसी नाम के ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित गुजराती उपन्यास पर आधारित है। यह उत्तरी गुजरात के किसी ग्रामीण क्षेत्र में घटित पुरुष और महिला के अपराजित तथा चिर-स्थायी प्रेम की कहानी है। इसमें एक छोटे से गांव के जीवन को चित्रित किया गया है जिसमें विभिन्न वर्गों के लोग रहते हैं जिससे उनके सांस्कृतिक तथा सामाजिक वातावरण को बखूबी दर्शाया गया है। यह एक ऐसी सच्ची मानव गाथा है जिसमें मनुष्य और प्रकृति अविच्छेद्य रूप में एक दूसरे से जुड़े हुए हैं-- जिसमें मनुष्य को निराशा होती है परन्तु अन्ततः वह नहीं हारता।

MANVINI BHAVAI

Gujarati/Colour/151 mins.
Producer: Aashish Trivedi/Upendra Trivedi. **Director/Screenplay/ Leading Actor:** Upendra Trivedi. **Leading Actress:** Anuradha Patel. **Supporting Actor:** Chandrakant Pandya. **Supporting Actress:** Kalana Diwan. **Child Artist:** Master Bargav. **Cameraman:** Chandu Desai. **Audiographer:** Suresh Nair **Editor:** I.N. Kunu. **Art Director:** Kanchanlal Nayak. **Costume Designer:** Sunderlal Nayak. **Music Director:** Gaurang Vyas. **Choreographer:** Chinu Shikari

''Manvini Bhavai'' based on the Jnanpeeth award-winning Gujarati novel of the same name by Pannalal Patel, is a story of undefeated and abiding love between a man and a woman, with the authentic rural setting in north Gujarat. It depicts the life in a small village with its varied hues, bringing out convincingly its cultural and social milieu. This is the story of a true human saga, in which man and nature have been inseparably interlocked in which man despairs, but is not defeated in the end.

मातृदेवोभव:

तेलुगु/रंगीन/140 मिनट

निर्माता: के एस. रामाराव। **निर्देशक/पटकथा लेखक:** के. अजय कुमार **मुख्य अभिनेता:** नज़र। **मुख्य अभिनेत्री:** माधवी। **सहअभिनेता:** तणिकेल्ला भलाणी। **सह अभिनेत्री:** निर्मलम्मा। **बाल कलाकार:** मास्टर मार्टिन। **कैमरामैन:** छोटा के नायडू। **संपादक:** निवास। **कला निर्देशक:** अशोक कुमार। **वेशभूषा डिजाइनर:** शिवा। **संगीत निर्देशक:** एम. एस. किवानी। **गीतकार:** वेतुरि सुंदर राममूर्ति। **पार्श्व गायक:** एस. पी. बालासुब्रह्मणियन्। **पार्श्व गायिका:** चित्रा। **नृत्य संयोजक:** डी. के. एस. बाबू

शारदा और सत्यम् अनाथ हैं जिनका पालन-पोषक एक अनाथालय द्वारा होता है। जब वे अनाथालय में थे तो दोनों का एक-दूसरे से प्यार हो गया था और अनाथालय के स्वामीजी के आशीर्वाद से उनकी शादी हो गई थी।

सत्यम् एक जीप ड्राईवर के रूप में काम कर रहा है। उन के चार बच्चे हैं। ड्राईवर के रूप में सत्यम् और संगीत की अध्यापिका के रूप में शारदा की आमदनी से उनका जीवन सुख-पूर्वक व्यतीत हो रहा था। सत्यम् को शराब पीने की लत है। परन्तु वह अपनी पत्नी को वायदा करता है कि वह पीना छोड़ देगा।

अप्पाराव नाम का उनका एक पड़ौसी, जो ड्राईवर है, शारदा पर बुरी नज़र रखता है। जब श्याम घर से बाहर जाता है, वह घर में आकर शारदा से छेड़खानी करने की कोशिश करता है। परन्तु वह और उसके बच्चे उसकी पिटाई करके उसे घर से निकाल देते हैं। घर वापिस आने पर सत्यम् भी अप्पाराव की अच्छी-खासी धुमाई करता है। अप्पाराव बदला लेने की योजना बनाता है।

जब शारदा का बेटा सड़क पर चल रहा होता है, अप्पाराव दुर्घटना करके बच्चे को अस्पताल भेजने के लिए मजबूर कर देता है। डाक्टर कहता है कि यदि बच्चे को खून मिल जाए तो बच्चा बच जाएगा। शारदा खून देती है जो कि उसके बेटे के लिए उपयुक्त है। परन्तु खून चढ़ाते समय पता चलता है कि उसका खून बेकार है क्योंकि उसे कैंसर है। डाक्टर कहता है कि वह ज्यादा देर जीवित नहीं रहेगी।

सत्यम् जो नगर के बाहर गया होता है, इस तथ्य को जान लेता है और प्रतिज्ञा करता है कि वह अब पीना बंद कर देगा। जब वह अपनी पत्नी के लिए दवाएं ला रहा होता है, अप्पाराव एक और दुर्घटना करता है और छुरा घोंप कर उसकी हत्या कर देता है।

अपने पति की मृत्यु के बाद शारदा अनाथालय के स्वामी जी से निवेदन करती है कि वे उसके बच्चों को किसी ऐसे व्यक्ति को दे दें जो उनका पालन-पोषण भली-भांति कर सके। स्वामीजी, दुर्घटनाग्रस्त बच्चे को छोड़कर, बाकी बच्चों के गोद लेने का प्रबंध करा देते हैं।

जब शारदा की मृत्यु होने वाली होती है, वह अपनी बेटी राधा को पत्र लिख कर दीवाली पर आने का निमंत्रण देती है क्योंकि हो सकता है कि यह उसका अंतिम उत्सव हो। सभी बच्चे दीवाली पर उसके पास आते हैं और जबकि सभी खुश दिखाई देते

हैं, शारदा अपने प्राण त्याग देती है। शारदा अपनी मां की मृत्यु के बाद अपने अपंग भाई को अपने साथ ले जाती है।

MATRUDEVO BHAVA

Telugu/Colour/140 mins.
Producer: K.S. Ramarao. **Director/ Screenplay:** K. Ajai Kumar. **Leading/ Actor:** Nazar. **Leading Actress:** Madhavi. **Supporting Actor:** Tanikella Bhalani. **Supporting Actress:** Nirmalamma. **Child Artist:** Master Martin. **Cameraman:** Chota K. Naidu. **Editor:** Nivas. **Art Director:** Ashok Kumar. **Costume Designer:** Siva. **Music Director:** M.M. Keevani. Lyricist: Veturi Sundra Ramamurthy. **Male Playback Singer:** S.P. Balasubramanyanm. **Female Playback Singer:** Chitra. **Choreographer:** D.K.S. Babu.

Sarada and Satyam are orphans brought up by an orphanage. While they were in orphanage they fell in love with each other and were married with the blessings of Swamiji of the orphanage.

Satyam is working as a jeep driver. The couple are having four children. They are leading a happy life with the earnings of Satyam as driver and Sarada as music teacher. Satyam is habituated to drinking, but promises his wife that he will give it up.

One Apparao, a neighbour, who is also a driver, is having an eye on Sarada. When Satyam is out of station, he tries to molest Sarada. But she and her children beat him and send him out. Satyam on his return beats Apparao black and blue. Apparao plans revenge.

When Sarada's son is going on the road. Apparao stages an accident resulting in the boy being admitted in the hospital. The Doctor tells the boy will survive if blood is given to him. Sarada gives her blood, which is suitable to her son. But at the time of transfusion her blood is found useless because she is having cancer. The doctor declares that she will not survive for long.

Satyam who was out of the town comes to know the fact and promises that he will now stop drinking. While he is bringing medicines for his wife, Apparao stages yet another accident and stabs him to death.

After her husband's death, Sarada requests the Swamiji of the orphanage to give her children in adoption to those who can look after them. The Swamiji arranges their adoption, except the boy who was injured in the accident.

While Sarada nears her end, she writes a letter to her daughter Radha to come on Diwali at it may be her last festival All the children come to her for Diwali and while they are happy Sarada breathes her last. Radha takes the disabled boy with her after her mother's death.

मिस्टर पेल्लम

तेलुगु/रंगीन/130 मिनट

निर्माता: गवारा पार्थ सारथी। **निर्देशक:** बापू। **पटकथा लेखक:** एम. वी. रामन्ना। **मुख्य अभिनेता:** राजेन्द्र प्रसाद। **मुख्य अभिनेत्री:** आमणि। **सह-अभिनेता:** ए. वी. सुब्रह्मणियन्। **बाल कलाकार:** मास्टर उदय। **कैमरामैन:** आर. के. राजू। **ध्वनि आलेखक:** रवि। **संपादक:** के. एन. राजू **कला निर्देशक:** मास्टर राजू। **वेशभूषा डिजाइनर:** प्रसाद। **संगीत निर्देशक:** एम. एम. कीरवानी **गीतकार:** श्री औस्ट्रा वेतुरि। **पार्श्व गायक:** एस. पी. बालासुब्रह्मणियन्। **पार्श्व गायिका:** चित्रा

तेलुगु में "**मास्टर पेल्लम**" का अर्थ है "**मिस्टर वाइफ**"। यह एक उद्देश्यपूर्ण और हास्यजनक फ़िल्म है। यह स्वर्ग और धरती-दोनों स्तरों पर घटित होती है।

एक दिन जब भगवान विष्णु और उनकी पत्नी लक्ष्मी विचार-विमर्श कर रहे होते हैं तो वह पृथ्वी पर उनके विभिन्न अवतारों के दौरान अपने योगदान के बारे में बताती है। विष्णु इस पर हंसते हैं। परन्तु नारद मुनि इस विवाद को सुलझाने के लिए कहते हैं।

पृथ्वी पर, एक साधारण गृहिणी झांसी अपने प्रिय पति बालाजी तथा अपने बच्चों के साथ रहता है। परन्तु बालाजी कुछ पुरुष-प्रेमी हैं। इससे झांसी नारी के पक्ष का समर्थन करती है।

जब बालाजी एक टी.वी. सेट खरीदते हैं तो हास-परिहास की परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं। उसके पड़ौसी कार्यक्रम देखने के लिए उनके घर आ धमकते हैं और उसके घर का सामंजस्य बिगड़ जाता है। जब उनके घर में टेलीफोन लग जाता है तो पड़ौसी उसे इतना व्यस्त रखते हैं कि बाहर से आने वाली टेलीफोन कालों के लिए समय ही नहीं रहता। टी.वी. सेट और टेलीफोन बालाजी के लिए गर्व की सफलताएं हैं।

एक दिन वह अपने बैंक में मैनेजर और अपने एक संदिग्ध मित्र के षड्यंत्र का शिकार हो जाता है। बालाजी (रोकड़िया) द्वारा कुछेक घंटों के लिए एक लाख रुपये उधार दिए जाते हैं। परन्तु रुपया लेने वाला वापिस ही नहीं आता जिसके कारण उसकी नौकरी चली जाती है।

तब झांसी बीड़ा उठाती है और परिवार चलाने के लिए एक कामकारी महिला के रूप में अन्नपूर्णा फूड्स में नौकरी करने लगती है। वह अपने कालेज के दिनों के एक मित्र के पास भी जाती हैं जो नगर के समृद्ध लोगों के साथ मिलने में उसकी सहायता करता है।

अब बालाजी के पुरुष प्रेम को धक्का लगने लगता है। अब बिना नौकरी के घर पर रहने के कारण वह "घरेलू पति" की कर्तव्य-परायण भूमिका निभाता है और बच्चों तथा घर की देख-भाल करता है।

घरेलू असामन्जस्य पैदा होता है। अपने पति को खुश करने के लिए एक दिन झांसी नौकरी पर जाने के लिए मना कर देती है। परन्तु वह उसे दफ्तर जाने के लिए कहता है। फिर भी बालाजी अपनी पत्नी की लोकप्रियता और प्रगति के प्रति ईर्ष्या करता है।

परन्तु झांसी को बोनस मिलता है। वह अपने मित्र से कुछ रुपया उधार लेती है। इस राशि में अपनी बचत को मिलाकर वह एक लाख रुपया इकट्ठा करती है ताकि बालाजी इसे बैंक को वापिस कर सकें।

बच्चे अपने माता-पिता के उतार-चढ़ाव से परेशान होकर घर से भाग जाते हैं। परन्तु बालाजी उन्हें उस समय बचा लेते हैं जब एक बच्चे को सांप काटने ही वाला होता है। अंत में, बैंक मैनेजर के षड्यंत्र का भंडा फूट जाता है।

पति-पत्नी फिर से मिल जाते हैं। बच्चो को अपनी सुख-सुविधा मिलने लगती है और हंसी-खुशी में फ़िल्म का अंत होता है।

नारद टिप्पणी करते हैं- "विष्णु माया"।

MISTER PELLAM

Telugu/Colour/130 min.
Producer: Gavara Partha Saradhi. **Director**: Bapu. **Screenplay**: M.V. Ramanna. **Leading Actor**: Rajendra Prasad. **Leading Actress**: Aamani. **Supporting Actor**: A.V. Subramanyan. **Child Artist**: Master Uday. **Cameraman**: R.K. Raju. **Audiographer**: Ravi. **Editor**: K.N. Raju. **Art Director**: Baskar Raju. **Costume Designer**: Prasad. **Music Director**: M. Keeravani. **Lyricist**: Sri Aurudra/Veturi. **Male Playback Singer**: S.P. Balasubramanyanm. **Female Playback Singer**: Chitra. **Choreographer**: Srinivas.

"Mister Pellam" in Telugu means "Mister Wife" and it is a purposeful, humorous film. It operates at the heavenly and earthly levels.

One day while Lord Vishnu and his consort Lakshmi have a discussion, Lakshmi points out her own contribution during the various avatars she had taken on earth. Vishnu laughs it off. But Sage Narada urges them to settle the issue.

On earth, there is Jhansi, a simple housewife with her loving husband Balaji and two children. But, Balaji is a bit of a male chauvnist. This leads to the assertion of feminism in Jhansi.

Humorous situations arise as for instance when Balaji buys a TV set. His neighbours invade the home to see the programmes upsetting domestic harmony. Then when the telephone is installed it is kept so busy by neighbours that it is never left free for incoming calls.

One day he falls a victim to the machinations of his Bank Manager and a mysterious friend of his. A lakh of rupees is lent for a few hours by Balaji (the cashier) but the borrower never turns up with the ultimate result that Balaji loses the job.

Then Jhansi takes up the challenge and joins Annapurna Foods as a working woman to keep the family going. She also runs into a long-time friend of her from her college days who helps Jhansi to meet the top people in the city.

It is now that Balaji's male chauvinism begins to get hurt. Now without a job at home, he plays the dutiful role of a "house-busband" looking after the children and home.

Domestic disharmony is created. To please her husband, Jhansi one day refuses to go but he coaxes her to attend office. However Balaji feels jealous of his wife's popularity and steady progress.

But Jhansi earns a bonus. She borrows some money from her friend. And with savings added she raises one lakh of rupees to be reimbursed by Balaji to the bank.

The children are torn by the ups and downs of their parents, and they run away. But they are rescued by Balaji in time before a cobra is about to bite the boy. In the end, the machinations of the bank manager are exposed.

The husband and wife are reconciled. The children seek their comfort. And there is a happy ending.

Narada's comment is "Vishnu *Maya*."

मुहाफ़िज

उर्दू/रंगीन/125 मिनट

निर्माता: वहीद चौहान। **निर्देशक:** इस्माईल मर्चेन्ट। **पटकथा लेखक:** अनिता देसाई, शारुख हुसैन। **मुख्य अभिनेता:** शशि कपूर, ओमपुरी। **मुख्य अभिनेत्री:** शबाना आजमी। **सह अभिनेत्री:** सुषमा सेठ। **कैमरामैन:** टेरी पाईयर ध्वनि आलेखक: माईक शोरिंग। **संपादक:** रोबर्टो सिल्वी। **कला निर्देशक:** सुरेश सावंत। **वेशभूषा डिजाइनर:** लवलीन बैंस **संगीत निर्देशक:** जाकिर हुसैन, उस्ताद सुलतान खान, **गीतकार:** स्वर्गीय फैज अहमद फैज, स्वर्गीय भाईजाब लखनवी। **पार्श्व गायक:** हरिहरण, सुरेश वाडकर **पार्श्व गायिका:** कविता कृष्णमूर्ति, **नृत्य संयोजक:** श्री निवास

यह उर्दू फ़िल्म अनिता देसाई के उपन्यास "इन कस्टडी" पर आधारित है। देवन भारत के किसी प्रांतीय कालेज में शिक्षक है। उसे भोपाल में रह रहे मशहूर उर्दू शायर नूर का साक्षात्कार लेने के लिए बुलाया जाता है। परन्तु जब देवन अपने इस महान् नायक को मिलने जाता है तो वह उसे बूढ़ा और शिथिल तथा पिछलगुओं से घिरा हुआ पाता है जो उसे ज्यादा पिला कर मतवाला बना देते हैं। उसे अपनी दोनों पत्नियों द्वारा सताया जाता है जिनमें से बड़ी घरेलू बेगम तथा छोटी एक सुंदर महिला है, जो अपने आपको एक कवयित्री समझती है।

अपने कालेज से रुपया उधार लेकर, देवन एक टेप-रिकार्डर खरीदता है परन्तु वह साक्षात्कार लेने में असफल रहता है; जिस जगह को वह किराए पर लेता है वह एक वेश्यालय होता है। शायर, शेर के बजाए भारी मात्रा में भोजन करने और पीने में ज्यादा दिलचस्पी रखता है और अन्ततः टेप-रिकार्डर टूट जाता है। जब देवन टेप को संपादित करने की कोशिश करता है तो उसे पियक्कड़ों की बे सिर पैर की बातें तथा बडबड़ाने की आवाजों के सिवाए कुछ नहीं मिलता।

देवन एक अन्य साक्षात्कार के लिए पुनः भोपाल आता है, परन्तु शायर की छोटी बेगम उसे बीच में ही रोक लेती है, जो उसे अपनी शायरी रिकार्ड करने के लिए कहती है। टेप-रिकार्डर पर खर्च किए गए रुपए, बीच के खर्चों तथा भोपाल जाने-आने की यात्रा पर हुए खर्च के लिए, लिए गए ऋण से देवन हताश हो जाता है।

अचानक उसे शायर से एक पैकेट मिलता है, जो अपने को मृत्यु के निकट समझता है और अपनी तमाम कृतियां उसे देता है। फ़िल्म शायर की अन्त्येष्टी पर खत्म होती है, जो एक दुःखद अवसर न हो कर एक आनन्दमय मूर्ति के रूप में दिखाई देता है।

MUHAFIZ

Urdu/Colour/125 min.

Producer: Wahid Chowhan. **Director:** Ismail Merchant. **Screenplay:** Anita Desai/Shahrukh Hussain. **Leading/Actor:** Shashi Kapoor/Om Puri. **Leading Actress:** Shabana Azami. **Supporting Actress:** Sushma Seth.

Cameraman: Tarry Pieer. **Audiographer**: Mike Shoring. **Editor**: Roberto Silvi. **Art Director**: Suresh Sawant. **Costume Designer**: Lovleen Bains. **Music Director**: Zakir Hussain/ Ustad Sultan Khan. **Lyricist**: Late Faiz Ahmed Faiz/Late Bhaizaab Lucknowi. **Male Playback Singer**: Hari Haran/ Suresh Wadekar. **Female Playback Singer**: Kavita Krishnamurthy.

This Urdu film is based on Anita Desai's English novel "In Custody." Deven, a teacher in a provincial Indian college, is commissioned to interview a famous Urdu poet, Nur, living in Bhopal. But when he seeks out his great hero, Deven finds him old and broken, surrounded by hangers-on who lead him into drunken excesses, and harassed by his two wives, a homely elder one and a beautiful younger woman, who claims to be a poetess herself.

Borrowing money from his college, Deven buys a tape-recorder, but the interview is a fiasco: the place he has hired turns out to be a brothel, the poet is more interested in consuming heavy quantities of food and drink than in reciting poetry, and finally the tape-recorder breaks down. When Deven tries to edit the tape, all he gets are some drunken, rambling cries and mutters.

Deven returns to Bhopal for another interview, but is intercepted by the yonger wife of the poet who wants him to record her poetry instead. Beset by debts for the money he has spent on the tape-recorder, on intermediaries, and on his journeys to and from Bhopal, Deven is in despair.

Unexpectedly, he receives a package from the poet, who feels himself to be near death and releases all his work into Deven's custody. The film ends on the poet's funeral, which is not a mournful occasion, but one of joyful fulfilment.

नारायम्

मलयालम/रंगीन/130 मिनट
निर्माता: राजू पिलाकट। **निर्देशक:** शशि शंकर। **पटकथा :** जे. पल्लासेरी। **मुख्य अभिनेता:** मुरली। **मुख्य अभिनेत्री:** उर्वशी। **सह अभिनेता:** जगदीश। **सह अभिनेत्री :** शांता देवी। **बाल कलाकार:** बेबी अम्बीली। **कैमरामैन:** शालू जॉर्ज। **ध्वनि आलेखक :** सी.डी. विश्वनाथन। **संपादक:** सुकुमारन्। **कला निर्देशक:** एप्पी पेरिन गोड़े। **वेशभूषा डिज़ाइनर :** एम.एम. कुमार। **संगीत निर्देशक:** जॉनसन। **गीतकार:** पी.के. गोपी। **पार्श्व गायक :** एम.जी. श्रीकुमार। **पार्श्व गायिका:** के.एस. चित्रा।

एक मंदिर के पुजारी दामोदरन नम्बूदिरि की पांच बेटियां हैं। चूंकि लड़कियां अपनी पढ़ाई में होशियार थीं, इसलिए नम्बूदिरि ने जमीन-जायदाद गिरवी रखकर भी उन्हें शिक्षित किया। उसने सोचा था कि जब उन्हें नौकरी मिलेगी तो उनकी सब दु:ख-तकलीफें खत्म हो जाएंगी परन्तु ऐसा नहीं हुआ। चूंकि उसका कोई प्रभाव नहीं था उसकी लड़कियों को कोई नौकरी न मिली। यद्यपि 'लड़कियां पढ़ी-लिखी और सुंदर थीं' फिर भी कोई व्यक्ति उनसे विवाह करने के लिए आगे नहीं आया क्योंकि उनके पिता के पास उन्हें दहेज देने के लिए पर्याप्त धन नहीं था। रोज-रोज़ के तमाशों को खत्म करने के लिए, दो बड़ी बहनों ने आत्महत्या कर ली। तीसरी बेटी ने अरबी पढ़ने का फैसला किया क्योंकि उसने सोचा कि उसे स्थानीय स्कूल या गल्फ़ देशों में कहीं आसानी से नौकरी मिल जाएगी। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद उसे एक मुस्लिम स्कूल में अरबी अध्यापिका की नौकरी मिल गई।

शेखरन् एक प्रगतिशील तथा निर्भीक लेखक है, जिसने साहित्यिक गतिविधियों के कारण अपनी नौकरी छोड़ दी थी। उसी ने ही गायत्री मेनन को नौकरी दिलवाई थी। शेखरन् और स्कूल का मालिक हाजीयार स्कूल की प्रगति पर नज़र रखते हैं। दोनों ही स्थानीय लोगों में प्रतिष्ठित हैं। हाजी का दामाद एक झक्की आदमी है। उसने स्कूल में अरबी अध्यापक रखवाने के लिए किसी से 75,000/- रु. रिश्वत के तौर पर लिए थे। परन्तु वह यह सारी राशि जुए में हार गया। हाजी और शेखरन् द्वारा लिए गए निर्णय के आगे वह कुछ न कर सका। इसलिए साम्प्रदायिक सहारा लेते हुए यह फैला दिया कि एक हिन्दू महिला अरबी की अध्यापिका है।

समुदाय ने हाजी को इस अध्यापिका को हटाने की मांग की। परन्तु हाजी ने कहा कि अरबी दूसरी भाषाओं की तरह एक भाषा है और इसे कोई भी सीख सकता है। एक अवसरवादी राजनेता चेलाकरन भी अध्यापिका को हटाने का जेहाद छेड़ देता है और यह राजनेता उस अध्यापिका को अपने जाल में फंसाने में सफल हो जाता है। परन्तु शेखरन् अध्यापिका को बचाने के लिए आ जाता है। अत्यधिक निराशा मिलने पर वह अन्तत: स्कूल के बच्चों के लिए तैयार किए गए भोजन में जहर मिला देता है। अन्त में असली दोषी का पता लगा लिया जाता है और साम्प्रदायिक सद्भावना बनाए रखी जाती है।

NARAYAM

Malyalam/Colour/130 min.
Producer: Raju Pilakat. **Director**: Sasi Shankar. **Screenplay** : J Pallassery. **Leading Actor** : Murli. **Leading Actress** : Urvasi. **Supporting Actor** : Jagadeesh. **Supporting Actress** : Santhadevi. **Child Artist** : Baby Ambily. **Cameraman** : Salu George. **Audiographer** : CD Viswanathan. **Editor** : Sukumaran. **Art Director** : Eppi Peringode. **Costume Designer** : MM Kuar . **Music Director** : Johnson. **Lyricist** : PK Gopi. **Male Playback Singer**: MG Sreekumar. **Female Playback Singer** : KS Chitra.

Damoodaran Namboodiri, a temple priest, has five daughters. Since the girls were good at studies, even pledging his land and properties, Namboodiri educated them. When they get jobs, all their misery may come to an end, he thought, but in vain. Since he did not have any influence, his daughters did not get any job. Though the girls were educated and good-looking nobody come forward to marry them, because their father did not have enough wealth to pay as dowry. To put an end to the ongoing trauma, two elder daughters drove themselves to death. The third daughter decided to study Arabic, because she thought she could easily get a job locally or in the Gulf countries. After completion of her studies she managed to get the post of an Arabic teacher in a Muslim school.

Sekharan is a progressive and defiant writer, who had resigned his job to pursue literary activities. It was he who arranged the job for Gayathiri Menon. Sekharan and Hejiyar, the owner of the school, had an eye on the school's progress. Both enjoyed the goodwill of the locals. Haji's son-in-law Azeez was a wayward person. He had taken Rs.75,000 from somebody as bribe for fixing him. Azeez could do nothing against the decision taken by Haji and Sekharan. So he played the communal card on the fact of a Hindu woman teaching Arabic.

The community demanded Haji to sack the teacher. But Haji, said that Arabic was just another language and anybody could learn it. Chelakkadan, an opportunist politician is also roped in to dislodge the teacher and the politician managed to trap her. But Sekharan came to the rescue of the teacher. They ultimately poison the food items prepared for the school children in utter desperation. The public fury turned towards Haji and Sekharan. The real culprits are finally identified in the end and communal harmony is restored.

पतंग

हिन्दी/रंगीन/10 मिनट

निर्माता : संजय सहाय। **निर्देशक :** गौतम घोष। **पटकथा :** गौतम घोष, ए. रशीद खान। **मुख्य अभिनेता :** ओम पुरी। **मुख्य अभिनेत्री** शबाना आज़मी। **सर अभिनेता :** शत्रुघ्न सिन्हा। सह अभिनेत्री फ़रहा खान। **बाल कलाकार:** सईद शफ़ीक। **कैमरामैन :** गौतम घोष। **ध्वनि आलेखक :** रोबिन सेन गुप्ता, अनुप मुकर्जी। **संपादक :** मलय बनर्जी। **कला निर्देशक:** अशोक बोस। **वेशभूषा डिज़ाइनर :** नीलंजना घोष। **संगीत निर्देशक:** गौतम घोष

''पतंग'' विधि तथापि समानांतर घटनाओं के साथ आगे बढ़ती है। इसमें एक कथानक और बहुत से उपकथानक एवं उपाख्यान हैं जो अंततः फ़िल्म की संरचना को एक ही कथासूत्र में बुन देते हैं।

पहली घटना गया के पास छोटे से रेलवे स्टेशन मानपुर की है। ''पतंग'' में मुख्य रुप से रेल अपराधों की परिधि में लोगों के मानव संवेगों के पारस्परिक प्रभावों को दर्शाया गया है। रेल गाड़ियाँ, मालडिब्बे और छोटी-छोटी चोरियां उन लोगों के संबंधों के पृष्ठपट का गठन करती हैं जो एक बस्ती में रहते हैं और जीवन और उसके संघर्ष की निरर्थकता की याद ताज़ा कराते हैं।

मुख्य पात्र जितनी का पुत्र जिसे पतंगों की धुन सवार है, अपने चारों और फैली परिस्थितियों का ही प्रत्यक्ष परिणाम है। मथुरा को हम एक छोटे अपराधी के रुप में पाते हैं जो आस-पास फैले परिवेश से फ़ायदा उठाना चाहता है। हालाँकि मथुरा और जितनी का संबंध गुप्त है, फिर भी स्पष्ट है। अन्य घटना है रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) जिसमें आदर्शवादी रब्बानी, प्रभागीय सुरक्षा आयुक्त है जो मानपुर में जीवन और वहां की परिस्थितियों को बदलने की निरर्थक कोशिशों में लगा हुआ है। अपराधियों, राजनीतिज्ञों, नवधनिकों और नौकरशाही के आपस के संबंध, लगातार उड़ती हुई पतंगों के पृष्ठपट पर प्रकट होते हैं। जितनी और सोमरा, सोमरा और मथुरा, मथुरा और एम.एल.ए., एम.एल.ए. और बैंक मैनेजर, बैंक मैनेजर और उसकी पत्नी महेश्वरी और श्रमिक संघ नेताओं के बीच संबंध लुभावने हैं। रेल सुरक्षा बल कार्मिकों के अंतर्वैयक्तिक संबंध विशेष रुप से मार्मिक हैं। वे समाज में व्याप्त बेचैनी को दर्शाते हैं। यह सब विशेष रुप से सुस्पष्ट और मार्मिक बन जाता है क्योंकि उन्हें एक छोटे शहर और मूक तथा सतत रुप से मंडरा रही मृत्यु के पृष्ठपट से प्रदर्शित किया गया है।

अंत के दृश्य में, सोमरा बलि का बकरा बनने से बच जाता है और पौ फटने के साथ ही वह अपनी माँ की बाहों में अनिच्छा से लौट आता है।

PATANG

Hindi/Idour/100 min

Producer : Sanjay and Durba Sahay. **Director:** Goutam Ghose. **Screenplay:** Goutam Ghose, A. Rasheed Khan. **Heading Actor :** Om Puri. **Leading Actress :** Shabana Azami. **Supporting Actor:** Shatrughan Sinha **Supporting Actress :** Farha Khan **Child Artist:** Syeed Shafiq **Cameraman :** Goutam Ghose **Audiographer:** Rabin Sen Gupta, Anup Mukerjee **Editor :** Malay Benerjee **Art Director :** Ashoke bose **Costume Designer :** Neelanjana Ghose **Music Director :** Goutam Ghose

''Patang'' (The Kite) moves on varied, yet parallel strands. There is a plot and there are sub-plots and episodes, which finally weave into the texture of the film.

The first strand is Manpur, a wayside railway station near Gaya. "Patang" deals mainly with the interplay of human emotions of the people, at the periphery of railway crimes. The trains, the wagons and the pilferages form the backdrop of the relationships of the people, who live in a bustee, reminding one of the futility of life and its struggle.

The protagonist, Somra, son of Jitni, obsessed with kites, is a direct by-product of the circumstances around him. In Mathura, we have a petty criminal trying to make it big in the ambience around. The relationship of Mathura and Jitni is clandestine, yet understood.

The other strand is the Railway Protection Force (RPF) with Rabbani, the idealist Divisional Security Commissioner, making futile attempts to alter the way of life and things at Manpur. The nexus amongst the criminals, politicians, the *nouveau riche* and bureaucracy, all of it unfold against the backdrop of the constant flying of kites.

The relationships, between Jitni and Somra, Somra and Mathura, Mathura and Jitni, Mathura and the MLA, the MLA and the Bank Manager, the Bank Manager and his wife, Maheswari, and the trade union leaders are fascinating. The inter-personal relationships of RPF personnel become particularly poignant. They indicate the malaise of the society. All this become particularly sharp and poingnant because they are revealed against the backdrop of a small town and the mute and constant presence of death.

In the last scene, Somra escape becoming a scapegoat and limps back reluctantly to the arms of his mother as the dawn gradually ascends.

पोंदन माड़ा

मलयालम/रंगीन/120 मिनट

निर्माता: रविन्द्रनाथ **निर्देशक/पटकथा:** टी. वी. चन्द्रन। **मुख्य अभिनेता:** मम्मूटी। **मुख्य अभिनेत्री:** लबोनी बारकर। **सह अभिनेता:** नसीरूदीन शाह। **सह अभिनेत्री:** रेशमी। **कैमरामैन:** वेणु **ध्वनि आलेखक:** बोस। **संपादक:** वेणुगोपाल। **कला निर्देशक:** सी. के. सुरेश। **वेशभूषा डिजाइनर:** वज्रामणि। **संगीत निर्देशक:** जॉनसन।

"पोंदन माड़ा" 20वीं शताब्दी के पांचवे दशक अंतिम वर्षों के मध्य केरल के एक छोटे से गांव की कहानी है। फ़िल्म एक जनजातीय अछूत के जीवन और समय के बारे में है जो बदलते हुए विश्व में स्वयं को विषम परिस्थितियों में पाता है।

पोंदन माड़ा जब युवा था तो मैदानी इलाके में स्थित इस गांव में आया था। यहां वह इस इलाके के सामंत और मुखिया सीमा तम्पूरन से मिलता है जैसाकि गांववासियों द्वारा इंग्लैंड में उसके लम्बे प्रवास के कारण उसे सम्मानपूर्वक पुकारा जाता है। माड़ा, तम्पूरण की सामंतीय एस्टेट में एक खेत-मजदूर के रूप में काम करने लगता है।

अपने पूर्व की पारिवारिक पृष्ठभूमि का बिल्कुल ध्यान न रखते हुए, तम्पूरन और माड़ा एक-दूसरे से मिलते हैं और उन दोनों में एक सम्मानजनक दोस्ती पनपती है। तम्पूरन का जीवन दो हिस्सों में बंटा हुआ है जिसका संतुलन वह बड़े ध्यानपूर्वक बनाए हुए है। उसका पूर्व जीवन इंग्लैंड में गुजरता है जहां उसका विवाह होता है और उसकी एक बेटी भी होती है और दूसरी ओर अपने वर्तमान जीवन में वह एक बड़े सामंतवादी संयुक्त-परिवार का मुखिया है।

तम्पूरन आयरलैण्ड गणतंत्र की सेना में था जिसकी वजह से उसे इंग्लैंड से निकाल दिया जाता है।

फ़िल्म की कहानी बूढ़े माड़ा द्वारा एक युवा लड़की को अपने जीवन के अनुभव सुनाने से आगे बढ़ती है। यह लड़की, जिसके पिता ने अभी हाल ही में तम्पूरन के मेंशन को खरीदा है, माड़ा की दुखभरी कहानी से विचलित हो जाती है। जबरदस्ती से कराई गई अपनी शादी के दुखभरे अनुभवों के साथ-साथ माड़ा के जीवन की कहानी उसे प्रभावित करती है और वह पागल हो जाती है। उसे पता लगता है कि माड़ा उसे अब तक सात समुद्र पार से आई हुई तम्पूरन की अनभिज्ञ बेटी समझता रहा है।

PONTHAN MADA

Malayalam/Colour/120 mins.

Producer: Ravindranath. **Director/ Screenplay:** T.V. Chandran. **Leading Actor:** Mammooty. **Leading Actress:** Laboni Barkar. **Supporting Actor:** Naseeruddin Shah. **Supporting Actress:** Reshmi. **Cameraman:** Venu. **Audiographer:** Bose. **Editor:** Venugopal. **Art Director:** C.K. Suresh. **Costume Designer:** Vajramani. **Music Director:** Johnson.

"Ponthan Mada" is set in the late 1940s. in a small village of Central Kerala. The film is about the life and times of an untouchable tribal, who finds himself at odds with a changing world.

Ponthan Mada strays into this village in the plains as a young man. There he meets the lord and chief of the locality, Seema Thampuran, as he is endearingly called by the villagers referring to his long stay in England. Mada joins Thampuram's feudal estate as a farm hand.

World apart though their backgrounds are, Thampuram and Mada take to each other and a candid and endearing friendship develops between them. Thampuram's life is torn between two worlds which he balances precariously. His earlier life in England where he was married and has a daughter and his present one where he is the typical head of a large, feudal joint family.

Thampuran was with the Irish Republian Army, for which he was expelled from England.

The narative of the film unfolds as Mada, now a desolate old man, recalls his life experiences to a young girl. The girl whose father has newly acquired ownership of Thampuran's mansion, gets increasingly drawn towards Mada's tale of woe. Coupled with her own unhappy experiences over a forced marriage, the story of Mada's identifies with what Mada took her for all the while, the unknown daughter of Thampuran from far beyond the seas.

संबल वांगमा

मणिपुरी/रंगीन/115 मिनट
निर्माता: फ. शोबिता देवी। **निर्देशक/पटकथा लेखक:** के. इबोल शर्मा **मुख्य अभिनेता:** के जॉय कुमार। **मुख्य अभिनेत्री:** एन. पार्वती देवी। **सह अभिनेता:** के जितेन शर्मा। **सह अभिनेत्री:** रानी बाला देवी। **बाल कलाकार:** बिनया देवी। **कैमरामैन:** के बिमल शर्मा। **संपादक:** के. बिमल शर्मा/सुब्रता लहरी। **कला निर्देशक:** किशोर जीत सिंह **संगीत निर्देशक:** के जॉय कुमार **गीतकार:** के. इबोल शर्मा। **पार्श्व गायक:** के . जॉय कुमार

''संबल वांगमा'' (बेंआंड द बैरियर) जॉय और इबेनी की भुला दी गई कहानी है। उनका एक दूसरे के प्रति प्यार, जो उन्हें विवाह सूत्र में बांध देता है, उनके समुदाय के लोगों को अनैतिक-आचरण लगता है, क्योंकि वे चचेरे भाई-बहन थे। परन्तु परिस्थितियों का निर्णय हो चुका था। एक दिन जॉय ने अपने चचेरे भाई इबेनी को अपने प्यार से निराश होकर, एक वृक्ष से लटक कर आत्म-हत्या करने की कोशिश करते हुए देखा था। वह एक शेरनी की तरह लपकी और उसे मरने से बचा लिया। पासा फेंका जा चुका था। परन्तु उसके बाद उन्हें अपने गांव के लोगों का तिरस्कार और दण्ड भुगतना पड़ा। उन्हें पास के एक गांव में भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। वहां भी उन्हें कठिनाइयों सहन करनी पड़ी। जब उन्हें इबेनी के पिता की मृत्यु का समाचार मिला, तो उन्होंने घर लौटने का निर्णय लिया। उनके यहाँ का एक पुत्र का जन्म निर्णायक पहलू बना और अंत में वे एक अन्य गांव में जा कर बस गए।

समय गुजरता गया और उनका पुत्र एक सुंदर युवक बन गया, जो कि एक स्थानीय लड़की के प्यार में फंस गया तथा अपने माता-पिता के जीवन को दोहराया। वह अपनी दुल्हन के साथ भाग गया और जॉय तथा इबेनी को मझंधार में छोड़ गया। एक दिन मौत उनके दरवाजे पर आई और जाय मर गई परन्तु गाँव के लोगों ने जॉय को जलाने की अनुमति नहीं दी। मृत्यु की धार्मिक क्रिया को विफल कर दिया गया।

यह कहानी सेराई पहाड़ियों के लिली फूल की दंत-कथा के समान है, जो कि अपने प्राकृतिक स्थान के अतिरिक्त किसी अन्य जगह जीवित नहीं रहता। यह एक प्रेम कथा है। यह एक नज़ाकत की कहानी है जिसे फ़िल्मी रुप में में प्रस्तुत किया गया है। फ़िल्म में मणिपुर के गांव की संस्कृति को अत्यधिक भावकतापूर्ण ढंग से निरुपित किया गया है। फ़िल्म की अपनी लय और गति है।

SAMBAL WANGMA

Manipuri/Colour/115 min.
Producer: Ph. Sobita Devi. **Director/ Screenplay:** K. Ibohal Sharma. **Leading Actor:** Khun Joykumar. **Leading Actress:** N. Parvati Devi. **Supporting Actor:** K. Jiten Sharma. **Supporting Actress:** Ranibala Devi. **Child Artist:** Binaya Devi. **Cameraman:** K. Bimol Sharma. **Editor:** K. Bimol Sharma/Subrata Lahiri. **Art Director:** Kishorjit Singh. **Music Director:** Khun Joykumar. **Lyricist:**

K. Ibohal Sharma. **Male Playback Singer:** Khun Joykumar.

Joy and Ibeni's forgotten story is "beyond the barrier." Their love for each other leading to marriage was considered immoral conduct by their community, because they were cousins. But circumstances had decided. One day, Joy saw her cousin, Ibeni, trying to commit suicide by hanging himself from a tree, out of despair for her love. Like a tigress, she rushed and rescued him from disaster. The die was cast. But then they had to face the scorn and castigation of the village. They were forced to flee to a nearby village. There also they faced difficulties. When the news of Ibeni's father's death reached them, they decided to return home. The birth of a son became a deciding factor and finally they shifted to yet another village.

Days passed by and their son grew into a handsome youth, who in turn fell in love with a local girl and repeated the life of his parents. He fled with his bride, leaving Joy and Ibeni desolate. Death knocked at their door one day and Joy died. But the village did not sanction the burial of Joy. The ritual of death was thwarted.

It is all the legend about the Lily Flower of Seroy Hills, which cannot survive except in its natural habitat. It is a story of love. It is a story of tenderness narrated filmatically. The culture of a Manipur village is revealed with great sensitivity. The film has its own rhythm and pace.

सरदार

हिन्दी / रंगीन / 182 मिनट

निर्माता : फाऊन्डेशन फार फ़िल्म्स आन इंडियाज़ वार आफ इंडिपेन्डेन्स। **निर्देशक :** केतन मेहता। **पटकथा :** विजय तेंदुलकर। **मुख्य अभिनेता:** परेश सवल। **मुख्य अभिनेत्री :** उर्मिजुवेकर। **कैमरामैन :** जहांगीर चौधरी। **ध्वनि आलेखक:** भगतसिंह राठौड़, नितेन्द्र घोष। **संपादक :** रेणु सलूजा। **कला निर्देशक :** समीर चन्दा। **वेशभूषा डिज़ाइनर:** सलीम आरिफ़। **संगीत निर्देशक :** वनराज भाटिया।

यह सरदार वल्लभ भाई पटेल पर हिंदी में बना कथाचित्र है। इसका निर्माण स्वर्गीय एच. एम. पटेल और प्रस्तुतीकरण भारतीय स्वाधीनता संग्राम फ़िल्म फाऊन्डेशन द्वारा किया गया है।

यह जीवनी फ़िल्म 1945 से 1950 तक सरदार के जीवन के पिछले पांच वर्षों पर केंद्रित है, जब वे भारत की स्वाधीनता प्राप्त करने तथा राष्ट्र को एकीकृत करने की मुख्य हस्ती के रूप में राष्ट्रीय मंच पर उतरे। ऐसा लगता है कि सरदार के बिना यह सोचा भी नहीं जा सकता था कि कई सौ देशी राज्यों के टुकड़ों में बंटा हुआ देश और भारत का दु:खद विभाजन कभी एक शक्तिशाली धर्म-निरपेक्ष राज्य के रूप में काम कर सकेगा। इसे सरदार पटेल ने संभव बना दिया। वे गांधीजी और उनके मूल्यों के सच्चे शिष्य थे। 1920 के बारडोली सत्याग्रह से उनमें व्यापक जोश आया। प्रेक्टिस छोड़कर वे गांधीजी से जा मिले और पूरे स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उनके सच्चे अनुयायी के रूप में काम किया।

भारत की स्वतंत्रता -प्राप्ति के बाद का समय सरदार पटेल का सर्वोत्तम समय माना गया जब सरदार पटेल द्वारा देश की समस्या दर समस्या का बखूबी समाधान किया गया।

यह फ़िल्म, स्वतंत्र भारत को बनाने में सरदार के अद्वितीय योगदान के प्रति एक श्रद्धांजलि है, जोकि ऐसी स्मृति है जो भारत के सामने आज और कल आने वाली समस्या को सुलझाने के लिए हमें हमेशा उनकी याद दिलाती रहेगी।

फ़िल्म में सुप्रसिद्ध अभिनेता परेश रावल को सरदार पटेल के रूप में, अनु कपूर को महात्मा गांधी के रूप में, बेंजामिन गिलानी को जवाहरलाल नेहरू के रूपमें, श्री वल्लभ व्यास को मोहम्मद अली जिन्नाह के रूप में और टॉम आल्टर को जवाहरलाल नेहरू के रूप में दर्शाया गया है। यह फ़िल्म हम सब को शिक्षित करने के साथ हमारा मनोरंजन भी करती है।

SARDAR

Hindi/Colour/182 min.

Producer: Foundation For Films on India's War of Independence. **Director:** Ketan Mehta. **Screenplay** : Vijay Tendulkar. **Leading Actor** : Paresh Rawal. **Leading Actress** : Urmi Juvekar. **Cameraman** : Jehangir Chowdhury. **Audiographer** : Bhagat Singh Rathore, Nitendra Ghosh. **Editor** : Renu Saluja. **Art Director** : Samir Chanda. **Costume Designer** : Salim Arif. **Music Director** : Vanraj Bhatia.

This is a feature film on Sardar Vallabhbhai Patel in Hindi. Produced by late H.M. Patel and presented by The Foundation for Films on India's

War of Independence.

This biographical film concentrates on the last five years of Sardar's life from 1945 to 1950, when he strode on the national scene as a key figure in wresting Indian independence and integrating the country. Without Sardar Patel, it seems unthinkable that the fragmented nature of the country, with its several hundred native states after the tragic partition of India, would have allowed it to function as a strong sovereign state. This was made possible by Sardar Patel. A true disciple of Gandhiji and his values, his baptism of fire was with the Bardoli Satyagraha of the 1920's. Giving up law practice to join Gandhiji, he functioned as Gandhiji's able lieutenant all through the independence movement. The post-independence period of India turned out to be Sardar Patel's finest hour, when problem after monumental problem was solved by him.

This film is a tribute to the Sardar's inestimable contribution to the making of Free India, a memory that can stand us in good stead to face problems of India today and tomorrow.

The film features the well-known actor, Paresh Rawal as Sardar Patel, Anu Kapoor as Mahatma Gandhi, Benjamin Gilani as Jawaharlal Nehru, Sri Vallabh Vyas as Mohamad Ali Jinnah and Tom Alter as Lord Mountbatten. It entertains, as it also educates us all.

सर

हिन्दी/रंगीन/120 मिनट

निर्माता: मुकेश भट्ट। **निर्देशक:** महेश भट्ट। **पटकथा लेखक:** प्रो. जय दीक्षित । **मुख्य अभिनेता:** नसीरूद्दीन शाह। **मुख्य अभिनेत्री:** पूजा भट्ट। **सह अभिनेता:** अतुल अग्निहोत्री, परेश रावल। **कैमरामैन:** प्रवीण भट्ट **ध्वनि आलेखक:** उदय इनामति। **संपादक:** संजय संकला।**कला निर्देशक:** गप्पा चक्रवर्ती।**वेशभूषा डिजाइनर:** अन्ना सिंह। **संगीत निर्देशक:** अनु मलिक। **गीतकार:** कातील शफाई, राहत इंदौरी। **पार्श्व गायक:** कुमार शानु। **पार्श्व गायिका:** अल्का याग्निक। **नृत्य संयोजक:** राजू खान।

एक विख्यात बम्बई के कालेज के मनोविज्ञान के प्रोफेसर तथा परामर्श केंद्र के निदेशक अमर वर्मा को मानसिक तौर पर विकृत तथा समस्याएं पैदा करने वाले लड़के-लड़कियों का उपचार करते समय एक बिना मां की लड़की पूजा के एक असाधारण मामले से निपटना पड़ता है जिसने अपने बचपन से ही अपने पिता के साथ कभी बात नहीं की थी और जो लगभग गूंगी हो गई थी। वह एक पिल्ले को छोड़ कर किसी से प्यार नहीं करती थी जिससे वह एकान्त क्षणों में बात किया करती थी। फिर भी, उसके पिता वेलजी भाई के लिए जो अपराध-जगत का एक खतरनाक सरगना है और घृणा, हिंसा, लालच और अपराध की दुनिया में रहता है, वह उसके असीम प्यार की एक मात्र पात्र है।

पिता अपनी बेटी की उसके प्रति पूर्ण विरक्ति के कारण एक असहाय और दयनीय व्यक्ति हो जाता है। वेलजी ने प्रोफेसर वर्मा के बारे में सुना है और वह सोचता है कि शायद उसके अनुभव और सहानुभूति से कुछ सहायता मिल सके। उसके बाद सौदेबाज़ी करने और उसे फुसलाने के तमाम प्रयत्नों के विफल हो जाने पर वेलजी उसकी सहायता करने का निवेदन करता है। दयालु प्रोफेसर परेशान पिता की पीड़ा से विचलित होकर पूजा की सहायता करने के लिए सहमत हो जाता है और उसे अपने ही पांव पर खड़ा करने की कोशिश करता है। इसके लिए वेलजी के घर पर ही प्रबंध किया जाता है।

फिर भी, वेलजी के रहस्यमय विला में जाने और पूजा को मिलने के बाद प्रोफेसर इस नतीजे पर पहुंचता है कि समस्या बेटी की नहीं है बल्कि यह समस्या पिता की है जिसके लिए रुपये-पैसे और शक्ति की लालसा का उपचार करने की आवश्यकता है। प्रोफेसर, पूजा को घर की चारदीवारी से बाहर निकलने में सफल होता है। जीवन में पहली बार उसे मिट्टी, ताजी हवा, खुले आसमान और आजादी की सांस लेने का अनुभव होता है। अब वह अतुल के प्यार की ओर झुकती है जो वह इससे पहले नहीं कर पाई थी।

अब वह अपने पिता के जेलनुमा घर में वापिस जाने का इरादा छोड़ देती है। फिर भी, वह प्रोफेसर वर्मा के कहने पर घर वापिस जाती है क्योंकि वह कहता है कि जीवन से भागना, समस्याओं का हल नहीं है। वह अब अलग, मजबूत और अपने पर भरोसा करने वाली लड़की बन जाती है, जो अपनी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। वेलजी उस के घोषित विरोध पर हैरान और आगबबूला होता है तथा "सर" पर हिंसक प्रहार करता है। फिर भी, प्रोफेसर निर्भीक और अविचलित रहता है। वेलजी की दौलत और बाहुबल शक्ति सर की हिम्मत और नैतिक शक्ति का मुकाबला नहीं कर सकती।

अंत में न केवल पूजा तथा अतुल के प्यार तथा सर के अटल विश्वास की जीत होती है बल्कि एक घोर अपराधी वेलजी भाई का भी पूरी तरह कायापलट हो जाता है।

SIR

HINDI/Colour/120 min.
Producer: Mukesh Bhatt. **Director:** Mahesh Bhatt. **Screenplay:** Prof. Jay Dixit. **Leading Actor:** Naseeruddin Shah. **Leading Actress:** Pooja Bhatt. **Supporting Actor:** Atul Agnihotri, Paresh Rawal. **Cameraman:** Pravin Bhatt. **Audiographer:** Uday Inamati. **Editor:** Sanjay Sankla. **Art Director:** Guppa Chakraborty. **Costume Designer:** Anna Singh. **Music Director:** Anu Malik. **Lyricists:** Qateel Shafai, Rahat Indori. **Male Playback Singer:** Kumar Sanu. **Female Playback Singer:** Alka Yagnik. **Choreographer:** Raju Khan.

Amar Verma, a Professor of Pyschology and the Director of the Counselling Centre of a reputed Bombay College, during the course of his routine handling of the mentally disturbed and problem boys and girls, comes across an unusual case of a motherless girl Pooja, who had not talked to her father since her childhood and had become almost dumb. There is nobody whom she loves except a puppy dog she talks to in her lonely moments. However, for her father, Velji Bhai, a dreaded underworld king living in a world of hatred, violence, greed and crime, she is the sole object of boundless love.

The father remains a helpless, pathetic being due to the total estrangement from his daughter.

Velji has heard about Prof. Verma, whose experience and compassion he thinks, may perhaps help. After vain attempts at bullying and coaxing the Professor, Velji begs of him to help. The compassionate Professor, moved by the agony of a suffering father, agrees to help Pooja and make her stand on her own. The 'sittings' are arranged at Velji's house.

The Professor, however, realises, after visiting the mystery-filled Velji Villa and meeting Pooja, that the problem was not with the daughter but with the father, who needed to be cured of his lust for money and power. The Professor, succeeds in bringing Pooja out of the four walls. For the first time she gets the feel of raw earth, fresh air, an open sky and a breath of freedom. She is now free to respond to Atul's love, which she could not do before.

She loathes the idea of returning to her father's prison house. Yet, she has to return for, as Prof tells her that running away from life is no answer to its problems. She becomes a different person, strong and self-assured, ready to fight her own battle. Velji is shocked and furious at her pronounced rebellion and gets violent at the "Sir". The Professor, however, remains undaunted and undeterred Velji's money and muscle power proves no match to "Sir's" courage and moral strength.

The final showdown results not only in a final victory for Pooja and Atul's love and "Sir's" unflinching convictions, but also in a complete metamorphosis of the hardcore criminal, Velji Bhai.

सोप्पनम्

मलयालम/रंगीन/149 मिनट

निर्माता: सागा फिल्म्स **निर्देशक:** पी. जयराज **पटकथा लेखक:** कैतपुरम दमोदरन **मुख्य अभिनेता:** मनोज के. जयन **मुख्य अभिनेत्री:** चिप्पी। **सह अभिनेता:** ओडुविल उन्निकृष्णन। **सह अभिनेत्री:** कवियुर पोन्नमा। **बाल कलाकार:** सोना एन्थनी। **कैमरामैन:** पी. सुकुमार। **संपादक:** बी. लेनिन विजयन। **कला निर्देशक:** पुष्पराज। **वेशभूषा डिजाइनर:** पलनी कस्ट्यूमर **संगीत निर्देशक:** एस. पी. वेंकटेश **गीतकार:** कैतापुरम दामोदरन नम्बूदिरी। **पार्श्व गायक:** के. जे. येशुदास/मनोज मधुर शेष गोपाल। **पार्श्व गायिका:** चित्रा/मंजू। **विशेष प्रभाव सृजक:** बोस।

एक तीर्थ-स्थान पर एक सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ आनंत कृष्णन वारियर को अपने महान शिक्षक राजा के अचानक आने के बारे में पता चलता है। ईश्वर के बाद अगर किसी को माना जाता है तो वे राजा वर्मा ही हैं। जब वे मूकम्बिका देवी के मंदिर में अपनी संगीत साधना की भेंट के लिए जाते हैं तो उस समय उसे अपने पुराने जीवन की याद ताजा होने लगती है।

अपने माता-पिता की मृत्यु के बाद आनन्त कृष्णन अपने एकमात्र अंकल की देख-भाल में रह जाता है और अन्ततः भूख और गरीबी का शिकार हो जाता है। इन मुसीबतों को भूल जाने के लिए, वह संगीत सीखने लगता है ताकि सांत्वना मिल सके।

एक दिन आनन्त कृष्णन अपने शिक्षक के गांव की ओर चल पड़ता है। गांव के मंदिर का पुजारी और मराड़ उसे शिक्षक के साथ मिलाने में ही नहीं बल्कि उसका शिष्य बनाने में भी उसकी सहायता करते हैं।

धीरे-धीरे वह अपने शिक्षक की बेटी को मिलने लगता है और वे एक दूसरे को प्यार करने लगते हैं। आनन्त कृष्णन एक ओर अपने शिक्षक के प्रति उसकी श्रद्धा और दूसरी ओर शादी के बंधन में बंधने की जल्दी के लिए बेटी द्वारा बार-बार की जाने वाली प्रार्थनाओं के कारण होने वाले मानसिक संताप में फंस जाता है। जैसे ही शिक्षक को उनके संबंध के बारे में पता चलता है वह आनन्त कृष्णन को उसी समय निकाल देता है जो अपनी प्रियतमा को मिले बिना ही वहां से चला जाने के लिए बाध्य होता है।

आनन्त कृष्णन देवी मूकम्बिका की शरण में जाता है, जहां वह अपने देवता की प्रशंसा में गीत गाकर अपना समय व्यतीत करता है। पिता के दुर्व्यवहार के कारण बेटी पागल हो जाती है। जब उसे स्वस्थ करने के सभी उपचार असफल हो जाते हैं तो अन्ततः शिक्षक अपनी बेटी को लेकर देवी मूकम्बिका के मंदिर में पहुंचता है। दैवी मौजूदगी में, आनन्त कृष्णन शिक्षक की बेटी को दयनीय और दुखद स्थिति में देखता है। पूर्व में किए गए उसके अभिवचन उसे फिर से याद आ जाते हैं और वह अपने साथ किसी अन्य महिला की निश्चित की गई शादी को अस्वीकार कर देने की उसकी बात को मान लेता है। वास्तव में, मूकम्बिका इस विचित्र शादी की साक्षी थी।

SOOPANAM

Malayalam/Colour/149 min.
Producer: Saga Films. **Director**: P. Jayaraj. **Screenplay**: Kaithapuram Damodaran. **Leading Actor**: Manoj K. Jayan. **Leading Actress**: Chippy. **Supporting Actor**: Oduvil Unnikrishanan. **Supporting Actress**: Kaviyur Ponnamma. **Child Artist**: Seena Antony. **Cameraman**: P. Sukumar. **Editor**: B. Lenin Vijayan. **Art Director**: Pushparaj. **Costume Designer**: Palani Costumer. **Music Director**: S.P. Venkitesh. **Lyricist**: Kaithapuram Damodaran Namboodiri. **Male Playback Singer**: Yesudas/ Manoj Madhura Shesha Gopal. **Female Playback Singer**: Chitra/Manju. **Special Effects Creator**: Bose.

It is at a pilgrim centre, a renowned musician, Anantha Krishnan Warrier comes to know about the unexpected arrival of his one-time great teacher, Raja Raja Varma, who is considered next to God only, when he visited the temple of Goddess Mookambika to offer his musical offerings. At that moment, his mind started the recollection of his past life.

After the demise of his parents, Anantha Krishnan is left to the care of his only uncle and he ultimately becomes a victim of hunger as well as poverty. In order to forget the suffering, he resorted to find solace in music.

One day Anatha Krishnan has set on his journey to the village of his selfchosen teacher. The priest of village temple and Marar help Anantha Krishnan not only to meet the teacher Raja Raja Varma but also to become his student.

Gradually, Anantha Krishnan happenes to meet the daughter of his teacher and love begins to overpower their minds. Anantha Krishnan is racked by mental agony because of his devotion to his teacher on one side and the repeated prayers of the daughter to speed up the bond of matrimony. The moment the teacher comes to know of the affair, immediately he dismisses Anantha Krishnan, who is forced to leave the place, even without meeting his beloved to bid farewell.

Anantha Krishnan rushes to Goddess Mookambika, where he spent his time singing hymns in praise of the deity. Then onwards he became a famous musician. Due to ill treatement by the father, the daughter became insane. Various tretments having failed to cure his daughter, the teacher finally reaches the temple of Goddess Mookambika with her. In her divine presence, Anantha Krishnan happened to see the pitiable and grief-stricken daughter of the teacher. The recollections of her past pleadings overpowered his mind and he accepted her, ignoring the marriage with another woman fixed for him. Mookambika was the witness to a strange marriage indeed.

शून्य थेके शुरू

बंगला/रंगीन/श्याम-श्वेत/127 मिनट
निर्माता: एच. दास/एम. मैत्रा/एम. दास। **निर्देशक/पटकथा लेखक:** अशोक विश्वनाथन। **मुख्य अभिनेता:** धृतिमान चटर्जी। **मुख्य अभिनेत्री:** ममता शंकर। **सह अभिनेता:** एम. विश्वनाथन। **सह अभिनेत्री:** ममता शंकर। **कैमरा मैन:** विवेक बनर्जी। **ध्वनि आलेखक:** चिन्माय नाथ। **संपादक:** महादेव शी। **कला निर्देशक:** मधुमंती मैत्रा/बुद्धदेव बोस। **वेशभूषा डिज़ाइनर:** अशोक विश्वनाथन। **संगीत निर्देशक:** दीपक चौधरी। **पार्श्व गायक:** रशीद हुसैन खान।

19वीं शताब्दी के सातवें दशक का अंतिम भाग पश्चिम बंगाल में अशांति और अनिश्चितता का काल था। डा. भीष्म देव शर्मा और सत्यजीत पायने नाम के दो शिक्षाविद् उस समय भूमिगत कार्यों में लगे हुए थे। वे क्रान्ति के सिद्धांत और व्यवहार की चर्चा करते हैं और इस आंदोलन में कूद पड़ते हैं। परन्तु इस आंदोलन को विफल कर दिया जाता है और डा. शर्मा को पुलिस के जुल्म सहने पड़ते हैं, न्यायिक कार्रवाई भुगतनी पड़ती है और उसे जेल हो जाती है।

जब डा. शर्मा को एक दशाब्दी से भी अधिक समय के बाद जेल से छोड़ा जाता है तो वह स्वयं की परछाई मात्र बन के रह जाता है और अब पूरी तरह से अकेला रह जाता है। शायद अब सत्यजीत पायने नहीं रहते और अब तक यह आंदोलन सौ हिस्सों में बंट गया होता है।

डा. शर्मा एक भिखारी की पोशाक में गांव और नगर में मारा-मारा फिरता है। एक दिन उसे समर गुप्ता पहचान लेता है जो कि उसका विश्वविद्यालय के दिनों में एक पुराना मित्र है। डा. शर्मा को गुप्ता अपने घर ले जाते है जहाँ नगर का शोर-शराबा झांकता तक नहीं और जहां सुंदर शिल्प तथ्यों, उपकरणों और रंगों से जादू की विस्मयकारी दुनिया नज़र आती है।

गुप्ता और उसकी पत्नी त्रिपति तथा उनकी बेटी प्रजना की देख-रेख में शर्मा धीरे-धीरे सामान्य हो जाते हैं। उसमें और गुप्ता में एक सहानुभूति विकसित होती है जो कि अपने ही द्वारा बनाए गए कारपोरेट साम्राज्य में घुटन महसूस करने लगता है।

प्रजना, जो कि अविवाहित लेखिका है, डा. शर्मा की ओर आकर्षित होती है। संस्मरण, वाद-विवाद और संबंध के इस अन्तः नाटक में, प्रजना अपने ही मस्तिष्क में, एक भाषान्तरकार तथा अन्वेषक की जटिल भूमिका निभाती है। वह अपनी प्रिय सहेली शर्मिला के साथ विचार-विमर्श करती है, जो कि अपने ही बारे में दूसरे पक्ष प्रस्तुत करती है। डा. शर्मा को एकल व्यक्ति पार्टी, उदयन के अयोचित प्रवेश से एक बार फिर मस्तिष्क व्यापार के लिए उकसाया जाता है।

तब डा. शर्मा बुरी तरह बीमार पड़ जाते हैं और उनकी दशा बिगड़ती चली जाती है। उसके बिस्तर के पास उसके परिवार के सदस्य, शर्मा, शर्मिला और अपूर्व दास गुप्ता हैं जो कभी प्रजना के बहुत निकट था।

डा. गुप्ता की मृत्यु के पश्चात् डा. शर्मा डाटा कलेक्टर के रूप में पार्ट टाइम करता है और नगर के बाहरी भाग में एक कमरे के मकान में रहने लगता है।

अपने प्रस्थान से पूर्व एक पार्टी में वह वर्तमान के खोखलेपन के मुकाबले अपने भूतकाल के ठोसपन से संतुष्ट होता है। शर्मा और प्रजना, दोनों ही उदासमन से अपने संबंधों की क्षणभंगुरता के बारे में पूरी तरह से जानकार हैं।

खालीपन में शर्मा के कमरे में इधर-उधर टहलते हुए, प्रजना को उसकी अंतरात्मा से यह महसूस होता है कि शर्मा अभी भी उसके साथ हैं। शायद वह अब युवा क्रांतिकारी उदयन के पास जाएगा। वह कई चीजों के बारे में ध्यान-मग्न होती है, जिससे उसे यह ख्याल भी आता है कि शर्मा को शून्य की वापसी से लेकर अभाव और अवसाद की आवश्यकता है।

SUNYA THEKE SURU

Bengali/Colour/Black & White/127 min. **Producers:** H. Das/M. Maitra/M. Das. **Director/Screenplay:** Ashoke Viswanathan. **Leading Actor:** Dhritiman Chatterjee. **Leading Actress:** Mamta Shankar. **Supporting Actor:** M. Viswanathan. **Supporting Actress:** Lily Chakraborty. **Cameraman:** Vivek Banerjee. **Audiographer:** Chinmoy Nath. **Editor:** Mahadeb Shi. **Art Director:** Madhumanti Maitra/Buddhadev Bose. **Costume Designer:** Ashoke Viswanathan. **Music Director:** Dipak Chowdhury. **Male Playback Singer:** Rashid Husain Khan.

The late 1960s, a period of turbulence and uncertainty in West Bengal. Dr. Bhishamdev Sharma and Satyajit Pyne, two academics, who are peripherally involved in the underground activity of the time, discuss theory and practice of revolution and plunge into the movement. But the movement is throttled and Dr. Sharma experiences police burtality, judicial apathy and jail.

When Dr. Sharma is released, more than a decade later, he is but a shadow of his former self, and he is completely alone. Satyajit Pyne is probably no more and the movement has split into a hundred factions.

Wandering in the countryside and in the city, Dr. Sharma is in the garb of a half-crazy beggar. One day he is recognised by Samar Gupta, an old friend from his university days. Dr. Sharma is installed in Gupta's house. Where the sounds of the city do not seep through and beautiful artefacts, appliances and colours create a mysterious world of magic.

Under Gupta's care, as also that of his wife. Tripti, and their daughter, Prajna, Sharma moves towards normalcy. An empathy grows between him and Gupta, who feels suffocated in the corporate empire of his own creation. Prajna, an unmarried authoress, feels drawn towards Dr. Sharma. In an interplay of reminiscences and debates and association, Prajna, assumes the complex role of an interpreter and investigator, all within her own mind. She interacts with her close friend, Sharmila, who in a sense, represents the other side of her own self.

Dr. Sharma is provoked once again into cerebration by the unannounced entry of Udayan, a one-man party.

Then Dr. Gupta falls critically ill and is sinking. At his bedside is his family, Sharma, Sharmila and one Apurba Dasgupta, who was once very close to Prajna.

After Dr. Gupta's death, Dr. Sharma secures a part-time job as a data-collector, and moves over to a one-roomed flat in the outskirts of the city.

At a party on the evening of his departure, he is convinced of the solidity of his past as contrasted with the hollowness of the present. Both Sharma and Prajna are acutely aware of the evanescence of their relationship with sadness.

Wandering in the emptiness of the room where Sharma had stayed, Prajana realizes that Sharma is still with her, at least in soul. Perhaps, he will go to Udayan, the young revolutionary. Her musings are many, including the one that Dr. Sharma needs a return to Zero–nothingness and sadness.

तिरूडा-तिरूडा

तमिल/रंगीन/170 मिनट
निर्माता: एस. श्रीराम **निर्देशक/पटकथा लेखक:** मणिरत्नम **मुख्य अभिनेता:** प्रशान्त। **मुख्य अभिनेत्री:** हीरा **सह अभिनेता:** एस. पी. बालासुब्रह्मण्यिन् **सह अभिनेत्री:** अनु अग्रवाल। **कैमरामैन:** पी.सी. श्रीराम **ध्वनि आलेखक:** श्रीधर। **संपादक:** सुरेश उर्स। **कला निर्देशक:** तोता थरानी **वेशभूषा डिज़ाइनर:** मालिनी श्रीराम। **संगीत निर्देशक:** ए. आर. रहमान। **गीतकार:** वैरा मुतु। **पार्श्व गायक:** मणो। **पार्श्व गायिका:** चित्रा **नृत्य संयोजन:** सुंदरम **विशेष प्रभाव सृजक:** सेतू

सरकार से संबंधित एक हजार करोड़ रुपए कम्प्यूटर प्रणाली द्वारा लगाए गए ताले के एक आयरन सेफ में रखे जाते हैं। इस सेफ को बम्बई से दक्षिण भारत को जाने वाली ट्रेन में रखा जाता है। रास्ते में ट्रेन में घात लगाकर इस आयरन सेफ को लूट लिया जाता है। यह सारा षड्यंत्र लंदन में रह रहे भारतीय, विक्रम द्वारा बम्बई में रहने वाले एक शिपिंग एजेंट अशोक चेलिया से मिलकर बनाया जाता है। वित्त मंत्री इस मामले को एक वरिष्ठ सी.बी.आई. अधिकारी लक्ष्मी नारायण को सौंपते हैं। चेलिया को पकड़ लिया जाता है। वह यह सूचना देता है कि चन्द्रलेखा नाम की औरत के पास कोर्ड नम्बर वाला कम्प्यूटर कार्ड है, जोकि इस आयरन सेफ को खोलने की चाबी है। चन्द्रलेखा, लक्ष्मीनारायण को चकमा देती है और चुपके से भाग जाती है।

अलगू, कादिर और रजती, जो लोगों की छोटी-छोटी सेफ़ तोड़ने जैसे बदनाम कामों में लगे रहते हैं, एक चलती ट्रेन में चढ़ते हैं। वे चंद्रलेखा से मिलते हैं। सी.बी.आई. का जत्था ट्रेन को रुकवाता है और जांच शुरू कराता है। परन्तु चन्द्रलेखा और उसके नए बने दोस्त एक घोड़ा-गाड़ी में भाग जाते हैं। सी.बी.आई. के अधिकारी उनका पीछा करते हैं परन्तु उन्हें सफलता नहीं मिलती।

विक्रम भारत में आ जाता है। वह अशोक को जेल से छुड़वाता है ओर उसे मार देता है। वह अपने आदमियों को साथ लेकर चन्द्रलेखा को ढूंढना शुरू करता है। वह उसे ढूंढ लेता है और उससे कम्प्यूटर कार्ड ले लेता है। अलगू, जो इस कार्ड का मूल्य जानता है, उसे बेवकूफ बनाता है और उसे चुरा लेता है। चन्द्रलेखा सी.बी.आई. को विक्रम की चालों से अवगत कराती है।

जब विक्रम आयरन सेफ को लेकर ट्रेन में जा रहा होता है तो सी.बी.आई. के अधिकारी, अलगू और कादिर उसके प्रयत्न को विफल कर देते हैं और रुपए-पैसे के साथ सेफ को अपने कब्जे में कर लेते हैं। विक्रम झड़प में मारा जाता है। रुपया-पैसा वित्त मंत्रालय को वापिस मिल जाता है।

THIRUDA THIRUDA

Tamil/Colour/170 min.
Producer: S. Sriram. **Director/ Screenplay:** Mani Ratnam. **Leading Actor:** Prashanth. **Leading Actress:** Heera. **Supporting Actor:** S.P. Balasubramaniam. **Supporting Actress:** Anu Agarwal. **Cameraman:**

P.C. Sreeram. **Audiographer**: Sridhar. **Editor**: Suresh Urs. **Art Director**: Thotaatharani. **Costume Designer**: Malini Sriram. **Music Director**: A.R. Rahman. **Lyricist**: Vaira Muthu. **Male Playback Singer**: Mano. **Female Playback Singer**: Chitra. **Choreographer**: Sundaram. **Special Effects Creator**: Sethu

One thousand crore rupees belonging to the Government are stocked in an iron safe with computerised locking system. It is loaded in a train leaving Bombay and proceeding to South India. The train is waylaid and the iron safe is taken away. The entire plot is engineered by Vikram, a London based Indian with the connivance of Ashok Chelliah, a shipping agent living in Bombay. The Finance Minister entrusts the case to Lakshminarayan a senior CBI Officer. Chelliah is arrested. He informs that one Chandralekha is in possession of the coded computer card, which is the key to open the iron safe. Chandralekha hoodwinks Lakshminarayan and escapes.

Alagu, Kadir and Rajathi who are all involved in nefarious activities like breaking small safes of individuals get into a running train. They meet Chandralekha. The CBI Squad stops the train and start checking. but Chandrlekha and her new-found friends escape in a horse-drawn cart. The CBI give them a hot chase in vain.

Vikram comes down to India. He gets Ashok released on bail and kills him. He starts out with his own men to track down Chandralekha. He locates her and takes the computer card from her. Alagu who knows the value of the card fools him and steals it. Chandralekha informs CBI about Vikram's movements.

When Vikram is going away in a train with the iron safe, CBI, Alagu and Kadir foil his attempts and get hold of the safe with money. Vikram is killed in the encounter. The money is restored to the Ministry of Finance.

उत्तरण

बंगला/ रंगीन/82 मिनट

निर्माता: राष्ट्रीय फ़िल्म विकास निगम- दूरदर्शन/ निर्देशन **संगीत :** संदीप राय, **कहानी, पटकथा:** सत्यजीत राय। **मुख्य अभिनेता:** सौमित्र चटर्जी। **मुख्य अभिनेता :** शीलालक्ष्मी मुंशी। **सह अभिनेता:** साप्र मेहर। **सह अभिनेत्री :** बीना, **बाल कलाकार :** प्रत्युश बनर्जी। **कैमरामैन :** वरुण अशोक बोस । **संपदक :** दुलाल दत्त। **ध्वनि आलेखक :** सुजीत कुमार। **मैकअप :** अनन्त दास। **वेशभूषा डिज़ाइनर :** लताराय । **संगीत निर्देशक :** संदीप राय।

उच्च वर्ग के रोगियों का उपचार करने वाले कलकत्ता के प्रतिभावान सामान्य चिकित्सक डॉ. निहार सेन गुप्ता को जमशेदपुर की रोटरी क्लब द्वारा भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया है। उनका एक बहुत पुराना दोस्त, जिससे वे पिछले दस वर्षों से नहीं मिले हैं, जमशेदपुर में रहता है और वे उससे मिलने की सोचते हैं।

सेन गुप्ता अपने चालक के साथ गाड़ी में निकलते हैं और राजमार्ग पर कार का टायर फट जाता है। जबकि टायर पलटा जा रहा था सेन गुप्ता को झाड़ियों के पीछे से कराहने की आवाज सुनाई देती है। उसकी उत्सुकता बढ़ जाती है और वे इधर-उधर देखकर पाते हैं कि एक किसान जमीन पर बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है जो स्पष्ट रूप से सांस लेने की बीमारी से ग्रस्त हैं। कोशिश करके सेन गुप्ता किसान से यह पता लगा लेते हैं कि वह पास के गाँव कोदाली का रहने वाला है। सेन गुप्ता अपना चालक को कोदाली भेजकर कुछ लोगों को लाने के लिए भेजते हैं ताकि बीमार व्यक्ति को घर पहुँचाया जा सके।

गाँव से चार व्यक्ति आकर बीमार व्यक्ति को पहचान कर बताते हैं कि वह हलधर है जिसे गांजे की लत है। ''मैं और देर यहाँ नहीं रूक सकता'', सेन गुप्ता ने कहा। ''तुम इसके इलाज के लिए डाक्टर को बुलाओ। उनमें से एक बूढ़े किसान ने कहा'' श्रीमान इसे डाक्टर की आवश्यकता नहीं है। इसे इसी प्रकार की बीमारी चार वर्ष पहले भी हुई थी। दवाईयां इस पर असर नहीं करती है। अंत में इसे ओझा ने ठीक किया था।''

सेन गुप्ता अपनी यात्रा पर चल पड़ते है। चालक कहता है कि जब वह लड़का था उसने एक ओझा को इलाज करते देखा है। वे रोगियों का इलाज बड़ी निर्दयता से करते हैं। सेन गुप्ता कुछ देर सोचकर चालक से गाड़ी को कोदाली गांव को वापिस लौटाने के लिए कहते हैं।

जब झाड़-फूंक चल रही होती है तब डाक्टर साहब पहुंचते हैं। इस दृश्य को देखकर डॉक्टर साहब विचलित हो जाते हैं और हस्तक्षेप करके उसे रुकवा देते हैं। ''हलधर को तुरंत उसके कमरे में ले जाओ।''

कमरे में सेन गुप्ता किसान को साँस लेने में फायदे के लिए सुई लगाते हैं। इसमें उनकी सहायता एक किशोर विधवा करती है जो किसान की बेटी मानसी है।

''क्या मेरे पिता जीवित रहेंगे'' मानसी पूछती है। ''यदि वे जीवित नहीं भी रहते तो मैं तुम्हारे भाई के भविष्य के लिए प्रबंध करूंगा। तुम दोनों कलकत्ता आ जाओ और मैं कोशिश करूंगा कि थोड़े समय पश्चात् तुम नर्स बन जाओगी। इस सबका खर्च मैं उठाऊँगा।'' अब सेन गुप्ता अपनी यात्रा जारी रखने के लिए कहते हैं।

''रात में यदि कुछ हो गया तो क्या करेंगे?'' मानसी पूछती है। ''जिस भी कार्य की जरूरत पड़ेगी उसे करने की तुम्हारे में शक्ति है'' डाक्टर ने उत्तर दिया। मानसी ने अनिच्छा से डाक्टर को विदा किया।

जमशेदपुर में, किसान का इलाज करके समय बर्बाद करने पर सेन गुप्ता को उनके मित्र ने लताड़ा। ढ़ाई बजे प्रात: अतिथि कक्ष में अपने मित्र को नोट लिखते हैं कि उन्हें यह अहसास हो गया है कि उन्होंने जीवन में कभी कोई अच्छा काम नहीं किया हैं। मुझे अच्छा कार्य करने का एक अवसर मिल गया है और कल दस बजे मैं वापिस आऊंगा।

पौ फटने के समय सेन गुप्ता कोदाली पहुँचते है। वे किसान का दरवाजा खटखटाते हैं और मानसी दरवाजा खोलती है। अरे आप, डाक्टर साहब? मुझे झपकी आ गई थी, मुझे अफसोस है। दोनों कमरे के भीतर जाते हैं। किसान मरा पड़ा है। 'हमने आपको बहुत तकलीफ दी है'' मानसी कहती है। कृपया क्षमा करें। सेन गुप्ता मानसी की ओर मुड़कर कहते हैं ''तुम कल्पना नहीं कर सकतीं कि कितना परिवर्तन तुमने मुझ में ला दिया है। मैं अब एक नया आदमी हो गया हूं। तभी सूरज उगता हैं।''

UTTORAN

Bengali/colour/82 min
Producer: NFDC-DOORDARSHAN **Director** : Sandip Ray. **Story/ Screenplay**: Satyajit Ray. **Leading Actor**:Soumitra Chatterjee. **Leading Actress**: Subhalakshmi Munsi. **Supporting Actor**: Sadhu Meher. **Supporting Actress**: Bing **Child Artist**: Pratyush Banerjee.**Cameraman**: Barun Raha **Art Director** Ashok Bose **Editor**: Dulal Dutt. **Audiographer** : Sujit Kumar. **Make-up**: Ananta Das. **Costume Designers** : Lalita Ray. **Music Director**: Sandip Ray Lahiri, Subhalakshmi Munshi.

"Dr. Nihar Sen Gupta, a brilliant General Practitioner of Calcutta, treating only upper class patients, is invited by the Rotary Club of Jamshedpur to give a talk. An old friend of his, whom he has not seen for the last ten years lives in Jamshedpur and he hopes to meet him.

"Sen Gupta sets out in his chauffeur-driven car and has a flat tyre on the highway. While a new tyre is being put in, Sen Gupta hears a growing sound from behind a bush. His curiosity aroused, he investigates and finds a peasant lying on the ground in a comatose state and obviously suffering from great breathing trouble. With effort, Sen Gupta extracts from the man that he belongs to the nearby village of Kodali, Sen Gupta sends his driver in the car to Kodali to bring some men, who could carry the sick man home.

"Four men arrive from the village and identitfy the man as Haladhar, who is addicted to *ganja* "I can't stay any longer" say Sen Gupta. "You get a doctor to treat him." One of the elderly peasants says, "Sir, he doesn't need a doctor. He had the same kind of disease four years ago. Medicines didn't work. Finally he was cured by a witch doctor."

"Sen Gupta continues on the journey. The driver remarks that as a boy he had seen a witch-doctor at work. "They treat the patients mercilessly." Sen Gupta has second thoughts and asks to be driven back to the village of Kodali.

"The doctor arrives when the exorcism is in progress. The sight effects him so much that he intervenes and stops the proceedings. "Haladhar must be taken to his room at once"

In the room, Sen Gupta gives the peasant an injection to ease his breathing. He is helped by a teenage widow, who turns out to be the peasant's daughter, Manashi.

"Will my father live?" asks Manashi. Even if he does not live, I shall fend for you and your brother's future. Both of you can come to Calcutta and I will see to it that you will become a nurse in course of time. I shall bear the cost myself". Now Sen Gupta says he must continue his journey.

What if something happens during the night?" asks Manashi. "You have the strength to do what will be needed." replies the Doctor. Manashi bids a reluctant goodbye.

"In Jamshedpur, Sen Gupta is reprimanded by his friend for wasting his time treating a peasant. At 2.30 a.m. in the guest room, Sen Gupta writes a note to his friend to say that he has realised that he had never done a good deed. "I have found an opportunity to do one and I shall be back by ten tomorrow."

"Sen Gupta arrives in Kodali at crack of dawn. He knocks on the peasant's door. It is opened by Manashi. "It's you. doctor sahib? I had dozed off, I am sorry!" The two enter the room. The peasant lies dead.

"We've given you so much trouble" says Manashi. "Please forgive." Sen Gupta turns to Manshi "You can't imagine what a change you've brought in me." He adds: "I'm a new man now." The sun just then rises!"

विधेयन

मलयालम/रंगीन/112 मिनट
निर्माता: के रवि। **निर्देशक/पटकथा लेखक:** अडूर गोपालाकृष्णन। **मुख्य अभिनेता:** मम्मूटी, एन. आर. गोपकुमार। **मुख्य अभिनेत्री:** सविता आनन्द, तनवी आज़मी। **कैमरा मैन:** एम. सी. रवि वर्मा। **ध्वनि आलेखन:** पी. देवदास, टी. कृष्णानुन्नी **संपादक:** एम मणि। **कला निर्देशक:** एन शिवन **वेशभूषा डिज़ाइनर:** अडूर गोपालाकृष्णन।

फ़िल्म में टोमी की विनाशक जीवन-प्रक्रिया का उल्लेख किया गया है, जो पास के दक्षिण कर्नाटक में बस गया एक साधारण और भोला-भाला केरल का मजदूर प्रवासी है, जिस का जीवन एक भ्रष्ट सनकी और दुष्ट जमींदार भास्कर पाटेलर के साथ विकट रुप में उलझ जाता है। टोमी का उसे "न" न कह सकना, जबकि उसे ऐसा कहना चाहिए था, उसे पाटेलर के आगे पूरी तरह समर्पण करने के लिए मजबूर कर देता है।

टोमी और उसकी पत्नी ओमना वहां बस जाने के लिए आते हैं और जोताई के लिए जंगल की कुछ एकड़ भूमि को अवैध रुप में हथिया लेते हैं। अचानक एक दिन टोमी, भास्कर पाटेलर के सामने पड़ जाता है, जो कि परम्परागत पटेल परिवार में पैदा होने के कारण पटेल के रुप में सम्मानित है। किसी समय पटेल कर वसूल करते थे और कानून लागू करते थे। यह दोस्तोवस्की श्रेणी की कहानी की पृष्ठभूमि है।

पाटेलर, टोमी को डराता-धमकाता है और उसकी पत्नी का बलात्कार करता है। पाटेलर द्वारा टोमी पर जो घोर अत्याचार किए जाते हैं, वे उसके लिए असहनीय बन जाते हैं। गुस्सा आना स्वाभाविक है, परन्तु जीवित रहने की मजबूरी उसे असहाय और विनम्र बना देती है। धीरे-धीरे टोमी, पाटेलर द्वारा किए जाने वाले जुर्म का साथी बन जाता है।

पाटेलर, अपनी पत्नी सरोजा से छुटकारा पाना चाहता है, जो हमेशा उसे सचेत करती रहती है और उस पर नज़र रखती है। टोमी को विश्वास में लेकर, वह उसे मारने की योजना बनाता है। परन्तु यह योजना विफल हो जाती है और इस गड़बड़ी में टोमी बुरी तरह जख्मी हो जाता है।

पाटेलर मंदिर के घाट पर पवित्र मछली समूह पर डाइनेमाइट लगाने की योजना बनाता है। परन्तु डाइनेमाइट नहीं फटता। एक और दिन, पाटेलर एक धनी व्यापारी यूसफ पिचा पर हमला करता है और उसे सड़क के किनारे अधमरा छोड़ देता है। कुट्टाप्पराई के पुत्र और उसकी नौजवान दुल्हन के साथ हुई एक अन्य घटना पाटेलर के शांतप्रिय विरोधियों के सम्मिलित क्रोध को भड़काने का काम करती है। यूसफ पिचा और कुट्टाप्पाराई मिलकर पाटेलर को सबक सिखाने का षड़यंत्र रचते हैं परन्तु उसे मामूली चोटें आती हैं और वह बच जाता है।

अंत में पाटेलर अपनी पत्नी सरोजा का गला दबाकर मार देता है। उसकी मौत को आत्महत्या के मामले मे बदलने की उसकी चाल सफल नहीं होती और पाटेलर भूमिगत हो जाता है। उसका भतीजा उसका अतिथि सत्कार करने के लिए मना कर देता है। पालेटर और टोमी किसी निर्जन स्थान में शरण लेते हैं। वहां एक दिन पाटेलर की प्रतिशोध देवी से भेंट होती है, जिससे उसका बचना मुश्किल था।

टोमी गहरे दुख को सहन करके स्वयं को संभालता है। वह मृत पाटेलर की दृढ़ मुट्ठी में जकड़ी हुई बन्दूक को छीन लेता है और उसे एक गहरे झरने में फैंक देता है।

VIDHEYAN

Malayalam/Colour/112 min.
Producer: K. Ravi. **Director/ Screenplay:** Adoor Gopalakrishnan. **Leading Actors:** Mammootty, N.R. Gopakumar. **Leading Actresses:** Sabita Anand, Tanvi Azmi. **Cameraman:** M.C. Ravi Varma. **Audiographer:** P. Devadas/T. Krishnanunny. **Editor:** M Mani. **Art Director:** N. Sivan. **Costume Designer:** Adoor Gopalakrishanan.

The film traces the fateful course of life of Tommi, a simple and innocent migrant labourer from Kerala in neigbouring South Karnataka, whose life gets inextricably entangled with that of Bhaskara Patelar, a degenerate, whimsical, diabolic landlord. Tommi's inability to say "No" when he should have said it inevitably leads to his total submission and surrender to Patelar.

Tommi and his wife, Omana, arrived as settlers and managed to illegally fence off a couple of acres of jungle land for cultivation. It is by sheer accident that Tommi happened to stray before Bhaskara Patelar, who is revered and feared as a Patel, by virtue of his being born into the traditional Patel family. (Patels at one time used to collect taxes and enforce laws). This is the background of the story with a Doestoveskian range.

Patelar terrorises Tommi into total submission and rapes his wife. The terrible humiliation Tommi suffers at the hands of Patelar is too much for him to bear. The anger is natural, but the need to live makes him meek and submissive. Eventually, Tommi becomes Patelar's accomplice in the crimes he commits.

Patelar decides to do away with his wife Saroja, who is always cautioning him or keeping a watch on him. Taking Tommi into confidence, Patelar hatches a plot to kill her. But the plan misfires and Tommi gets badly wounded in the middle.

Patelar plans to dynamite the horde of holy fish at the temple ghat. But the dynamites fail to explode. Another day, Patelar assaults Yusoof Picha, a wealthy trader and leaves him near dead on the roadside.

Another incident involving Kuttapparai's son and his young bride ignite the combined wrath of Patelar's many peace-loving adversaries. Yusoof Picha and Kuttapparai plot together to bump off Patelar but he escapes with minor injuries.

Patelar finally throttles his wife, Saroja. The attempt to fake the death as a case of suicide fails and Patelar goes underground. A nephew of his refuses hospitality. Patelar and Tommi set out to take refuge in the wilderness. There Patelar meets with his inescapable nemesis one day.

Tommi is overcome by grief, but regains his self. He takes away the gun from the firm grip of the dead Patelar and throws in into the wild water fall.

वो छोकरी

हिंदी/रंगीन/150 मिनट

निर्माता : राष्ट्रीय फ़िल्म विकास निगम-दूरदर्शन। **निर्देशक/पटकथा:** शुभांकर घोष। **मुख्य अभिनेत्री :** पल्लवी जोशी। **सह अभिनेता :** परेश रावल/ओम पुरी। **सह अभिनेत्री :** नीना गुप्ता। **बाल कलाकार:** योगिता चड्ढा। **कैमरामैन :** मलय दास गुप्ता। **ध्वनि आलेखक :** समीर एस. राय। **संपादक :** दीपक कपूर। **कला निर्देशक :** अजीत दांडेकर। **वेशभूषा डिज़ाइनर :** सोमा घोष। **संगीत निर्देशक:** सपन जगमोहन।

''छोकरी'' की उम्र 18 और 25 के बीच कुछ भी रही होगी परन्तु हर आदमी उसे ''वो छोकरी'' के नाम से पुकारता था। उसका एक नाम था, परन्तु कोई भी उसके नाम को नहीं जानता था। तीन नटखट छोकरे-दुखु, पाल्टन और पंचु उसे ''दुनु दीदी'' कहते थे।

वह, टोनी नाम के एक लंगड़े कुत्ते के साथ हावड़ा रेलवे स्टेशन के साथ एक पुराने और बेकार पड़े हुए वेगन में रहती थी। तीनों छोकरे उसकी देखभाल करते थे। कुली उसे ''चाहते'' थे परन्तु वह उन्हें भगा देती थी।

वह वहाँ मुख्य तौर पर किसी खास चेहरे को देखने के लिए रहती थी और वह हर रोज़ अपने पिता दिनेश राय की खोज में अधेड़ उम्र के यात्रियों के चेहरे पहचाना करती थी। उसके पिता ने उसकी माँ गीता से विवाह किया था। यह बात उसे तब पता चली जब एक दिन मुख्याध्यापिका ने उसे भविष्य में स्कूल आने के लिए मना कर दिया। यह घटना उनके पिता द्वारा उन्हें छोड़ कर नागपुर में

पार्टी की बैठक में भाग लेने के लिए चले जाने के दो महीने बाद हुई। तुरंत उनकी प्रतिष्ठा, उनका सम्मान तथा सुरक्षा खत्म हो गई। बाद में मां-बेटी को पता चला कि दिनेश ने उन्हें धोखा दिया है जो उन्हें हमेशा के लिए छोड़ कर चला गया है। परन्तु दुनु को अपने पिता की प्यार भरी यादें और उनका ''अप्सरा'' कह कर उसे पुकारना कभी नहीं भूला। उसकी माँ गीता ने कुछ समय तक घरेलू नौकरानी के रूप में काम किया। जल्दी ही उसने घटिया शराब बेचने और पुरानतम पेशे को अपना लिया।

दो वर्ष बाद गीता ने दिनेश को दिल्ली में ढूंढ लिया जहाँ वह एक राजनीतिज्ञ बन गया था। वह उससे मिली परन्तु वह कुछ दिनों के बाद लौट आई। उसे बेहोशी की दवा पिला कर, बिना टिकट गाड़ी में बैठा दिया गया। वह हर तरह से बेहाल कलकत्ता वापिस लौटी। कुछ दिनों के बाद बस्ती के एक कमरे में गीता की हत्या हो गई।

दुनु अब अकेली रह गई थी। एक अधेड़ उम्र के विधुर अनादि मित्रा ने हर तरह से उसकी देख भाल करने की जिम्मेदारी ली। कुछ महीने बाद हृदय गति रूक जाने से उसकी मृत्यु हो गई। एक बार फिर उसकी सुरक्षा खतरे में पड़ गई। परन्तु उसने अपने पिता को मिलने की उम्मीद नहीं छोड़ी। चूंकि वह एक नेता है, इसलिए उसे उम्मीद थी कि वह एक दिन कलकत्ता जरूर आएगा और जब वह उसे ढूंढ लेगी तो वह अवश्य ही उसकी रक्षा करेगा। वह ऐसा सोचती थी।

एक दिन उसका निराशाजनक सपना पूरा हो गया। उसने अपने पिता का फोटो एक समाचार पत्र में देखा और पढ़ा कि वह एक सम्मेलन को संबोधित करने के लिए कलकत्ता आएगा। वह तीन छोकरों के साथ प्लेटफार्म पर उसका इन्तजार करती रही। गाड़ी आई। बहुत से लोग उसका इंतजार कर रहे थे। उन्होंने उसे हार पहनाए और एक कार में उसे लेकर चले गए। उसने उसके पास पहुंचने की बड़ी कोशिश की परन्तु भीड़ के कारण उसके पास न पहुंच सकी।

फिर भी, वह तीनों छोकरों के साथ बैठक स्थान, महाजती हाल में पहुंच गई। हाल खचाखच भरा हुआ था परन्तु उसे मंच के पास नहीं जाने दिया गया। उसने काफी इंतजार किया। अंत में उसके पिता दिनेश वहां आए लोगों ने तालियाँ बजाई। उन्हें मंच पर ले जाया गया। उसने उन्हें जोर-जोर से पुकारा। परन्तु स्वैच्छिक कार्यकताओं और पुलिस ने उसे बाहर कर दिया। दिनेश एकता और चरित्र पर भाषण दिए जा रहा था जबकि उनकी

बेटी "अप्सरा" उर्फ "टुनु" उर्फ "वो छोकरी" को तीन छोकरों के साथ शांति भंग करने के जुर्म में जेल में बंद कर दिया गया।

WOH CHHOKRI

Hindi/Colour/150 min
Producers: NFDC-DOORDARSHAN **Director/Screenplay:** Subhankar Ghosh. **Leading Actress** Pallavi Joshi. **Supporting Actor:** Paresh Rawal/ OmPuri. **Supporing Actress:** Neena Gupta. **Child Artist:** Yogita Chedda **Cameraman:** Moloy Dasgupta. **Audiographer:** Sameer S Ray. **Editor:** Deepak Kapoor. **Art Director:** Ajit Dandekar. **Costume Designer** Soma Ghosh. **Music Director:** Sapan Jagmohan.

The "chhokri's" age was anything between 18 to 25 but all called her "Woh Chhokri". She had a name, but none knew that. The three urchins, Kukhu, Paltan and Panchu called her "Tunu Didi."

She stayed in an old abandoned wagon in the siding of Howrah Railway Station, along with a lame dog, named Tommy. The three urchins looked after her. The coolies "wanted" her, but she chased them away.

She lived mainly to see a particular face and everyday she scrutinised the faces of the middle-aged passengers to discover her father, Dinesh Roy. Her father had not married her mother, Geeta. This revelation came to her one day, when the headmistress prohibited her from attending the school any more. This had happened two months after her father had left for a party meeting in Nagpur and abandoned them. Soon, they lost their status, respectability and security. Later, the mother and daughter came to know that Dinesh had ditched them and disappeared for good. But Tunu had affectionate memories of her father and his calling her, "Apsara." Geeta, her mother, worked as a household maid for a while. Soon she took to cheap liquor and to the oldest profession.

